RNI NO.: 54818-92 REG. NO-MH/MR/North East/317/2014-16


मुंबई, पुणे और नाशिक से एक साथ प्रकाशित

# हमारा महानगर

https://www.hamaramahanagar.net | वर्ष 34 ■ अंक 62 ■ मुंबई, रविवार 28 सितंबर 2025 ■ पेज 10 ■ मूल्य : ₹ 5.00 | संरक्षक : आरएन सिंह

**शारदीय नवरात्रि सातवां दिन**

मां कालरात्रि



पूजा मंत्र :
'ॐ ऐं ह्रीं क्लीं कालरात्र्यै नमः'।

पेज-8



आपसी जरूरतों पर आधारित पाक-सऊदी संबंध

पेज-4



ध्वजारोहण कार्यक्रम में कई किलोमीटर दूर से जगमगाता दिखेगा राम मंदिर

पेज-6




क्रिकेट इतिहास में अभी तक फाइनल में 5 बार भिड़े हैं भारत और पाकिस्तान

पेज-9

## Short News एक नजर

### पंजाब सरकार को नहीं मिलेगा 1600 करोड़ का पैकेज

**पंजाब।** केंद्रीय राज्य मंत्री बी.एल. वर्मा ने शनिवार को कहा है कि पंजाब के लिए घोषित 1600 करोड़ रुपए का राहत पैकेज सीधे किसानों के खातों में भेजा जाएगा, राज्य सरकार को नहीं। उन्होंने बताया कि जैसे ही गिरदावरी (फसल के नुकसान का सर्वे) पूरा होगा, पैसा किसानों को मिल जाएगा। अगर जरूरत पड़ी, तो अतिरिक्त मदद भी दी जाएगी। ये राहत पैकेज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बाढ़ से प्रभावित इलाकों का दौरा करने के बाद घोषित किया था। लेकिन पंजाब सरकार ने कहा है कि यह रकम बहुत कम है और इससे किसानों की पूरी मदद नहीं हो पाएगी।

### मेरठ में भाजपा नेता की हत्या

**मेरठ।** मेरठ के किठौर थानाक्षेत्र में गांव भदोली में भाजपा युवा मोर्चा के महामंत्री और बीडीसी सदस्य प्रमोद कुमार भड़ाना की गोली मारकर हत्या कर दी गई। बताया गया कि वारदात को अंजाम गांव के ही रॉबिन गुर्जर ने दिया। प्रमोद सुबह खेत में चारा लेने गए थे, तभी उन पर जानलेवा हमला हुआ। प्रमोद को गोली लगने के बाद ग्राम प्रधान सतीश अपनी कार से उन्हें डॉक्टर के पास ले जा रहे थे। रास्ते में आरोपी ने ग्राम प्रधान की कार पर भी फायरिंग कर दी। गंभीर हालत में प्रमोद को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस वारदात से गांव में गम और गुस्से का माहौल है।

### हिंसा हुई तो मुस्लिम संगठन जिम्मेदार होंगे!

**नई दिल्ली।** वक्फ कानून में संशोधन के खिलाफ मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड और कई मुस्लिम संगठनों द्वारा 3 अक्टूबर को बुलाए गए देशव्यापी आंदोलन और बंद को लेकर विश्व हिंदू परिषद (VHP) ने गंभीर चिंता जताई है। वीएचपी के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार ने प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि यह आंदोलन देश की शांति और कानून व्यवस्था को चुनौती देने वाला साबित हो सकता है। वीएचपी ने कहा कि आश्चर्य इस बात पर है कि सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ कानून पर अभी केवल अंतरिम आदेश दिया है, जिसे खुद मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड और जमीयत उलेमा ने स्वागत योग्य माना था। ऐसे में अंतिम फैसले का इंतजार किए बिना इस तरह का आंदोलन शुरू करना पूरी तरह अनुचित है।

### 'UNSC में भारत को परमानेंट मेंबरशिप मिले'

**नई दिल्ली।** भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर शुक्रवार देर रात न्यूयॉर्क में BRICS देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में शामिल हुए। यहां उन्होंने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (UNSC) में सुधार और भारत की स्थायी सदस्यता की मांग उठाई। जयशंकर ने कहा कि जब दुनिया में सहयोग कमजोर पड़ रहा है, तब BRICS देश एक मजबूत और सकारात्मक आवाज बनकर उभरे हैं। उन्होंने वैश्विक शांति, कूटनीति और अंतरराष्ट्रीय नियमों के पालन पर जोर दिया।

# भारत-पाकिस्तान में 'फाइनल जंग'

## 41 साल में पहली बार ऐसा फाइनल

## चार फैक्टर्स तय करेंगे रिजल्ट

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**



भारत और पाकिस्तान 41 साल में पहली बार एशिया कप के फाइनल में आमने-सामने होने जा रहे हैं। ग्रुप और सुपर-4 स्टेज में टीम इंडिया ने एकतरफा अंदाज में पाकिस्तान को हराया था। दोनों मैच दुबई में खेले गए, अब फाइनल भी दुबई में ही रविवार को होगा। फॉर्म और रिदम के लिहाज से टीम इंडिया इस समय पाकिस्तान से काफी आगे नजर आ रही है। हालांकि, पाकिस्तान की टीम में भी उत्साह और विश्वास की कमी नहीं होगी। भारत से दो मैच हारने के बावजूद पाकिस्तान ने अच्छी वापसी की और बांग्लादेश और श्रीलंका को हराकर फाइनल का टिकट हासिल कर लिया था। फाइनल की पूर्व संध्या पर दोनों टीमों के कप्तानों ने फोटो सेशन नही किया, जबकि एशियन क्रिकेट काउंसिल (ACC) के प्रेसिडेंट मोहसिन नकवी ने एक बयान में कहा, मैं एक शानदार फाइनल मैच देखने के लिए उत्साहित हूं और विजेता टीम को ट्रॉफी सौंपने के लिए उत्सुक हूं.' यह देखना दिलचस्प होगा कि मैच के बाद ट्रॉफी सेरेमनी में भारतीय टीम उनकी उपस्थिति पर कैसी प्रतिक्रिया देती है। चूंकि भारतीय टीम पाकिस्तान के साथ 'नो हैंडशेक' नीति पर कायम है, इसलिए यह बहुत कम संभावना है कि बीसीसीआई अपने खिलाड़ियों को पीसीबी प्रमुख मोहसिन के साथ बातचीत करने की अनुमति देगा। इधर दूसरी तरफ भारतीय टीम कोई दावा नहीं किया गया है, लेकिन पाकिस्तान के कप्तान ने अपने बड़बोले अंदाज में कहा- इंशाल्लाह ट्राफी पर हमारी नजर है। फाइनल के बाद दोनों टीमों को बर्ताव किस तरह का होगा इसे देखने के लिए पूरी दुनिया की नजर टिकी है।

### शाहीन शाह अफरीदी VS अभिषेक शर्मा

शाहीन शाह अफरीदी और हारिस रऊफ के रूप में पाकिस्तान के पास 2 मजबूत तेज गेंदबाज हैं। दोनों के नाम टूर्नामेंट में 9-9 विकेट हैं। हारिस ने 4 ही मैच में इतने विकेट झटक लिए, वहीं शाहीन ने 6 मुकाबले खेले हैं। शाहीन नई गेंद से पारी की शुरुआत करते हैं और ओपनिंग बैटर्स को आउट कर विपक्षी टीम पर दबाव बनाते हैं। इस फाइनल मैच में शाहीन अफरीदी की तेज गेंदों और अभिषेक शर्मा के बल्ले के बीच होने वाली रोमांचक टक्कर को देखने के लिए दुनिया का हर क्रिकेट प्रेम बेताब है। पाकिस्तान की पूरी कोशिश है कि वह शुरूआती ओवरों में ही अभिषेक को चलता कर दे।

### भारत की ओपनिंग जोड़ी

भारत की ओपनिंग जोड़ी अपने दम पर पाकिस्तान से मैच छीनने का दम रखती है। अभिषेक शर्मा बेहतरीन फॉर्म में हैं और सुपर-4 स्टेज में लगातार 3 फिफ्टी लगा चुके हैं। वे टूर्नामेंट के टॉप रन स्कोरर हैं और 200 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से रन बना रहे हैं।
अभिषेक एक एंड पर तेजी से रन बनाते हैं, वहीं दूसरे एंड पर शुभमन गिल संभलकर पारी आगे बढ़ाते हैं। वे टिककर रन बनाते हैं। दोनों पाकिस्तान के खिलाफ सेंचुरी पार्टनरशिप भी कर चुके हैं। एशिया कप के 6 मुकाबलों में दोनों ने 45 से ज्यादा की औसत से 273 रन जोड़े हैं। दोनों फाइनल में टिक गए तो पावरप्ले में ही स्कोर तेजी से 80 के करीब पहुंचा देंगे। दुबई की लो-स्कोरिंग पिच को देखते हुए यह स्कोर टर्निंग पॉइंट साबित हो सकता है।

### भारत की स्पिन तिकड़ी

भारत का स्पिन डिपार्टमेंट भी पाकिस्तान के लिए मुश्किलें खड़ी कर सकता है। कुलदीप यादव 6 ही मुकाबलों में 12 विकेट लेकर टूर्नामेंट के टॉप बॉलर हैं। वहीं वरुण चक्रवर्ती और अक्षर पटेल ने 4-4 विकेट लिए हैं। दोनों की इकोनॉमी 6.20 से कम ही रहती है। कुलदीप पाकिस्तान के खिलाफ हर मुकाबले में एक न एक विकेट तो जरूर लेते हैं। वे मौजूदा टूर्नामेंट में भी टीम के खिलाफ 4 विकेट ले चुके हैं। पाकिस्तानी बैटर्स को कुलदीप और वरुण की स्पिन समझने में बहुत परेशानी हुई है।

पीएम मोदी ने दी बड़ी सौगात

# देश भर में 'स्वदेशी' 4G सर्विस लॉन्च




**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

पीएम मोदी ने देश को बड़ी सौगात देते हुए BSNL की 4G सर्विस लॉन्च की है। भारत संचार निगम लिमिटेड की 4G सर्विस अब पूरे देश के हर राज्य में पहुंच गई है। इससे पहले BSNL की 4G सर्विस देश के अलग-अलग टेलीकॉम सर्किल में लॉन्च हुई थी। बीएसएनएल के 4G नेटवर्क को एक साथ 98 हजार साइट पर रोल आउट किया गया है। BSNL की 4G सर्विस के आधिकारिक लॉन्च होने से अब सभी टेलीकॉम कंपनी 4G नेटवर्क से लैस हो गए हैं। BSNL का 4G नेटवर्क पूरी तरह से स्वदेशी तकनीक पर बेस्ड है। सरकार का कहना है कि भारत संचार निगम लिमिटेड की 4G सर्विस के लिए सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर को भारत में ही डेवलप किया गया है। इस मामले में अब भारत दुनिया के टॉप 5 देशों में शामिल हो गया है, जहां स्वदेशी तकनीक पर 4G नेटवर्क काम कर रहा है।

### 98 हजार साइट हुई लाइव

पीएम मोदी ने ओडिशा के झारसुगुड़ा से अन्य परियोजनाओं की भी घोषणा की है। BSNL इसके अलावा अपने 5G सर्विस पर भी काम कर रही है। साल के आखिर तक सरकारी टेलीकॉम कंपनी दिल्ली और मुंबई जैसे महानगरों में 5G सर्विस रोल आउट कर सकती है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने इस बात की जानकारी दी है। 26 सितंबर को BSNL के 25 साल पूरे हुए हैं। इस मौके पर केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने BSNL के 98 हजार 4G/5G मोबाइल टावर लगाए जाने की बात कही थी। कंपनी आने वाले समय में 97,500 और नए मोबाइल टावर लगाएगी ताकि यूजर्स को बेहतर कनेक्टिविटी मिल सके।

# रैली में भगदड़, 31 की मौत



**महानगर नेटवर्क**
**करूर**

तमिलनाडु के करूर में एक्टर विजय की रैली में हुई भगदड़ के दौरान मरने वालों का आंकड़ा बढ़कर 31 हो गया है। मृतकों में छह बच्चे, नौ पुरुष और 16 महिलाएं शामिल हैं। तमिलनाडु के स्वास्थ्य मंत्री ने यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि 40 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। टीवीके (तमिलगा वेट्री कज़गम) प्रमुख और अभिनेता विजय ने नामक्कल में यह रैली आयोजित की थी। तमिलनाडु के करूर हॉस्पिटल में हालात बहुत ज्यादा खराब हैं। मरने वालों में दो बच्चे भी हैं। बताया जाता है कि इस रैली में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे। भीड़ इतनी ज्यादा बढ़ गई थी कि वहां पर हालात बिगड़ गए। इस घटना पर पीएम और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन दुख व्यक्त किया है।

# योगी बोले-मौलाना भूल गया किसका शासन है

## ऐसा सबक सिखाएंगे, तुम्हारी पीढ़ियां दंगे करना भूल जाएंगी; तौकीर रजा गिरफ्तार

**महानगर नेटवर्क**
**लखनऊ**



UP के बरेली में जुमे पर 'आई लव मोहम्मद' को लेकर बवाल के बाद पुलिस एक्शन मोड में आ गई है। इत्तेहादे मिल्लत काउंसिल के अध्यक्ष मौलाना तौकीर रजा समेत 8 लोगों को बरेली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। 39 लोगों को हिरासत में लिया है। मौलाना को 14 दिन के लिए जेल भेज दिया गया है। इसके अलावा, 2000 अज्ञात लोगों पर 5 थानों में मुकदमे दर्ज किए हैं। वहीं, 10 मुकदमों में 7 में तौकीर रजा का नाम है।
इधर, CM योगी ने एक कार्यक्रम में कहा- 'मौलाना भूल गया कि शासन किसका है। वो मानता था कि धमकी देंगे और जबरदस्ती जाम कर देंगे। हमने कहा कि जाम नहीं होगा। कर्फ्यू भी नहीं लगने देंगे। ऐसा सबक सिखाएंगे कि तुम्हारी आने वाली पीढ़ियां दंगे करना भूल जाएंगी।' श्रावस्ती में आयोजित एक जनसभा में शनिवार को सीएम योगी ने कहा कि हमने हर समुदाय, हर जाति के कल्याण के लिए काम किया। अनुसूचित जाति, पिछड़ी जाति सभी को सम्मान दिया। सबका साथ, सबका विकास हमारा मंत्र है। इसके बाद भी कुछ लोगों को विकास अच्छा नहीं लगता। वे तालिबानी व्यवस्था और दारुल इस्लाम में विश्वास करते हैं। मैं उन्हें कहता हूं, ऐसी व्यवस्था जन्नत में भी पूरी नहीं होगी, इसके लिए पहले जहन्नुम जाना पड़ेगा।

### I Love Muhammad विवाद कानपुर से शुरू हुआ था

विवाद कानपुर में 4 सितंबर से शुरू हुआ। बारावफात (ईद मिलाद-उन्नबी) के जुलूस के दौरान एक समूह ने 'I Love Muhammad' लिखा एक बैनर/लाइटबोर्ड जुलूस मार्ग पर लगाया। स्थानीय हिंदू संगठनों ने इसका विरोध किया। पुलिस ने बैनर हटाए और 9 लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज की। 15 अज्ञात लोगों के खिलाफ FIR दर्ज की गई। बाद में विवाद बढ़ गया और कई अन्य शहरों व राज्यों में 'I Love Muhammad' के समर्थन में रैलियां, बैनर और पोस्टर लगे। हिंदू समुदाय ने इसके जवाब में "I Love Mahadev/Mahakaal" जैसे बैनर लगाए।

# कपिल शर्मा को धमकी देने वाला बंगाल से गिरफ्तार

**मुंबई।** मशहूर कॉमेडियन और एक्टर कपिल शर्मा को धमकी देने वाले आरोपी को मुंबई क्राइम ब्रांच ने पकड़ लिया है। आरोपी की पहचान दिलीप चौधरी के रूप में हुई है, जिसे वेस्ट बंगाल के 24 परगना से गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार दिलीप चौधरी ने कपिल शर्मा को मेल भेजकर 1 करोड़ रुपये की फिरौती मांगी थी। इतना ही नहीं उसने खुद को गैंगस्टर गोल्डी बराड़ और रोहित गोदारा गैंग से जुड़ा हुआ बताने की कोशिश भी की। फिलहाल मुंबई पुलिस यह जांच कर रही है कि आरोपी के असल में इन गैंग्स से कोई कनेक्शन हैं या यह सिर्फ डराने और पैसे वसूलने की चाल थी। गिरफ्तारी के बाद पुलिस उससे पूछताछ कर रही है।

# इंडियन आर्मी खरीदेगी'अनंत शस्त्र'

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

भारतीय सेना का एयर डिफेंस सिस्टम अब और मजबूत होगा। सेना ने भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (BEL) को लगभग 30 हजार करोड़ में 'अनंत शस्त्र' सरफेस टू एयर मिसाइल वेपन सिस्टम खरीदने का टेंडर जारी किया है। इसे रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) ने बनाया है। पहले इसे क्विक रिएक्शन सरफेस टू एयर मिसाइल (QRSAM) कहा जाता था। अब इसका नाम बदलकर 'अनंत शस्त्र' रखा गया है। अनंत शस्त्र की 5 से 6 रेजिमेंट खरीदी जाएंगी और इन्हें पाकिस्तान-चीन की सीमाओं पर तैनात किया जाएगा। अनंत शस्त्र की खासियत यह है कि यह चलते-फिरते भी दुश्मन के टारगेट को हिट कर सकता है। साथ ही बहुत कम समय में फायर कर सकता है। इसकी मारक क्षमता लगभग 30 किलोमीटर (जमीन से हवा में) तक है। यह सेना के मौजूदा आकाशतीर और मीडियम रेंज सरफेस टू एयर मिसाइल (MRSAM) सिस्टम का साथ देगा।'अनंत शस्त्र' की दिन और रात दोनों में सफल टेस्टिंग की जा चुकी है।

# वांगचुक के पाक से संबंधों की जांच

**महानगर नेटवर्क**
**लेह**



लद्दाख के DGP ने कहा, बांग्लादेश भी गए थे

लद्दाख के पुलिस महानिदेशक एस.डी. सिंह जामवाल ने शनिवार को कहा कि कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के विरोध-प्रदर्शनों के वीडियो सीमा पार भेजने वाले एक पाकिस्तानी खुफिया एजेंट की पिछले माह हुई गिरफ्तारी के संदर्भ में, पुलिस वांगचुक के पाकिस्तान से कथित संबंधों की जांच कर रही है। जामवाल ने सोनम वांगचुक को बुधवार को हुई हिंसा का जिम्मेदार बताया। इस हिंसा में चार लोगों की मौत हो गई थी और कई अन्य घायल हुए थे। वांगचुक को शुक्रवार को राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) के तहत हिरासत में लेकर राजस्थान के जोधपुर की एक जेल में भेज दिया गया। जामवाल ने संवाददाताओं को बताया, ''जांच (वांगचुक के खिलाफ) में क्या पाया गया है, यह अभी सार्वजनिक नहीं किया जा सकता। प्रक्रिया जारी है। अगर आप उनका यूट्यूब पर उपलब्ध प्रोफाइल और इतिहास देखें, तो उनके भाषण लोगों को उकसाने वाले प्रतीत होते हैं, क्योंकि उन्होंने अरब क्रांति और नेपाल, बांग्लादेश एवं श्रीलंका में हाल की अशांति का जिक्र किया था।'' उन्होंने कहा, ''उनका (वांगचुक का) अपना एक एजेंडा था। उनके खिलाफ विदेशी चंदा और विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम (एफसीआरए) के उल्लंघन की जांच जारी है। एक पाकिस्तानी खुफिया एजेंट हमारी हिरासत में है, जो वांगचुक के नेतृत्व में हुए प्रदर्शनों के वीडियो सीमा पार भेज रहा था।'' पुलिस प्रमुख ने वांगचुक की कुछ विदेश यात्राओं को संदिग्ध बताते हुए कहा, ''उन्होंने पाकिस्तान में द डॉन (पाकिस्तानी समाचार पत्र) के एक कार्यक्रम में भाग लिया और बांग्लादेश भी गए थे।''

# 'ये जुबीन का असम है, नेपाल नहीं बनने देंगे'

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**



असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने शनिवार को कहा कि गायक जुबीन गर्ग की मौत के मामले में नॉर्थ ईस्ट इंडिया फेस्टिवल के आयोजक श्यामकानु महंत और उनके मैनेजर सिद्धार्थ शर्मा के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किए गए हैं। फेसबुक लाइव में सरमा ने कहा कि दोनों को 6 अक्टूबर को गुवाहाटी आकर अपना बयान देना होगा, अन्यथा पुलिस उनकी तलाश में अभियान तेज कर देगी। उन्होंने कहा, चूंकि दुर्गा पूजा उत्सव शुरू हो रहा है, हम नहीं चाहते कि वे अभी आएं। लेकिन दशमी के बाद उन्हें आना ही होगा। उन्हें 6 अक्टूबर को गुवाहाटी आकर अपना बयान दर्ज कराना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा, 'अगर वे सीआईडी के समक्ष पेश नहीं होना चाहते हैं, तो वे अदालत का दरवाजा खटखटा सकते हैं।' उन्होंने आगे कहा, मैंने आज केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से कहा है कि जिस दिन ऐसा लगेगा कि असम पुलिस जुबीन को न्याय नहीं दिला पाएगी, हम मामला सीबीआई को सौंप देंगे। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा इस संवेदनशील मुद्दे पर बहुत ही सतर्क हैं और कानून सम्मत कार्रवाई देखना चाहते हैं।

# पाकिस्तानी पीएम शरीफ की UN में बदमाशी

## भारत बोला- जले एयरबेस जीत है, तो जश्न मनाएं

**महानगर नेटवर्क**
**वॉशिंगटन डीसी**




भारत ने पाकिस्तान पर आतंकवाद को बढ़ावा देने और झूठ बोलने का आरोप लगाया है। भारतीय राजनयिक पेटल गहलोत ने शनिवार को संयुक्त राष्ट्र (UN) में कहा, 'पाकिस्तान के पीएम ने बेतुके नाटक किए। वे आतंकवाद को बढ़ावा देते हैं, जो उनकी विदेश नीति का हिस्सा है। कोई भी ड्रामा या झूठ सच को नहीं छिपा सकता।' गहलोत ने शरीफ के मई संघर्ष के दावों को खारिज किया। उन्होंने कहा, '9 मई तक पाकिस्तान भारत पर हमले की धमकी दे रहा था। 10 मई को भारतीय सेना ने पाकिस्तान के कई एयरबेस को नष्ट कर दिया। इसके बाद पाकिस्तान ने जंग रोकने की गुहार लगाई। अगर जले हुए हवाई अड्डे जीत हैं, तो पाकिस्तान इसका जश्न मनाए।'
पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने शुक्रवार को UN में भारत को दुश्मन बताया। साथ ही दावा किया कि भारत के साथ हुए संघर्ष में पाकिस्तान की जीत हुई थी और भारत के 7 विमान गिराए थे।

**भारत-पाकिस्तान के बीच तीसरे पक्ष की जरूरत नहीं**

गहलोत ने कहा, 'भारत और पाकिस्तान के बीच सभी मुद्दे द्विपक्षीय बातचीत से हल होंगे। इसमें किसी तीसरे पक्ष की जरूरत नहीं है।' उन्होंने पाकिस्तान के शांति के दावों पर सवाल उठाते हुए कहा कि उनका देश नफरत में डूबा है। भारत ने साफ किया कि वह आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाएगा।

### आतंकवादी शिविरों को बंद करे पाकिस्तान

गहलोत ने जोर देकर कहा, 'सच्चाई यह है कि पहले की ही तरह, पाकिस्तान भारत में बेगुनाहों पर आतंकवादी हमले के लिए जिम्मेदार है। हमने अपने लोगों की रक्षा करने और जवाब देने के अधिकार का प्रयोग किया है, साथ ही अपराधियों को न्याय के कटघरे में खड़ा किया है।' उन्होंने पाकिस्तान से तुरंत सभी आतंकवादी शिविरों को बंद करने और सभी आतंकवादियों को सौंपने की मांग की। गहलोत ने चेतावनी दी कि भारत 'परमाणु ब्लैकमेल' के आगे झुके बिना आतंकवादियों और उनके प्रायोजकों दोनों को जवाबदेह ठहराएगा।

# बैंकों को 15 दिन में करना होगा क्लेम सेटलमेंट

**नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने क्लेम सेटलमेंट के नियमों को रिवाइज किया है। नए नियमों के मुताबिक बैंकों को अपने मृतक ग्राहक के बैंक अकाउंट या लॉकर के क्लेम को 15 दिन में सेटल करना होगा। अगर, इसमें देरी हुई तो नॉमिनी को मुआवजा देना होगा। सेंट्रल बैंक के नई गाइडलाइन से बैंकों के अगल-अलग सेटलमेंट का नियम एक हो जाएगा, जिससे कस्टमर्स के क्लेम का निपटारा आसानी से हो सकेगा। RBI ने कस्टमर सर्विस को सुधारने के लिए डॉक्यूमेंटेशन को भी स्टैंडर्डाइज्ड करने का फैसला किया है। नया नियम देश के सभी बैंकों को 31 मार्च 2026 से पहले लागू करना होगा।

# मणिपुर, नगालैंड और अरुणाचल में फिर बढ़ाई गई AFSPA की अवधि

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**




मणिपुर में कानून-व्यवस्था की मौजूदा स्थिति को देखते हुए 13 पुलिस थानों के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों को छोड़कर राज्य के बाकी हिस्सों में सशस्त्र बल (विशेष शक्तियां) अधिनियम (अफस्पा) की अवधि छह महीने के लिए बढ़ा दी गई। एक सरकारी अधिसूचना से यह जानकारी मिली है। अफस्पा के तहत किसी विशेष राज्य या उसके कुछ क्षेत्रों को "अशांत" घोषित किया जाता है। केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से जारी अधिसूचना के मुताबिक, यह कानून अरुणाचल प्रदेश के तिरप, चांगलांग और लोंगडिंग जिलों के अलावा असम से सटे राज्य के नामसाई जिले के तीन पुलिस थाना क्षेत्रों में भी लागू कर दिया गया है। इसमें कहा गया है कि अफस्पा के तहत तीनों राज्यों के संबंधित क्षेत्रों का अशांत क्षेत्र का दर्जा एक अक्टूबर से अगले छह महीने की अवधि के लिए बढ़ा दिया गया है। अफस्पा अशांत क्षेत्रों में तैनात सशस्त्र बलों को तलाशी लेने, गिरफ्तार करने और अगर वे आवश्यक समझें, तो गोली चलाने के व्यापक अधिकार देता है। इसकी अक्सर एक कठोर कानून के रूप में आलोचना की जाती है।
मणिपुर से जुड़ी अधिसूचना में कहा गया है, "मणिपुर में कानून-व्यवस्था की स्थिति की एक और समीक्षा की गई है। इसलिए, अब सशस्त्र बल (विशेष शक्तियां) अधिनियम, 1958 की धारा 3 के तहत मिली शक्तियों के अनुसार, पांच जिलों के निम्नलिखित 13 पुलिस थानों के अधिकार क्षेत्र में आने वाले इलाकों को छोड़कर, पूरे राज्य को एक अक्टूबर 2025 से छह महीने की अवधि के लिए 'अशांत क्षेत्र' घोषित किया जाता है, बशर्ते इसे पहले वापस नहीं ले लिया जाए।"

# ठाणे बुलेट ट्रेन स्टेशन बनेगा देश का पहला मल्टीमॉडल इंटीग्रेटेड हब

महानगर संवाददाता
ठाणे

**खुलेगी निवेश और रोजगार की राह**



मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल प्रोजेक्ट ठाणे को देश के नक्शे पर नई पहचान देने वाला है। ठाणे का बुलेट ट्रेन स्टेशन भारत का पहला मल्टीमॉडल इंटीग्रेटेड स्टेशन बनने जा रहा है, जहां एक ही छत के नीचे बुलेट ट्रेन, रेल, मेट्रो, इनर मेट्रो, बस, जेट्टी (जलमार्ग), कैब-रिक्शा स्टैंड और एयरपोर्ट से जुड़ने वाले खास हाईवे व मार्ग उपलब्ध होंगे। इस परियोजना से न केवल करोड़ों की निवेश संभावना बढ़ेगी, बल्कि बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे।

स्टेशन परिसर विकास को लेकर ठाणे में आयोजित अंतरराष्ट्रीय चर्चासत्र में केंद्र, राज्य, गुजरात व जापान सरकारों के प्रतिनिधि, ठाणे, कल्याण-डोंबिवली और वसई-विरार महानगरपालिका अधिकारी, आर्किटेक्ट, बिल्डर्स और विभिन्न संगठनों ने हिस्सा लिया। चर्चासत्र में परियोजना के महत्व, चुनौतियों और अवसरों पर विस्तार से मंथन हुआ। ठाणे महानगरपालिका आयुक्त सौरभ राव ने बताया कि स्टेशन क्षेत्र के विकास में 25% से अधिक जगह हरित क्षेत्र के लिए सुरक्षित रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि इस एकीकृत स्टेशन से नागरिकों को सभी सार्वजनिक परिवहन साधनों की सुविधा एक ही स्थान पर मिलेगी और सभी व्यवस्थाएं योजनाबद्ध तरीके से आपस में जुड़ी होंगी। जायका प्रतिनिधियों ने जापान में बुलेट ट्रेन से आए बदलावों का अनुभव साझा करते हुए भारत के लिए इसे ऐतिहासिक अवसर बताया। केंद्रीय गृह और शहरी विकास मंत्रालय की अतिरिक्त सचिव डी. थारा ने कहा कि इस संवाद उपक्रम की शुरुआत ठाणे और विरार स्टेशन से की जा रही है। वहीं, राज्य के अतिरिक्त मुख्य सचिव असीम गुप्ता ने कहा कि इस परियोजना से ट्रांजिट ओरिएंटेड डेवलपमेंट को गति मिलेगी और नागरिकों को सीधे लाभ होगा। उद्योग विकास आयुक्त दिपेंद्रसिंह कुशवाह ने कहा कि यह प्रोजेक्ट निवेशकों के लिए नई संभावनाओं के द्वार खोलेगा और उद्योगों के साथ रोजगार भी बढ़ाएगा। नॅशनल हाई स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक अंजुम परवेज और मुख्य आर्किटेक्ट कामिनी शर्मा ने अब तक की प्रगति और संपूर्ण योजना का प्रेजेंटेशन पेश किया। चर्चा सत्र में बिल्डर निरंजन हिरानंदानी, शैलश पुराणिक, राजन बांदेलकर समेत कई दिग्गज शामिल हुए। वसई-विरार नगर निगम की ओर से अतिरिक्त आयुक्त डॉ. दीपक सावंत ने स्थानीय विकास की रूपरेखा रखी।

## रामलीला का भव्य आयोजन

**कल्याण।** आदर्श रामलीला मंडल संस्था द्वारा चक्की नाका पर आयोजित रामलीला, जो विगत 33 वर्षों से निरंतर मंचित हो रही है, इस वर्ष भी भक्तिमय वातावरण में प्रस्तुत की जा रही है। शुक्रवार को मंचित प्रसंग "कोप भवन" का रहा, जिसमें कलाकारों ने अपनी सशक्त अभिनय कला से दर्शकों का मन मोह लिया। कैकेई की भूमिका में पवन मिश्र, मंथरा की भूमिका में हरिशंकर पाठक, राजा दशरथ की भूमिका में वैकुंठ, वशिष्ठ की भूमिका में अजय तिवारी और सीता की भूमिका में दीपक पांडेय ने जीवंत अभिनय कर दर्शकों को भावविभोर कर दिया। संस्था के अध्यक्ष ने अपनी पूरी टीम के साथ लोगों से निवेदन किया है कि अधिक से अधिक संख्या में आकर इस धार्मिक सांस्कृतिक आयोजन को सफल बनाएं। विशेष रूप से कमलादेवी महाविद्यालय के संस्थापक अध्यक्ष सदानंद तिवारी, दीपक पांडेय और विनीत पांडेय ने आयोजन की सराहना करते हुए सभी से रामलीला में उपस्थित होने की अपील की।

# सामाजिक और आर्थिक समानता बनाना एक सामूहिक जिम्मेदारी है : गवई

**नाशिक जिला एवं सत्र न्यायालय के नए भवन का उद्घाटन**

महानगर संवाददाता
मुंबई/नाशिक

भारत रत्न डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर ने देश के नागरिकों को राजनीतिक अधिकार देने के साथ-साथ उन्हें सामाजिक और आर्थिक समानता प्रदान करने की आवश्यकता जताई थी। आज के समय में, इस समानता को स्थापित करना हम सभी की सामूहिक ज़िम्मेदारी है, ऐसा सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश भूषण गवई ने कही।

मुख्य न्यायाधीश भूषण गवई नाशिक जिला एवं सत्र न्यायालय नाशिक के नए आधुनिक भवन उद्घाटन और पार्किंग स्थल की आधारशिला कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस अवसर उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि जो इस अवसर पर बोल रहे थे। कार्यक्रम में बॉम्बे उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश चंद्रशेखर, न्यायमूर्ति रेवती



डेरे मोहिते, न्यायमूर्ति एम.एन. सोनम, न्यायमूर्ति आर.वी. घुगे, न्यायमूर्ति ए. एस. गडकरी, न्यायमूर्ति मकरंद कार्णिक, न्यायमूर्ति सारंग कोतवाल, न्यायमूर्ति जितेंद्र जैन, न्यायमूर्ति अश्विन भोबे, भारत के अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल अनिल सिंह, राज्य के महाधिवक्ता बीरेंद्र सराफ, महाराष्ट्र और गोवा बार काउंसिल के अध्यक्ष अमोल सावंत, नाशिक वकील संघ के अध्यक्ष एडवोकेट नितिन ठाकरे आदि मौजूद रहे। मुख्य न्यायाधीश गवई ने कहा, "डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर ने 25 नवंबर, 1949 को अपने भाषण में कहा था कि राजनीतिक समानता एक व्यक्ति, एक वोट के आधार पर स्थापित की गई थी। हालाँकि, उन्होंने यह मत व्यक्त किया था कि इस लोकतंत्र की सार्थकता तभी होगी जब सामाजिक और आर्थिक लोकतंत्र का निर्माण हो। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि स्वतंत्रता के साथ-साथ समानता भी होनी चाहिए। यह आज के समय में भी बिल्कुल लागू होता है। भाईचारा और बहनचारा, दोनों ज़रूरी हैं और सामाजिक और आर्थिक समानता की ओर बढ़ना हम सभी की ज़िम्मेदारी है।" इस दौरान उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का दृष्टिकोण हमेशा सकारात्मक रहा है। अदालतों के लिए बुनियादी ढाँचा तैयार करने में उनका बहुत सहयोग रहा है।

# येउर जंगल में अवैध टर्फ पर ठाणे मनपा की सख्त कार्रवाई, 10 मामले दर्ज




**ठाणे।** ठाणे नगर निगम ने आखिरकार येउर जंगल क्षेत्र में अवैध टर्फ बनाने और संचालित करने वालों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। मनपा ने महाराष्ट्र क्षेत्रीय एवं स्थानीय शासन अधिनियम (एमआरटीपी) के तहत 10 नगर नियोजन अपराध दर्ज किए हैं। इस कार्रवाई के तहत उन व्यापारियों को आरोपी बनाया गया है, जिन्होंने आदिवासी भूमि पर टर्फ बिछाकर अवैध निर्माण किया था और हर घंटे डेढ़ से दो हज़ार रुपये वसूलकर खेल गतिविधियाँ संचालित कर रहे थे।

कई वर्षों से येउर क्षेत्र में अवैध बंगले, टर्फ और होटल बनाने का सिलसिला जारी है। आदिवासी समुदाय इन अवैध गतिविधियों से लंबे समय से परेशान था, वहीं तेज रोशनी और शोर-शराबे के कारण जंगल के वन्यजीवों पर भी गंभीर असर पड़ रहा था। यही कारण रहा कि 2023 में येउर पर्यावरण संस्था ने इस मुद्दे को लेकर मुंबई उच्च न्यायालय का दरवाज़ा खटखटाया और जनहित याचिका दायर की। संस्था ने अदालत में संबंधित अवैध टर्फ की तस्वीरें भी पेश की थीं। जुलाई 2025 में अदालत ने ठाणे नगर निगम को सभी अवैध टर्फ ध्वस्त करने का आदेश दिया था। इसके बावजूद मनपा अधिकारियों ने तत्काल पूरी कार्रवाई नहीं की। इस पर आयुक्त सौरभ राव ने याचिकाकर्ता रोहित जोशी से विशेष बैठक कर मामले की गंभीरता समझी और अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी टर्फ भूमि को उखाड़ा जाए, तस्वीरें सबूत के तौर पर अदालत को सौंपी जाएं, संबंधित टर्फ मालिकों और भू-मालिकों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हों और इन स्थलों की पानी व बिजली आपूर्ति तुरंत बंद की जाए।

अब मनपा की ओर से कार्रवाई पूरी कर ली गई है और वर्तकनगर पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। इस कदम से आदिवासी समाज को बड़ी राहत मिली है। साथ ही, पर्यावरण प्रेमियों का मानना है कि इस सख्ती से येउर जंगल में अवैध निर्माण पर अंकुश लगेगा और यहाँ के वन्यजीव तेज रोशनी और शोर से मुक्त होकर सुरक्षित वातावरण में रह सकेंगे। मनपा की इस कार्रवाई से यह संदेश भी गया है कि कानून के खिलाफ जाकर प्राकृतिक क्षेत्रों में किसी भी प्रकार का अवैध निर्माण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# मोहसिन हैदर के जन्मस्थान को लेकर साटम ने खड़ा किया सवाल

**एंटी करप्शन को पत्र लिखकर फर्जीवाड़े की जांच करने की मांग**

**मुंबई।** भाजपा मुंबई अध्यक्ष अमित साटम ने कांग्रेस के पूर्व नगरसेवक मोहसिन हैदर के खिलाफ मुंबई पुलिस आयुक्त को शिकायत देकर गंभीर आरोप लगाए हैं। साटम ने कहा कि हैदर ने फर्जी दस्तावेजों और अलग-अलग नामों के आधार पर कई पहचान पत्र और पासपोर्ट हासिल किए और बेहिसाब संपत्ति जमा की है। इतना ही नहीं साटम ने मोहसिन हैदर के जन्म प्रमाण पत्र पर ही सवाल खड़ा किया है जिसमें उनके पास एक केरला का जन्म प्रमाण पत्र दिखाया है जबकि एक मुंबई का, जिसको लेकर उन्होंने मांग की, कि यह जांच की जाए कि कहीं उनकी संपत्ति या आय का उपयोग किसी समाजविरोधी या राष्ट्रविरोधी गतिविधि में तो नहीं हो रही।अमित साटम ने पुलिस आयुक्त देवेन भारती और लाचलुचपत प्रतिबंधक विभाग को भेजी शिकायत में बताया कि हैदर के नाम हैदर मोहिदीन कुट्टी, कुन्ही मोहिदीन कुट्टी, मोहसिन हैदर अमानतुल्लाह खान, एसएम हैदर खान, मोहसिन हैदर हाजी हैदर और सुपियादथ मोहिदीन मोहसिन हैदर जैसे



कई रूपों में दर्ज हैं। यह जानकारी स्कूल रिकॉर्ड, चुनावी हलफनामों, पासपोर्ट दस्तावेजों और वोटर आईडी रिकॉर्ड में मिली। शिकायतों के बाद 2013 में यह पासपोर्ट जब्त हुआ, लेकिन 2014 में उन्हें मोहसिन हैदर हाजी हैदर नाम से दोबारा पासपोर्ट जारी किया गया। इस पासपोर्ट का उपयोग पाकिस्तान समेत कई देशों की यात्राओं में किया गया। साटम ने आरोप लगाया कि हैदर ने पद का दुरुपयोग कर क्विड प्रो क्वो आधार पर संपत्तियाँ हासिल कीं। 2006 में अंधेरी पश्चिम के सागर सिटी में 637 वर्ग फुट का फ्लैट उन्होंने सिर्फ 51 हजार रुपये में खरीदा, जिसकी बाजार कीमत 27 लाख रुपये से अधिक थी। 2011 में इसे 51.75 लाख रुपये में बेचा गया। उसी साल ओशिवरा स्थित ग्रीन डायमंड में 1701 नंबर का फ्लैट लष्करिया बिल्डर्स से 25 लाख रुपये में खरीदा गया, जबकि बाजार मूल्य करीब एक करोड़ रुपये था। शिकायत में कहा गया कि हैदर ने कई बेनामी संपत्तियां खड़ी की और बिना स्पष्ट आय स्रोत के बड़ी संपत्ति जुटाई। उनकी और उनकी पत्नी के नाम पर कुलाबा स्थित होटल वोल्गा में साझेदारी है।

**हैदर ने साटम के आरोपों को नकारा**

हैदर ने साटम के सभी आरोपों को झूठा बताया। हैदर साटम के आरोपों पर जवाब देते हुए कहा की यह सभी आरोप जूठे है उन्होंने कहा पासपोर्ट को लेकर की गई शिकायत पर पुलिस ने खुद जांच बंद करने का पत्र दिया है उन्होंने कहा जुहू गल्ली के भूखंड घोटाले का आरोप लगाएं जाने के बाद उन पर व्यक्तिगत आरोप लगाया जा रहा है।

# घोड़बंदर रोड पर जाम और गड्ढों से त्रस्त नागरिक उतरे सड़क पर

**बोले- "हम टैक्स भरते हैं, हमें गड्ढा मुक्त और जाम मुक्त सड़कें चाहिए"**

**ठाणे।** मुंबई, नवी मुंबई, भिवंडी और गुजरात को जोड़ने वाले ठाणे के अहम घोड़बंदर मार्ग पर लगातार लग रहे जाम और गड्ढों से परेशान नागरिक आखिरकार सड़कों पर उतर आए। शनिवार सुबह आनंद नगर नाके पर नागरिकों ने पोस्टर और बैनर लेकर विरोध प्रदर्शन किया और #GhodbunderNeedsAction अभियान की शुरुआत की। आंदोलनकारियों ने वाहन चालकों को पर्चे बांटकर इस मुहिम से जुड़ने का आह्वान किया और प्रशासन से सवाल किया कि जब हम टैक्स भरते हैं तो हमें गड्ढा मुक्त और जाम मुक्त सड़कें क्यों नहीं मिलतीं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि मेट्रो प्रोजेक्ट और अन्य विकास कार्यों की



वजह से घोड़बंदर रोड पहले ही संकरी हो चुकी है, ऊपर से लगातार बारिश के कारण जगह-जगह गड्ढे बन गए हैं। इस वजह से रोज़ाना जाम लगना आम बात हो गई है। गायमुख घाट और नागलाबंदर इलाके में तो स्थिति इतनी भयावह है कि ठाणे से वसई, विरार, मीरा-भाईंदर और गुजरात की ओर जाने वाले हज़ारों वाहन चालक घंटों जाम में फँसे रहते हैं और लोग समय पर अपने कार्यस्थल तक नहीं पहुँच पाते।

# बिल्डिंग तोड़ने के दौरान बड़ा हादसा!

**ठेकेदार की लापरवाही से गिरा जनरेटर, मजदूरों की जान पर खतरा**



**भिवंडी।** भिवंडी महानगरपालिका क्षेत्र में शुक्रवार को जर्जर इमारत तोड़ते समय ठेकेदार की लापरवाही से बड़ा हादसा होते-होते टल गया। अंजुरफाटा स्थित हलारी विसा ओसवाल हॉल परिसर में जी +6 मंजिला इमारत को ढहाने का काम चल रहा था। इस दौरान इमारत पर रखा भारी जनरेटर अचानक नीचे आ गिरा। सौभाग्य से मौके पर मौजूद मजदूर बाल-बाल बच गए।जानकारी के अनुसार, प्रभाग समिति क्रमांक तीन के अंतर्गत आने वाली दो जी +6 मंजिला इमारतों को मनपा ने कुछ दिन पहले ही जर्जर घोषित किया था। इनमें से एक को पूरी तरह तोड़ा जा चुका था, जबकि दूसरी का काम चल रहा था। इसी दौरान यह हादसा हुआ। यह काम भिवंडी मनपा के ठेकेदार इन्सान सारा ट्रेडर्स, कल्याण रोड, लकड़ा मार्केट को निजी तौर पर सौंपा गया था। प्रत्यक्षदर्शियों का आरोप है कि ठेकेदार ने इमारत तोड़ने के दौरान किसी भी तरह की सुरक्षा व्यवस्था नहीं की थी। न तो सुरक्षा बैरिकेड लगाए गए और न ही मजदूरों के लिए कोई सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराए गए। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इस तरह की लापरवाही मजदूरों की जान को सीधे खतरे में डाल रही है।

# मध्य रेलवे त्योहारों के दौरान चलाएगी 60 अतिरिक्त विशेष ट्रेनें

**मुंबई।** यात्रियों की सुविधा के लिए, मध्य रेलवे आगामी पूजा, दिवाली और छठ पर्व के दौरान 60 अतिरिक्त विशेष ट्रेनें चलाएगा, जिसका विवरण इस प्रकार हैं।

1) छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस - आसनसोल - छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस साप्ताहिक एसी स्पेशल (12 सेवाएँ) 01145 साप्ताहिक एसी स्पेशल ट्रेन 06.10.2025 से 10.11.2025 तक प्रत्येक सोमवार सुबह 11.05 बजे छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से रवाना होगी और तीसरे दिन सुबह 05.30 बजे आसनसोल पहुँचेगी। (6 सेवाएँ) 01146 साप्ताहिक एसी स्पेशल 08.10.2025 से 12.11.2025 तक प्रत्येक बुधवार को रात 21.00 बजे आसनसोल से रवाना होगी और तीसरे दिन शाम 16.20 बजे छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस पहुंचेगी। (6 सेवाएँ) स्टॉप: दादर, कल्याण, इगतपुरी, नासिक रोड, भुसावल, इटारसी, भोपाल, बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, उरई, गोविंदपुरी, फ़तेहपुर, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, भभुआ, सासाराम, देवरिया सदर, अनुराग नारायण रोड, गया, कोडरमा, हज़ारीबाग़ रोड, पारसनाथ, नेताजी सुभाष चंद्र बोस गोमो, धनबाद और कुल्टी। संरचना: 20 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी कोच और 2 जनरेटर कोच।

2) छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (मुंबई) – करीमनगर – छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस साप्ताहिक एसी स्पेशल (12 सेवाएँ) 01021 साप्ताहिक एसी स्पेशल ट्रेन दिनांक 11.10.2025 से 15.11.2025 तक प्रत्येक शनिवार को 00.20 बजे छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (मुंबई) से प्रस्थान करेगी और उसी दिन 16.00 बजे करीमनगर पहुँचेगी। (6 सेवाएँ) 01022 साप्ताहिक एसी स्पेशल ट्रेन दिनांक 11.10.2025 से 15.11.2025 तक प्रत्येक शनिवार को



17.30 बजे करीमनगर से प्रस्थान करेगी और अगले दिन 13.50 बजे छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (मुंबई) पहुँचेगी। (6 सेवाएँ) स्टेशन: दादर, ठाणे, कल्याण, इगतपुरी, नासिक रोड, मनमाड, नागरसोल, औरंगाबाद, जालना, परतूर, सेलु, परभणी, पूर्णा, हुज़ूर साहिब नांदेड़, मुदखेड, धर्माबाद, बसर, निज़ामाबाद, आर्मूर, मेटपल्ली और कॉर्टल। संरचना: 20 एसी तृतीय श्रेणी और 2 जेनरेटर कोच। 3) लोकमान्य तिलक टर्मिनस – मुजफ्फरपुर – लोकमान्य तिलक टर्मिनस साप्ताहिक एसी स्पेशल (12 सेवाएं) 01043 साप्ताहिक एसी स्पेशल 07.10.2025 से 11.11.2025 तक प्रत्येक मंगलवार को लोकमान्य तिलक टर्मिनस से दोपहर 12.15 बजे प्रस्थान करेगी और तीसरे दिन सुबह 06.30 बजे मुजफ्फरपुर पहुंचेगी। (6 सेवाएँ) 01044 साप्ताहिक एसी स्पेशल 09.10.2025 से 13.11.2025 तक प्रत्येक गुरुवार को मुजफ्फरपुर से 08.30 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 22.50 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनस (मुंबई) पहुंचेगी। (6 सेवाएँ)स्टॉप: ठाणे, कल्याण, इगतपुरी, नासिक रोड, जलगांव, भुसावल, खंडवा, इटारसी, भोपाल, बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, उरई, गोविंदपुरी जंक्शन, फ़तेहपुर, सुभेदारगंज, मिर्ज़ापुर, पं. दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र और हाजीपुर। संरचना: 1 एसी I, 3 एसी II, 15 एसी III, 1 पेंट्री कार और 2 जेनरेटर कोच। 4) पुणे – हज़रत निज़ामुद्दीन – पुणे द्वि-साप्ताहिक सुपरफास्ट एसी स्पेशल (24 सेवाएँ) 01493 द्वि-साप्ताहिक सुपरफास्ट एसी स्पेशल 06.10.2025 से 13.11.2025 तक प्रत्येक सोमवार और गुरुवार को पुणे से 17.30 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 20.00 बजे हज़रत निज़ामुद्दीन पहुँचेगी। (12 सेवाएँ) 01494 द्वि-साप्ताहिक सुपरफास्ट एसी स्पेशल 07.10.2025 से 14.11.2025 तक प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को हज़रत निज़ामुद्दीन से 21.25 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 23.55 बजे पुणे पहुँचेगी। (12 सेवाएँ) स्टॉप: लोनावाला, कल्याण, भिवंडी रोड, वसई रोड, पालघर, वापी, वलसाड, सूरत, वडोदरा जंक्शन, गोधरा (केवल 01494 के लिए), रतलाम, शामगढ़, भवानी मंडी, रामगंज मंडी, कोटा, सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, भरतपुर जंक्शन और मथुरा। संरचना: 16 एसी थर्ड और 2 जनरेटर कोच। आरक्षण: विशेष ट्रेन संख्या 01145, 01021, 01043 और 01493 के लिए आरक्षण सभी कम्प्यूटरीकृत आरक्षण केंद्रों और वेबसाइट www.irctc.co.in पर उपलब्ध है। अनारक्षित डिब्बों के टिकट सुपरफास्ट मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों के लिए लागू सामान्य दरों पर यूटीएस के माध्यम से बुक किए जा सकते हैं। विस्तृत समय-सारिणी और स्टॉप के लिए, www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाएँ या एनटीईएस ऐप डाउनलोड करें।

# मरीजों के उपचार व प्रशासनिक दिक्कतों पर त्वरित कार्रवाई की मांग

**भायंदर।** मीरा-भायंदर शहर की तेजी से बढ़ती आबादी और सीमित स्वास्थ्य सुविधाओं को देखते हुए ओवला-माजिवाडा के विधायक एवं राज्य के कैबिनेट मंत्री प्रताप सरनाईक ने अपनी माता के नाम पर सरकारी फंड से मातोश्री इंदिराबाई बाबूराव सरनाईक अस्पताल की शुरुआत की थी। यह अस्पताल मीरा-भायंदर मनपा के सहयोग से संचालित है, जहां मरीजों को मुफ्त उपचार उपलब्ध कराया जाता है। हालांकि सरकारी प्रक्रियाओं और नियमों में आ रही देरी के कारण



मरीजों और उनके परिजनों को गंभीर असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। कई बार आवश्यक औपचारिकताएं पूरी न होने की वजह से 10–15 दिन तक भी इलाज शुरू नहीं हो पाता, जिससे मरीजों की जान जोखिम में पड़ जाती है। कागजी कार्यवाही की कमी या अन्य प्रशासनिक कारणों से भी उपचार में देरी होती है, जिसके चलते डॉक्टरों, अस्पताल कर्मियों और मरीजों के परिजनों के बीच अनावश्यक तनाव उत्पन्न हो जाता है।

इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए मीरा-भायंदर भाजपा (145) विधानसभा के चुनाव प्रभारी एड. रवि व्यास ने मंत्री प्रताप सरनाईक को निवेदन पत्र सौंपकर त्वरित समाधान की मांग की है। उन्होंने सुझाव दिया है कि गंभीर रूप से बीमार मरीजों का उपचार भर्ती के तुरंत बाद शुरू किया जाए।

# मसाज की आड़ में वेश्यावृत्ति के आरोप में तीन गिरफ्तार

**मीरारोड।** मीरारोड पूर्व स्थित साईधाम शॉपिंग सेंटर के एक स्पा सेंटर में मसाज की आड़ में वेश्यावृत्ति का गोरखधंधा चलाने की गुप्त सूचना पर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। सन स्पा सेंटर नामक इस प्रतिष्ठान में छापेमारी के बाद स्पा मैनेजर और स्टाफ सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस को मुखबिरों के माध्यम से जानकारी मिली थी कि इस स्पा में महिलाओं की आर्थिक तंगी और बेबसी का फायदा उठाकर उनसे वेश्यावृत्ति कराई जा रही है। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में पुलिस उप-आयुक्त, परिमंडल -1 राहुल चव्हाण के मार्गदर्शन और सहायक पुलिस आयुक्त, मीरारोड विभाग, गणपत पिंगले तथा वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक, मीरारोड पुलिस स्टेशन, मेघना बुरांडे के नेतृत्व में एक संयुक्त पुलिस टीम का गठन किया गया। कानूनी प्रक्रियाओं का पालन करते हुए, टीम ने स्पा सेंटर पर छापा मारा और तलाशी ली। तलाशी में यह स्पष्ट हुआ कि स्पा सेंटर में वास्तव में मसाज की आड़ में अनैतिक गतिविधियां चल रही थीं।

# परे विभिन्न गंतव्यों के लिए चलाएगी पाँच जोड़ी त्योहार स्पेशल ट्रेनें


**मुंबई।** पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा तथा दुर्गा पूजा, दिवाली और छठ पूजा के त्योहारी सीज़न के दौरान उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से बांद्रा टर्मिनस-सांगानेर, इंदौर-खड़की, इंदौर-हजरत निजामुद्दीन, साबरमती-पटना और राजकोट-बरौनी स्टेशनों के बीच विशेष किराए पर त्योहार स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएंगी। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इन ट्रेनों का विवरण निम्नानुसार है।

**1-ट्रेन संख्या 09023/09024 बांद्रा टर्मिनस - सांगानेर सुपरफास्ट साप्ताहिक स्पेशल [18 फेरे]**

ट्रेन संख्या 09023 बांद्रा टर्मिनस-सांगानेर सुपरफास्ट स्पेशल प्रत्येक गुरुवार को बांद्रा टर्मिनस से 16:45 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 12:30 बजे सांगानेर पहुँचेगी। यह ट्रेन 2 अक्टूबर से 27 नवंबर, 2025 तक चलेगी। इसी प्रकार, ट्रेन संख्या 09024 सांगानेर-बांद्रा टर्मिनस सुपरफास्ट स्पेशल प्रत्येक शुक्रवार को सांगानेर से 16:50 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 11:15 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुँचेगी। यह ट्रेन 03 अक्टूबर से 28 नवंबर 2025 तक चलेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में बोरीवली, पालघर, वापी, वलसाड, सूरत, भरूच, वडोदरा, रतलाम, नागदा, चौमहला, शामगढ़, भवानी मंडी, रामगंज मंडी, कोटा और सवाई माधोपुर स्टेशनों पर रुकेगी।

**2. ट्रेन संख्या 09427/09428 साबरमती – पटना साप्ताहिक स्पेशल [18 फेरे]**

ट्रेन संख्या 09427 साबरमती–पटना स्पेशल प्रत्येक बुधवार को साबरमती से 18:10 बजे प्रस्थान करेगी और शुक्रवार को 01:00 बजे पटना पहुँचेगी। यह ट्रेन



01 अक्टूबर से 26 नवंबर, 2025 तक चलेगी। इसी प्रकार, ट्रेन संख्या 09428 पटना–साबरमती स्पेशल प्रत्येक शुक्रवार को पटना से 04:40 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 09:55 बजे साबरमती पहुँचेगी। यह ट्रेन 03 अक्टूबर से 28 नवंबर 2025 तक चलेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में महेसाणा, पालनपुर, आबू रोड, मारवाड़, अजमेर, जयपुर, गांधी नगर जयपुर, दौसा, भरतपुर, अछनेरा, ईदगाह आगरा, टूंडला, इटावा, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., मिर्ज़ापुर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा और दानापुर स्टेशनों पर रुकेगी।

**3. ट्रेन संख्या 09324/09323 इंदौर-खड़की साप्ताहिक स्पेशल [18 फेरे]**

ट्रेन संख्या 09324 इंदौर-खड़की साप्ताहिक स्पेशल प्रत्येक बुधवार को 11:15 बजे इंदौर से प्रस्थान करेगी और अगले दिन 03:10 बजे खड़की पहुंचेगी। यह ट्रेन 1 अक्टूबर से 26 नवंबर, 2025 तक चलेगी। इसी प्रकार, ट्रेन संख्या 09323 खड़की-इंदौर साप्ताहिक स्पेशल प्रत्येक गुरुवार 05:10 बजे खड़की से प्रस्थान करेगी और उसी दिन 23:55 बजे इंदौर पहुँचेगी। यह ट्रेन 2 अक्टूबर से 27 नवंबर, 2025 तक चलेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में देवास, उज्जैन, नागदा, रतलाम, गोधरा, वडोदरा, सूरत, वलसाड, वापी, वसई रोड, कल्याण और लोनावला स्टेशनों पर रुकेगी।

**4. ट्रेन संख्या 09309/09310 इंदौर–हज़रत निज़ामुद्दीन द्वि-साप्ताहिक सुपरफ़ास्ट स्पेशल [36 फेरे]**

ट्रेन संख्या 09309 इंदौर – हज़रत निज़ामुद्दीन सुपरफ़ास्ट स्पेशल इंदौर से प्रत्येक शुक्रवार और रविवार को 17:00 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 05:00 बजे हज़रत निज़ामुद्दीन पहुँचेगी। यह ट्रेन 03 अक्टूबर से 30 नवंबर, 2025 तक चलेगी। इसी प्रकार, ट्रेन संख्या 09310 हज़रत निज़ामुद्दीन– इंदौर सुपरफ़ास्ट स्पेशल हज़रत निज़ामुद्दीन से प्रत्येक शनिवार और सोमवार को 08:20 बजे प्रस्थान करेगी और उसी दिन 21:00 बजे इंदौर पहुँचेगी। यह ट्रेन 04 अक्टूबर से 01 दिसंबर, 2025 तक चलेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में देवास, उज्जैन, नागदा, रामगंज मंडी, कोटा, सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी और मथुरा स्टेशनों पर रुकेगी।

**5. ट्रेन संख्या 09569/09570 राजकोट-बरौनी साप्ताहिक स्पेशल [18 फेरे]**

ट्रेन संख्या 09569 राजकोट-बरौनी साप्ताहिक स्पेशल प्रत्येक गुरुवार को राजकोट से 17:00 बजे प्रस्थान करेगी और शनिवार को 05:00 बजे बरौनी पहुँचेगी। यह ट्रेन 2 अक्टूबर से 27 नवंबर, 2025 तक चलेगी। इसी प्रकार, ट्रेन संख्या 09570 बरौनी-राजकोट साप्ताहिक स्पेशल प्रत्येक शनिवार को बरौनी से 14:40 बजे प्रस्थान करेगी और सोमवार को 04:40 बजे राजकोट पहुँचेगी। यह ट्रेन 04 अक्टूबर से 29 नवंबर 2025 तक चलेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में वाकानेर, सुरेंद्रनगर, चांदलोडिया बी केबिन, महेसाणा, पालनपुर, आबू रोड, फालना, मारवाड़, ब्यावर, अजमेर, किशनगढ़, जयपुर, गांधी नगर जयपुर, दौसा, बांदीकुई, भरतपुर, ईदगाह आगरा, टूंडला, गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पंडित दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, सोनपुर, हाजीपुर और शाहपुर पटोरी स्टेशनों पर रुकेगी। ट्रेन संख्या 09023, 09427 09324, 09309 एवं 09569 की बुकिंग आज 28 सितंबर, 2025 से सभी पीआरएस काउंटरों और आईआरसीटीसी वेबसाइट पर शुरू होगी।

# स्वदेशी 4जी से सरकार को मिलेगा लाभ : फडणवीस

**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

आत्मनिर्भर भारत योजना के अंतर्गत देश में बनाई गई पूर्ण स्वदेशी 4जी नेटवर्क सेवा का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुभारंभ किया। शनिवार को वीसी के माध्यम से पीएम ने कुल 92,633 बीएसएनएल टावरों का उद्घाटन किया, जिनमें से 9,030 टावर महाराष्ट्र में स्थापित किए गए हैं। स्वदेशी नेटवर्क शुरू होने के बाद मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि इसके माध्यम से देश के साथ-साथ राज्य में भी लाखों लोगों तक '4G' तकनीक पहुंचेगी और इस कनेक्टिविटी का लाभ महाराष्ट्र सरकार की 1100 ऑनलाइन सेवाओं को गाँव-गाँव तक पहुंचाया जाएगा।

फडणवीस ने कहा कि हमारी सरकार द्वारा नागरिकों को दी जाने वाली ग्यारह सौ सेवाएँ ऑनलाइन और व्हाट्सएप पर उपलब्ध कराई जा रही हैं। इनमें से 90 प्रतिशत सेवाओं को संपूर्ण डिजिटल बनाया जा रहा है। इससे

**राज्य के 9 हजार 30 4जी टावर का उद्घाटन**



नागरिकों को उनके निवास स्थान पर ही उनके आवेदनों की जानकारी मिल जाएगी। मुख्यमंत्री ने भारतनेट के माध्यम से गाँव-गाँव में फाइबर सेवाएँ उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया। फडणवीस ने कहा कि बीएसएनएल ने पूरे देश में 92,633 टावर का खड़ा किया है, जबकि सिर्फ महाराष्ट्र में ही 9,030 टावर की शुरुआत हुई है। यह पूरे राज्य की जनता के लिए ख़ुशी की बात है। गांवों तक मोबाइल कनेक्टिविटी और इंटरनेट के बिना गांव तक विकास पहुंचना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि जब गांव तक इंटरनेट पहुंचता है, गांवों को दुनिया से जोड़ता है। स्मार्ट गाँवों की मदद से गाँव की सभी व्यवस्था को बेहतर बनाया जा सकता है। उद्योग, कृषि और बाजार के लिए कनेक्टिविटी महत्वपूर्ण है। इसलिए, इस तकनीक को गांवों तक पहुंचाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में '4जी' टावरों का निर्माण किया गया।

फडणवीस ने कहा कि अन्य देश जैसे फिनलैंड, स्वीडन, चीन और दक्षिण कोरिया, इन चार देशों के पास अपनी '4जी' तकनीक थी। भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए तकनीक बनाने के प्रयास शुरू किए गए। सी-डॉट, तेजस, आईआईटी, टीएसएस और बीएसएनएल ने शुद्ध, स्वदेशी तकनीक पर आधारित '4जी' तकनीक बनाई है, जिससे भारत इस क्षेत्र में पांचवां देश बन गया है।

## नवरात्रि के तीन दिनों में रात 12 बजे तक लाउडस्पीकर की अनुमति

- मुंबई उपनगर के जिलाधिकारी का आदेश
- ध्वनि सीमा का पालन करना अनिवार्य

**मुंबई।** नवरात्रि उत्सव के मद्देनजर मुंबई उपनगर के जिलाधिकारी ने लाउडस्पीकर के उपयोग के बारे में आदेश जारी किया है। आदेश के अनुसार नवरात्रि के तीन प्रमुख दिन सप्तमी 29 सितंबर, अष्टमी 30 सितंबर और नवमी 1 अक्टूबर के दिन सुबह 6 बजे से रात 12 बजे तक धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में माईक व लाउडस्पीकर के उपयोग की अनुमति दी गई है। मुंबई उपनगर जिलाधिकारी सौरभ कटियार ने आदेश में स्पष्ट किया है कि अनुमति प्राप्त समय के दौरान ध्वनि सीमा का कड़ाई से पालन करना अनिवार्य होगा। उच्च न्यायालय की तरफ से समय-समय पर दिए गए निर्देशों का पालन करना आवश्यक होगा। साथ ही यह सुनिश्चित करना होगा कि किसी भी स्थिति में न्यायालय के आदेशों का उल्लंघन न हो। सरकार की तरफ से घोषित साइलेंस जोन में यह अनुमति मान्य नहीं होगी। यदि कोई शिकायत प्राप्त होती है, तो ध्वनि प्राधिकरण को पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 के तहत कार्रवाई करने का अधिकार प्राप्त होगा। यदि आदेश का उल्लंघन किया गया, तो संबंधित व्यक्तियों/आयोजकों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**लाउडस्पीकर के लिए बनाए गए नियम**

सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार रात 10 से सुबह 6 बजे तक लाउडस्पीकर बंद रखने होते हैं। दिन में 55 डेसिबल और रात में 45 डेसिबल की ध्वनि सीमा निर्धारित है। राज्य सरकार किसी विशेष स्थिति में रात 10 से 12 बजे तक लाउडस्पीकर की अनुमति दे सकती है। हालांकि यह छूट साल में केवल 15 दिनों के लिए मिल सकती है।



## मेट्रो-3 से जुड़ेगा सीएसएमटी स्टेशन

### लाखों यात्रियों की यात्रा होगी आसान

**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

मध्य रेलवे का छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस मुंबई का सबसे व्यस्त रेलवे स्टेशन है। इस स्टेशन से रोजाना लगभग 11 लाख यात्री सफर करते हैं। अगले महीने कुलाबा-सीप्झ-वांद्रे मार्ग पर मेट्रो-3 सेवा शुरू होने वाली है, जिसमें सीएसएमटी स्टेशन भी शामिल है।

मेट्रो-3 के संचालन के बाद कुलाबा से सीएसएमटी आने वाले यात्रियों के लिए रेलवे स्टेशन तक पहुंचना अब आसान होगा। सीएसएमटी में बना सबवे अब मेट्रो-3 से जुड़ जाएगा। इस अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस सबवे मार्ग के माध्यम से लाखों यात्रियों की यात्रा सरल और समय बचाने वाली होगी। फोर्ट इलाके में मुंबई महानगर पालिका, मंत्रालय, बैंक, बड़े बाजार, बंदरगाह और सरकारी तथा निजी कार्यालय स्थित हैं, जिससे यहां हमेशा भारी भीड़ रहती है। मेट्रो-3 शुरू होने के बाद कुलाबा, नरीमन पॉइंट और चर्चगेट से सीएसएमटी आने वाले यात्रियों की संख्या बढ़ने की संभावना है। भीड़ के समय सबवे मार्ग में भारी भीड़, सबवे में बनी दुकानें जो कि बाहरी भागों में फैली रहती हैं। उससे चलना कठिन हो जाता है। इससे पहले मध्य रेलवे के सीएसएमटी स्टेशन तक पहुंचने के लिए यात्रियों को सड़क पार करनी पड़ती थी। जिससे वाहनों और पैदल यात्रियों दोनों को परेशानी होती थी। अब हजारीमल सोमानी मार्ग, महापालिका मार्ग और दादाभाई नौरोजी मार्ग के पास प्रवेश द्वार बनाए गए हैं। मेट्रो-3 के अंतिम चरण के बाद पश्चिमी उपनगरों की भीड़ सीधे सीएसएमटी क्षेत्र में बढ़ जाएगी। सबवे मार्ग यात्रियों के लिए बहुत सुविधा प्रदान करेगा।

सबवे की लंबाई 120 मीटर और चौड़ाई 6.5 मीटर है। दिव्यांग यात्रियों के लिए लिफ्ट और रैम्प की सुविधा उपलब्ध है। हवा का संचार और कूलिंग बनाए रखने के लिए हीटिंग, वेंटिलेशन और एयर कंडीशनिंग (एचवीएसी) प्रणाली लगाई गई है। सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे भी स्थापित किए गए हैं।

## बटेंगे तो कटेंगे के बाद आई लव महादेव पर छिड़ा जंग

- आई लव मोहम्मद के बाद, आई लव महादेव का बैनर
- मंत्री नितेश राणे ने सोशल मीडिया पर किया पोस्ट

**मुंबई।** राज्य में बटेंगे तो कटेंगे के बाद अब आई लव महादेव की चर्चा खूब हो रही है। प्रदेश में जगह-जगह आई लव महादेव के बैनर लगाए गए हैं। इस बैनर को लेकर राजनीति भी गरमाई हुई है। राज्य के मत्स्य व्यवसाय मंत्री नितेश राणे के विधानसभा क्षेत्र कणकवली में आई लव महादेव के बैनर लगाए जाने से राजनीतिक और सामाजिक हलकों में चर्चा छिड़ गई है। वहीं मुंबई के शिवड़ी में भी इस तरह का पोस्टर लगा हुआ है। नवरात्रि उत्सव के अवसर पर आयोजित




गरबा में लगे बैनर की खूब चर्चा हो रही है। भाजपा मंत्री के आई लव महादेव बैनर पर विपक्ष ने जोरदार निशाना साधा है। विपक्ष का आरोप है कि विधानसभा चुनाव में भाजपा ने बटेंगे तो कटेंगे का नारा देकर दो समुदाय में नफरत फ़ैलाने का काम किया था। अब मुंबई मनपा और स्थानीय चुनाव से पहले एक बार फिर हिन्दू-मुस्लिम समाज को बांटने के लिए आई लव महादेव का नारा दे रही है।

बता दें कि इससे पहले कुछ स्थानों पर आई लव मोहम्मद के बैनर लगाए गए थे। उसके बाद, भाजपा नेता नितेश राणे ने अपने ट्विटर हैंडल पर अपना पक्ष रखते हुए आई लव महादेव पोस्ट किया है। राणे के सोशल मीडिया पर आई लव महादेव पोस्ट करने के बाद सियासत तेज हो गई है। राणे के पोस्ट के बाद नवरात्रि के मंडपों में भाजपा के पदाधिकारियों द्वारा आई लव महादेव का बैनर लगाया गया है।

## मुंबई, ठाणे, पालघर और रायगढ़ में आज होगी भारी बारिश

**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

मौसम विभाग ने रविवार को मुंबई और उसके आस-पास के जिलों ठाणे, पालघर और रायगढ़ में रेड अलर्ट जारी किया है। रेड अलर्ट का मतलब है कि कुछ स्थानों पर अत्यधिक भारी वर्षा, गरज-चमक और तेज़ हवाओं की स्थिति बन सकती है। पालघर के लिए सोमवार को भी रेड अलर्ट लागू रहेगा। मौसम विभाग ने रविवार के लिए मुंबई और आस-पास के जिलों में रेड एलर्ट जारी किया है, जबकि सोमवार ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है, जिसमें भारी से भारी बारिश और गरज-चमक के साथ तेज हवाओं की चेतावनी है। मौसम विभाग का कहना है कि इन क्षेत्रों में 1 अक्टूबर तक बारिश जारी रह

**मौसम विभाग ने रेड एलर्ट किया जारी**




सकती है। 30 सितंबर और 1 अक्टूबर के लिए येलो अलर्ट जारी है, जिसमें कुछ स्थानों पर भारी वर्षा की संभावना जताई गई है। शनिवार को मुंबई में ऑरेंज अलर्ट था लेकिन शहर में केवल सुबह के समय कुछ देर तेज बारिश हुई और दिन भर मौसम अपेक्षाकृत शुष्क रहा। चौबीस घंटों के आंकड़ों के अनुसार, सुबह 8:30 बजे तक आईएमडी कोलाबा में 54.4 मिमी और सांताक्रूज में 11.8 मिमी बारिश दर्ज की गई। आईएमडी मुंबई ने बताया कि 26 सितंबर को बंगाल की खाड़ी में बना डिप्रेशन 27 सितंबर की सुबह दक्षिण ओडिशा के तट से टकराया और अब पश्चिम दिशा की ओर बढ़ते हुए धीरे-धीरे कमजोर हो रहा है। इसका प्रभाव दक्षिण आंतरिक ओडिशा, तेलंगाना, उत्तर आंतरिक कर्नाटक और गोवा तक समुद्र तल से 3.1 से 4.5 किमी की ऊंचाई के बीच फैला हुआ है। इन मौसम प्रणालियों के असर से महाराष्ट्र में व्यापक बारिश की संभावना है।

**रायगड जिला और पुणे घाट सेक्शन में भी रेड अलर्ट**

रायगड जिला और पुणे घाट सेक्शन में रविवार 28 सितंबर को बारिश का रेड अलर्ट जारी किया गया है, जबकि मुंबई, ठाणे शहर, मुंबई उपनगर, रत्नागिरी, सिंधुदुर्ग, नाशिक और छत्रपति संभाजी नगर जिलों सहित सातारा घाट व कोल्हापुर घाट परिसर में भी रेड अलर्ट दिया गया है। इस बात की जानकारी राज्य आपातकालीन संचालन केंद्र ने दी है।

## शिवभोजन केंद्रों के लिए 21 करोड़ का अनुदान



**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

महाराष्ट्र सरकार ने शिवभोजन थाली केंद्रों के लिए 21 करोड़ रुपए का अनुदान जारी किया है। इस संबंध में सरकार ने आधिकारिक शासन निर्णय (जीआर) भी जारी किया।

शिवभोजन थाली योजना राज्य के गरीब और जरूरतमंद लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण योजना है। इस योजना के अंतर्गत लोगों को रियायती दरों पर भोजन उपलब्ध कराया जाता है। इस 21 करोड़ रुपए के अनुदान से शिवभोजन थाली केंद्रों को अधिक प्रभावी ढंग से संचालित करने में मदद मिलेगी। राज्य सरकार का यह निर्णय राज्य के अनेक नागरिकों को राहत देने वाला है। इस निधि के माध्यम से शिवभोजन थाली केंद्रों का कार्य सुचारू रूप से चलेगा और योजना का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचने की उम्मीद है। सरकार के इस निर्णय से शिवभोजन थाली योजना को और अधिक मजबूती मिलेगी।

पिछले 6 माह से शिवभोजन थाली केंद्र चलाने वालों को अनुदान नहीं मिल रहा था, ऐसे में कई केंद्रों के बंद होने की नौबत आ गई थी। महाविकास आघाड़ी सरकार के वक्त तत्कालीन मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने यह योजना शुरु की थी। इस योजना के तहत गरीब और जरूरतमंद लोगों को 10 रुपए में भोजन उपलब्ध कराया जाता है। ग्रामीण इलाकों में प्रति थाली 25 रुपए और शहरी इलाकों में 40 रुपए का अनुदान दिया जाता है। इस योजना को चलाने के लिए हर साल 227 करोड़ रुपए खर्च आता है।

राज्य के खाद्य और नागरिक आपूर्ति मंत्री छगन भुजबल शिव भोजन थाली योजना के समर्थक रहे हैं। मई माह में जब इस योजना के बंद होने की अफवाह उड़ी थी तब उन्होंने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मिलकर योजना बंद नहीं करने का अनुरोध किया था। भुजबल ने तर्क दिया था कि इस योजना से तकरीबन दो लाख लोगों को भोजन मिलता है। उन्होंने दक्षिण भारत के राज्यों का उल्लेख किया कि वहां ऐसी योजनाएं सफलतापूर्वक चल रही है।

## मानसून में फिर शुरु हुई नाला सफाई

**मुंबई।** नालों में तैरता कचरा निकालने के लिए मनपा प्रशासन फिर एक बार विशेष अभियान चलाने जा रही है। यह अभियान सोमवार, 29 सितंबर 2025 से शुरू होकर सोमवार, 13 अक्टूबर 2025 तक प्रतिदिन सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित किया जाएगा।

मनपा प्रशासन ने जानकारी दी है कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य नालों में तैरते हुए कचरे को इकट्ठा करना और उसका उचित निस्तारण करना है। महानगरपालिका ने इसके लिए प्रमाणित कार्यप्रणाली निर्धारित की है, जिसमें संयंत्र, मानव संसाधन और स्थानीय नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

मनपा आयुक्त भूषण गगराणी ने शहर की स्वच्छता स्तर बढ़ाने और नागरिकों में जागरुकता पैदा करने के लिए व्यापक स्वच्छता अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। अतिरिक्त आयुक्त



अश्विनी जोशी ने अभियान के क्रियान्वयन के निर्देश दिए और चेतावनी दी कि लापरवाही या नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। अभियान के तहत प्रत्येक प्रशासनिक विभाग के नाले और नाले के आस-पास के क्षेत्र की सफाई की जाएगी। इसमें ठोस कचरा प्रबंधन विभाग, वर्षा जल नालियां विभाग, स्वयंसेवी संस्थाओं के कर्मचारी और नागरिकों की सक्रिय भागीदारी होगी। सफाई कार्य के लिए यांत्रिक सफाई उपकरण, कचरा उठाने के साधन, डंपर, जेसीबी, पानी के टैंकर और फायरएक्स उपकरण का उपयोग किया जाएगा।

अभियान में पेड़ लगाना, फेंके गए कचरे को हटाना, कचरा इकट्ठा करना और पूरे क्षेत्र को धोकर स्वच्छ करना शामिल होगा। वर्षा जल नालियां विभाग द्वारा निकाला गया तैरता कचरा ठोस कचरा प्रबंधन विभाग के माध्यम से निस्तारित किया जाएगा। अतिरिक्त मनपा आयुक्त अश्विनी जोशी ने नागरिकों से अपील की है कि वे नालों में कचरा न डालें और कचरा कुंड में डालें, ताकि नाले नहीं भरें और पानी का प्रवाह सुचारू रहे।


**पश्चिम रेलवे**
**विद्युत ऊर्जा कार्य**

वरि. डीईई/पी/बीसीटी, मुंबई सेंट्रल, द्वारा **ई-निविदा सूचना क्र. : ईएल-81-7-927-डब्ल्यूए-42, दि. 25.09.2025** आमंत्रित की जाती है. **कार्य एवं स्थान** : मुंबई सेंट्रल – मुंबई सेंट्रल मुख्य स्टेशन और ओआरएच परिचर सदन तथा रेल निकुंज के पास अधिकारी विश्राम गृह के सुधार एवं फर्नीशिंग कार्य के संबंध में विद्युत (ऊर्जा) कार्य. **कार्य की अनुमानित लागत** : ₹ 61,46,703/-, **ईएमडी** : ₹ 1,22,900/-, **जमा करने की तिथि एवं समय** : 24.10.2025 को 15.00 बजे तक, **खुलने की तिथि एवं समय** : 24.10.2025 को 15.30 बजे. अधिक जानकारी के लिये कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें. 0644

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**
**ओएचई कार्य**

वरि. मंडल विद्युत अभियंता (सब.), पश्चिम रेलवे, मुंबई सेंट्रल, मुंबई – 400 008 द्वारा ई-निविदा आमंत्रित की जाती है. **ई-निविदा सूचना क्र. : डब्ल्यूआर-एमएमसीटीओईएसयूबी (ईएसओटी)/10/2024 (आरटी), दिनांक : 23.09.2025. कार्य का नाम** : अंधेरी – बोरीवली अनुभाग : यूपीटीएच और डीएनटीएच लाइंस के अनरेग्युलेटेड ओएचई का रेग्युलेटेड ओएचई में रूपांतरण. **कार्य की अनुमानित लागत** : ₹ 12,01,26,239/-. **बोली सुरक्षा** : ₹7,50,600/-. **जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय** : 22.10.2025 को 15.00 बजे तक. **खुलने की अंतिम तिथि एवं समय** : 22.10.2025 को 15.30 बजे. अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें. 0637

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**
**सामग्री प्रबंधन विभाग**
**विभिन्न सामग्री की आपूर्ति**
**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना क्र. एस/62/2025 दिनांक 23.09.2025**

| अ.क्र. | आइटम का संक्षिप्त विवरण | मात्रा | टी.ओ.डी. |
|---|---|---|---|
| 542 | फोर V डीप ग्रूव एक्सल पुली असेम्बली | 544 नग | 17-अक्टूबर-25 |
| 543 | आर्टिक्युलेटेड स्फेरोलॉस्टिक रबर | 1159 नग | 21-अक्टूबर-25 |
| 544 | डायनामिक ब्रेकिंग रेसिस्टर (डीबीआर) | 50 नग | 22-अक्टूबर-25 |
| 545 | लॉक असे. का सेट | 89 सेट | 22-अक्टूबर-25 |
| 546 | फ्लैप डोर अरेंजमेंट | 2428 नग | 22-अक्टूबर-25 |
| 547 | ओचई पॉवर प्रेजेन्स/अबसेंस इंडिकेटर | 272 नग | 23-अक्टूबर-25 |
| 548 | विनाइल कोटेड अपहोल्स्ट्री फैब्रिक (आर्टिफिशियल लेदर) | 44134 मी. | 23-अक्टूबर-25 |
| 549 | इलेक्ट्रॉनिक रेक्टीफायर कम | 91 नग | 27-अक्टूबर -25 |
| 550 | अर्थिंग कार्बन ब्रश, पैन हेड | 2626 नग | 27-अक्टूबर-25 |
| 551 | हिताशी ट्रैक्शन मोटर हेतु 23 टीथ पिनियन | 180 नग | 27-अक्टूबर-25 |
| 552 | इंटर व्हीक्युलर कपलर्स असेम्बली की आपूर्ति | 4 सेट | 29-अक्टूबर-25 |
| 553 | कपलर असेम्बली | 5 सेट | 03-नवंबर-25 |
| 554 | होरीजोंटल बोरींग और मिलिंग मशीन | 2 नग | 10 - नवंबर-25 |
| 555 | एंटी वाइब्रेशन माउंटिंग पैड (एवीएम) | 8506 नग | 19-नवंबर-25 |
| 556 | बॉडी से बोगी कनेक्टिंग स्विंगिंग लिंक | 11532 नग | 01-दिसंबर-25 |
| 557 | एंटी रोल बार | 1433 नग | 03-दिसंबर-25 |

**शुद्धिपत्र**

**निविदा सूचना क्र. एस-44-2025, दिनांक : 11.07.2025** के अ.क्र. 379 हेतु कृपया निर्धारित तिथि को 30.09.2025 और मात्रा को 28619 सेट पढ़ें.

विस्तृत सूचना ईएमडी, क्रय प्रतिबंध और विस्तृत निविदा शर्तों के बारे में विस्तृत जानकारी के लिये कृपया वेबसाइट **www.ireps.gov.in** और **wr.indianrailways.gov.in** का अवलोकन करें. 0638

हमें लाइक करें : facebook.com/WesternRly • हमें फॉलो करें : X.com/WesternRly


## वालकेश्वर सड़क चौड़ीकरण विवाद: मनपा आईआईटी-बॉम्बे से कराएगी अध्ययन

**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

वालकेश्वर सड़क चौड़ीकरण विवाद के बीच बीएमसी ने इस सड़क के विस्तार की आवश्यकता और व्यवहार्यता का अध्ययन कराने के लिए आईआईटी-बॉम्बे को नियुक्त करने का निर्णय लिया है। मालाबार हिल के निवासियों का एक वर्ग सड़क की चौड़ाई घटाने का विरोध कर रहा है। 19 सितंबर को मनपा के मुख्य सड़क अभियंता गिरीश निकम ने निवासी संघ को भेजे गए पत्र में यह जानकारी दी। फिलहाल वॉलकेश्वर रोड की चौड़ाई 13.9 मीटर है, जबकि मनपा के रिकॉर्ड के अनुसार 13 जुलाई 1967 को इसे 27.5 मीटर चौड़ा करने की स्वीकृति




दी गई थी। हालांकि मनपा के ट्रैफिक विभाग के डिप्टी चीफ इंजीनियर ने अगस्त 2022 में आंतरिक नोट में कहा था कि 27.5 मीटर चौड़ा करना संभव नहीं है और सड़क को 17 मीटर तक सीमित करने का प्रस्ताव रखा था। पिछले वर्ष दिसंबर से स्थानीय निवासी इस कटौती का विरोध कर रहे हैं और मांग कर रहे हैं कि बांदस्टैंड से तीन बत्ती तक का मार्ग मूल रूप से निर्धारित 27.5 मीटर तक चौड़ा किया जाए। स्थानीय निवासी और आर्किटेक्ट जसवंत मेहता ने कहा कि 55 वर्षों में मनपा ने कोई प्रयास नहीं किया और यह मार्ग आज भी 13 से 16 मीटर के बीच का ही है। वे कुछ अन्य निवासियों के साथ इस मुद्दे को लेकर महाराष्ट्र के राज्यपाल से भी मिले थे। मनपा के पत्र के अनुसार राज्यपाल ने 5 अगस्त 2025 को इस विषय की समीक्षा की और मनपा को निर्देश दिया कि प्रस्तावित चौड़ीकरण के लाभ हानि और वित्तीय पहलुओं पर तृतीय पक्ष द्वारा अध्ययन कर रिपोर्ट तैयार की जाए। पत्र में कहा गया है कि इस अध्ययन के लिए आईआईटी-बॉम्बे को नियुक्त किया जा रहा है और यह रिपोर्ट आगे की कार्रवाई के लिए राज्यपाल को सौंपी जाएगी।

## पत्नी और ससुराल वालों की प्रताड़ना से तंग आकर युवक ने की आत्महत्या

**नायगांव।** नायगांव पूर्व में एक युवक द्वारा कथित तौर पर अपनी पत्नी और ससुराल पक्ष की निरंतर प्रताड़ना से तंग आकर फांसी लगाकर आत्महत्या करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। मृतक ने आत्महत्या से पहले एक वीडियो रिकॉर्ड किया था, जिसमें उसने अपनी आपबीती बताते हुए इस कदम के लिए पांच लोगों को जिम्मेदार ठहराया है। नायगांव पुलिस ने वीडियो और शिकायत के आधार पर गहन जांच के बाद सभी पांच आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है।

## 'नकली पुलिसवाला' बनकर ठगी करने वाला गिरफ्तार

### शराबियों और राहगीरों को बनाता था निशाना

**महानगर संवाददाता**
**विरार**

विरार में खुद को पुलिसकर्मी बताकर राहगीरों को डराने-धमकाने और उनसे पैसे ऐंठने वाले एक शातिर ठग को विरार पुलिस स्टेशन की डिबी टीम ने धर दबोचा है। आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी और वसूली की गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर उसे पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान ज्ञानेश्वर पाटील 35 वर्ष, के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, विरार पुलिस स्टेशन में 20 सितंबर को एक ही दिन में लगातार तीन शिकायतें दर्ज की गईं। शिकायतकर्ताओं ने बताया कि एक व्यक्ति पुलिस की वर्दी या पहचान का हवाला देकर इलाके में लोगों को रोकता है और उनसे अवैध रूप से पैसों की वसूली करता है। निरीक्षक लालू तुरे ने तुरंत डिबी टीम को जांच के आदेश दिए। टीम ने इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगाले और गुप्त सूत्रों की मदद से आरोपी का पता लगाया, जिसके बाद उसे नालासोपारा से गिरफ्तार कर लिया गया।

**'आगे बड़े साहेब खड़े हैं' कहकर डराता था**

पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी पाटील की ठगी का तरीका बेहद शातिर था। वह मुख्य रूप से शराब की दुकानों से बाहर निकलने वाले लोगों को निशाना बनाता था। इसके अलावा, वह सड़कों पर गुटखा थूकने वाले और आम राहगीरों को रोककर डराता था।

पुलिस के मुताबिक, आरोपी उन्हें धमकाने के लिए कहता था कि "आगे बड़े साहेब खड़े हैं, चलो उनके पास।" इस तरह लोगों को डराकर वह उनसे पैसे वसूल करता था। पुलिस ने आरोपी के पास से 20 हजार रुपये नकद बरामद किए हैं। यह कार्रवाई मीरा भायंदर वसई विरार आयुक्तालय अंतर्गत परिमंडल तीन के पुलिस उपायुक्त सुहास बावचे और सहायक पुलिस आयुक्त बजरंग देसाई के मार्गदर्शन में वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक लालू तुरे के नेतृत्व में की गई।


**श्री साई गणेश को-ऑप. क्रेडिट सोसायटी लि., मुंबई**

(रजि. नं.: बीओएम./डब्ल्यूएम./आरएसआर/(सीआर) ८४८५/सन २०००-२००१)
कार्यालय : शॉप नं. ४३, बिल्डिंग नं. ११, मंगलमूर्ती कॉम्प्लेक्स, जी-एम लिंक रोड, मानखुर्द (प.), मुंबई- ४०००४३. वेबसाईट : shrisaiganesh8484@gmail.com फोन : ८०९७८०९५३१

*** २५ वी वार्षिक सर्वसाधारण सभा ***

**श्री साई गणेश को-ऑप. केडिट सोसायटी लिमिटेड** की २५ वी वार्षिक सर्वसाधारण सभा **मंगळवार, ३०/०९/२०२५ समय ठीक दोपहर १.०० बजे, संस्था ऑफिस के सामने, मंगलमूर्ती गणेशोत्सव मंडल प्रांगण, मानखुर्द-घाटकोपर लिंक रोड, मानखुर्द (प.), मुंबई - ४०००४३** में आयोजित की गई है।

*** सभा की विषय सूची ***

१) वार्षिक सर्वसाधारण सभा के अध्यक्ष का चुनाव करना ।
२) दिवंगत राजकीय, सामाजिक तथा सदस्यों को श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु।
३) सन २०२३-२०२४ का वार्षिक सभा वृत्त को मंजूर करना।
४) सन २०२४-२०२५ की वार्षिक लेखा-जोखा व लाभ-हानि पत्रक को मान्यता प्रदान कराने हेतू।
५) सन २०२४-२०२५ लाभ का बटवारा का अहवाल बुक में पेज नं. ३ पर कार्यकारी समिती ने सिफारीश करने हेतू।
६) सन २०२४-२०२५ का वैधानिक लेखा-जोखा विवरण पत्रक पढ़कर सुनाना तथा दोष दुरुस्ती अहवाल को मान्यता प्रदान करने हेतू।
७) सन २०२५-२०२६ का अंदाज पत्र जमा व खर्च व्याज को मान्यता देने हेतू ।
८) सन २०२५-२०२६ वर्ष के लिए अन्तर्गत तथा वैधानिक लेखा-जोखा अधिकारी की नियुक्ती तथा उनका मेहनताना निश्चय करने हेतू।
९) वार्षिक सर्वसाधारण सभा में अनुपस्थित सदस्यों की अनुपस्थिती क्षमापित करना।
१०) मा. अध्यक्ष के सहमती से अन्य विषयों पर चर्चा कराने हेतू।

दिनांक : १०/०९/२०२५

श्री. लक्ष्मीकांत श्यामलाल गुप्ता
अध्यक्ष

*** विशेष सूचना ***

१) जिस किसी सभासद को वार्षिक विवरण या हिसाब के विषय में कोई प्रश्न या प्रस्ताव प्रस्तुत करना है। वह वार्षिक सभा के आठ दिन पहले कार्यालय में लिखित सुचना दे।
२) वार्षिक सभा में आते समय वार्षिक विवरण पत्र साथ में लाये।
३) गणसंख्या कम होने पर उसी दिन उसी जगह पर आधे घंटे बाद सभा ली जयेगी।



**पश्चिम रेलवे की ओर से त्यौहार विशेष गाड़ियों का संचालन**

| गाड़ी क्र. | आरंभिक स्टेशन और गंतव्य | संचालन दिवस | प्रस्थान | आगमन |
|---|---|---|---|---|
| 09023 | बांद्रा टर्मिनस – सांगानेर | 02.10.2025 से 27.11.2025 तक | 16.45 बजे (गुरुवार) | 12.30 बजे (अगले दिन) |
| 09024 | सांगानेर – बांद्रा टर्मिनस | 03.10.2025 से 28.11.2025 तक | 16.50 बजे (शुक्रवार) | 11.15 बजे (अगले दिन) |

**ठहराव :** बोरीवली, पालघर, वापी, वलसाड, सूरत, भरूच, वडोदरा, रतलाम, नागदा, चौमहला, शामगढ़, भवानी मंडी, रामगंज मंडी, कोटा और सवाई माधोपुर स्टेशन पर दोनों दिशाओं में.

**संयोजन :** एसी 2-टीयर, एसी 3-टीयर और एसी 3 – टीयर (इकॉनमी) कोचेस

| गाड़ी क्र. | आरंभिक स्टेशन और गंतव्य | संचालन दिवस | प्रस्थान | आगमन |
|---|---|---|---|---|
| 09324 | इंदौर- खड़की | 01.10.2025 से 26.11.2025 तक | 11.15 बजे (बुधवार) | 03.10 बजे (अगले दिन) |
| 09323 | खड़की – इंदौर | 02.10.2025 से 27.11.2025 तक | 05.10 बजे (गुरुवार) | 23.55 बजे (उसी दिन) |

**ठहराव :** देवास, उज्जैन जं., नागदा जं., रतलाम, गोधरा, वडोदरा, सूरत, वलसाड, वापी, वसई रोड, कल्याण और लोनावला स्टेशन पर दोनों दिशाओं में.

**संयोजन :** एसी 2 – टीयर और एसी 3 – टीयर कोचेस.

संयोजन और ठहरावों, समय सारिणी के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in का अवलोकन करें.

आईआरसीटीसी वेबसाइट और पीआरएस काउंटर्स पर गाड़ी क्र. **09023 और 09324** के लिये **बुकिंग 28.09.2025** से शुरु होगी. उपरोक्त गाड़ियों को विशेष किराए पर विशेष गाड़ियों के तौर पर संचालित किया जाएगा.

wr.indianrailways.gov.in
हमें लाइक करें : facebook.com/WesternRly
हमें फॉलो करें : X.com/WesternRly
हमें फॉलो करें : Instagram/WesternRly

सभी आरक्षित टिकटों के लिए वैध पहचान पत्र साथ रखें.

# वांगचुक आन्दोलन का भारत पर असर!

अभी भारत के कुछ उत्साही हिन्दू राष्ट्रवादी, नेपाल के 'जेन जी रेवॉल्यूशन' का जश्न मना कर आराम ही कर रहे थे कि लद्दाख से एक बड़ी खबर सामने आयी। खबर यह है कि केन्द्र शासित प्रदेश लद्दाख में कुछ उत्साही युवाओं ने देश के सत्तारूढ़ गठबंधन का नेतृत्व कर रही भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय को आग के हवाले कर दिया। आन्दोलन अभी भी जारी है और केन्द्र सरकार ने यह तय कर लिया है कि वहां के आन्दोलन को शांत करने के लिए अब केन्द्रीय सुरक्षा बल एवं भारत-तिब्बत सीमा पुलिस की टुकड़ियों को तैनात किया जाएगा। मतलब साफ है कि अब भारत का एक और शांत राज्य अशांति का दंश झेलने को अभिशप्त है। ऐसा क्यों हुआ, इसके लिए जिम्मेदार कौन है और इस अशांति का हेतु क्या है, ऐसे कई प्रश्न है, जो कूटनीतिक क्षितिज पर तैर रहे हैं और लगातार जवाब ढूँढ रहे हैं। पहले तो लद्दाख की हालिया स्थिति क्या है, उस पर चर्चा करना ठीक रहेगा। मसलन, केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्ज़ा देने की मांग को लेकर बुधवार को हुआ विरोध प्रदर्शन एकाएक हिंसक हो गया और भीड़ ने लेह में प्रदेश भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में आग लगा दी। बता दें, पर्यावरणविद और सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक बीते 15 दिनों से भूख हड़ताल पर थे और उन्हीं मुद्दों को लेकर यह प्रदर्शन था। उन्होंने समाचार माध्यमों को बताया कि लेह में आज हुई हिंसा के बाद उन्होंने अपना अनशन समाप्त कर दिया है। उन्होंने लोगों से शांति की अपील भी की है। मिल रही जानकारी में बताया गया है कि पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे और लाठीचार्ज किया। कुछ वीडियो में कई वाहन जलते हुए दिख रहे हैं और कुछ झड़पें भी हुई हैं। स्थानीय समाचार के अनुसार फिलहाल लेह में कर्फ्यू लगा दिया गया है। इस मामले में केन्द्र सरकार ने सोनम वांगचुक पर हिंसा फैलाने का आरोप लगाया है। हिंसा के बाद ही सोनम वांगचुक ने एक्स पर एक वीडियो संदेश जारी कर शांति की अपील की। उन्होंने कहा, ''आज, हमारे भूख हड़ताल का 15वां दिन था। लेह सिटी में व्यापक हिंसा और तोड़फोड़ की घटनाओं से मैं दुखी हूं। कई कार्यालयों और पुलिस की गाड़ियों को आग लगा दी गई। पांच सालों से (युवा) बेरोज़गार हैं। एक के बाद एक बहाना करके उन्हें नौकरियों से बाहर रखा जा रहा है और लद्दाख को भी संरक्षण नहीं दिया जा रहा है। इस हिंसा में तीन से पांच युवाओं की जान जाना दुखद है और हम उनके परिवारों के साथ शोक जताते हैं।'' इसका मतलब साफ है कि इस हिंसक आन्दोलन में कुछ लोगों की जान भी गयी है हालांकि प्रदर्शन के दौरान लोगों के मारे जाने के बारे में पुलिस प्रशासन ने कोई बयान जारी नहीं किया है। इस क्षेत्र के लोगों की थोड़ी पीड़ा भी समझनी होगी। केंद्र शासित प्रदेश बनने से पहले लद्दाख के लोग जम्मू-कश्मीर पब्लिक सर्विस कमीशन में गज़ेटेड पदों के लिए अप्लाई कर सकते थे लेकिन अब ये सिलसिला बंद हो गया है। वर्ष 2019 से पहले नॉन गज़ेटेड नौकरियों के लिए जम्मू-कश्मीर सर्विस सेलेक्शन बोर्ड भर्ती करता था और उस में लद्दाख के उम्मीदवार भी होते थे लेकिन अब ये नियुक्तियां कर्मचारी चयन आयोग की ओर से की जा रही हैं। यह आयोग एक संवैधानिक निकाय है जो केंद्र सरकार के लिए भर्तियां करता है। अलग केंद्र शासित प्रदेश बनाने से लेकर आजतक लद्दाख में बड़े स्तर पर नौकरियों के लिए नॉन- गज़ेटेड भर्ती अभियान नहीं चलाया गया है जिसको लेकर लद्दाख के युवाओं में गुसा है। लद्दाख के लोग ये उम्मीद कर रहे थे कि केंद्र शासित प्रदेश बनने के साथ-साथ लद्दाख को विधानमंडल भी दिया जाएगा और छठी अनुसूची के तहत सुरक्षा दी जाएगी। ऐसा भी संभव नहीं हो पाया है। लोगों का आरोप है कि भारतीय जनता पार्टी इन वादों से मुकर रही है और इस असंतोष ने प्रदर्शन का रूप ले लिया। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 244 के तहत छठी अनुसूची स्वायत्त प्रशासनिक प्रभागों में स्वायत्त जिला परिषदों के गठन का प्रावधान करती है जिनके पास एक राज्य के भीतर कुछ विधायी, न्यायिक और प्रशासनिक स्वतंत्रता होती है। लद्दाख की घटना से केवल लेह-लद्दाख वाले क्षेत्र पर ही असर नहीं होगा। इसका असर पूरे पश्चिमोत्तर पहाड़ी राज्यों पर पड़ने की संभावना है। सोनम वांगचुक को उत्तराखंड में भी बड़ी स्वीकार्यता मिल रही है। लगभग एक वर्ष पहले उत्तराखंड एकता मंच के कुछ प्रतिनिधियों ने सोनम से जाकर मुलाकात की थी। इसी वर्ष यानी 2025 में बीते 21 मई को वांगचुक उत्तराखंड की अस्थाई राजधानी देहरादून आए थे। उस दौरान उन्होंने जो बातें कही, वह अहम है और इससे केन्द्र सरकार को सतर्क हो जाना चाहिए। देहरादून के अपने भाषण में वांगचुक ने कहा, ''केंद्र सरकार ने जब जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाई थी और लद्दाख को केंद्र शासित राज्य बनाया था, तब लोगों को लगा कि लद्दाख का विकास होगा। इस उम्मीद के साथ उन्होंने लोकसभा चुनाव में भाजपा को वोट दिया लेकिन जब केंद्र शासित राज्य बनाने का जश्न खत्म हुआ, तब पता चला कि यह तो लद्दाख के लोगों के साथ धोखा है क्योंकि अब इस क्षेत्र का कोई प्रतिनिधि लोकसभा या विधानसभा में नहीं होगा।'' उन्होंने कहा, ''यह व्यवस्था संभवत इसलिए की गई ताकि कॉरपोरेट द्वारा संचालित परियोजनाएं बिना स्थानीय लोगों की सहमति के बनाई जा सकें। उनका कहना था कि उत्तराखंड सहित सभी पहाड़ी राज्यों में विकास कॉरपोरेट के दबाव में किया जा रहा है। लद्दाख की जनता छठी अनसूची की मांग कर रही है, ताकि स्थानीय लोगों की सहमति के बिना कोई परियोजना लद्दाख में न बने।'' इधर उत्तराखंड में भी हिमाचल प्रदेश की तरह पांचवी अनुसूची की मांग हो रही है जिसके तहत पेसा कानून लागू होता है। यहां यह भी बता दें कि आज से लगभग 30 वर्ष पहले भाजपा के नेता पंडित मनोहर कांत ध्यानी पहाड़ी राज्यों का एक परिसंघ बनाने की योजना पर काम कर रहे थे। यहा योजना पंडित जी की खुद की नहीं थी।

**– गौतम चौधरी**

कटाक्ष | सुरेश मिश्र

*बहुत दिनों के बाद अब,बेल मिली श्रीमान*
*बाहर आए जेल से, अपने आजम खान*
*अपने आजम खान, न आया कोई साथी*
*जिनके बाबू आप, रहे हरदम बाराती*
*कह सुरेश कविराय तब बग्घी दे ली दाद*
*सइकिल नहीं नसीब है बहुत दिनों के बाद*

# आपसी जरूरतों पर आधारित पाक-सऊदी संबंध

> भारत, सऊदी अरब के लिए पाकिस्तान से अधिक महत्वपूर्ण है और भारत के साथ उसकी आर्थिक और रणनीतिक साझेदारी महत्वपूर्ण है, यह बात पाकिस्तान के साथ रक्षा सौदे के बाद भी सऊदी के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दोहराई गई है। सऊदी अरब के साथ भारत के संबंध मजबूत हैं।



सऊदी अरब और पाकिस्तान के बीच हुआ रक्षा समझौता क्या वर्ल्ड ऑर्डर में एक बड़े बदलाव का संकेत है? सवाल यह इस कारण है कि क्या पश्चिम एशिया में खासतौर से जो देश अमेरिका की गुड बुक्स में रहे हैं, उनका भरोसा उससे हट रहा है? सऊदी-पाकिस्तान समझौते के पीछे सबसे बड़ा फैक्टर है कतर पर किया गया इजरायल का हमला। कतर अमेरिका का पुराना सहयोगी है। यहां साल 2000 से अमेरिकी सैन्य अड्डा है। कतर की राजधानी दोहा के पास मौजूद अल उदैद एयरबेस पश्चिम एशिया में अमेरिकी सेंट्रल कमांड के एयर ऑपरेशंस का मुख्यालय है। यहां क़रीब 8,000 अमेरिकी सैनिक तैनात हैं। कतर को लगता था कि इस वजह से वह इजरायल समेत किसी भी देश के हमले से महफ़ूज़ है। मगर जब दोहा में हमास के नेताओं को मारने के लिए इजरायल ने हमला बोला, तो उसका यह भरोसा टूट गया। सऊदी अरब को भी लगा कि वह भी सुरक्षित नहीं है, क्योंकि इजरायल की मिसाइलें सऊदी के एयरस्पेस को पार करके ही दोहा पहुंच सकती थीं। अभी तक ये सारे देश (मुस्लिम देश) विश्व कूटनीति में अमेरिका के साथी ही माने जाते रहे हैं। इजरायली प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने कहा कि उन्होंने ट्रंप को दोहा पर हमले के बारे में पहले ही बता दिया था। दबाव में आकर ट्रंप को भी मानना पड़ा कि उन्हें इसकी जानकारी थी। इस खुलासे ने पश्चिमी एशिया के देशों में खलबली पैदा की। वैसे भी सबके दिमाग में कतर द्वारा अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप को करोड़ों डॉलर की कीमत वाला हवाई जहाज गिफ्ट करने की छवि तरोताज़ा थी। अमेरिका की मुश्किले कई हैं जैसे कतर में अमेरिकी सैन्य अड्डा, फिर भी इजरायल ने किया हमला वगैरह। बताया जाता है कि इसीलिए सऊदी-पाक में हुआ करार हुआ है। वैसे भारत ने सऊदी अरब और पाकिस्तान के बीच हाल के समझौते पर कोई टिप्पणी नहीं की। भारत ने यह कहकर सावधानी से जवाब दिया कि वह दोनों देशों के बीच समझौते का अध्ययन कर रहा है। सऊदी अरब के साथ भारत के संबंध मजबूत हैं। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने इस साल सऊदी अरब का दौरा किया। भारत और सऊदी अरब के बीच द्विपक्षीय व्यापार 50 बिलियन डॉलर से अधिक है। सऊदी अरब अपने कच्चे तेल का 20 प्रतिशत से अधिक भारत को निर्यात करता है। अप्रैल 2025 में, दोनों ने रक्षा सहयोग पर हस्ताक्षर किए। एक समिति का गठन किया गया। इसमें संयुक्त अभ्यास शामिल हैं। अब जब सऊदी अरब का पाकिस्तान के साथ समझौता हो गया है और पाकिस्तान के नेता समझौते को लेकर जो कुछ भी कहें, सऊदी अरब भारत के साथ संतुलन बनाएगा। सऊदी अरब पाकिस्तान की लड़ाई नहीं लड़ेगा; लेकिन यह ईरान जैसे क्षेत्रीय प्रतिद्वंद्वियों से निपटने में मदद करेगा। यदि भारत और पाकिस्तान फिर से टकराते हैं, तो सऊदी अरब आर्थिक दबाव डाल सकता है; पाकिस्तान और सऊदी अरब के बीच यह समझौता कतर पर इजरायल के हमले के आठ दिन बाद हुआ है। पाकिस्तान और सऊदी अरब संयुक्त राज्य अमेरिका के खिलाफ जाने की हिम्मत नहीं करेंगे, भले ही समझौते को इजरायल को उकसाने के लिए चित्रित किया जा रहा है। समझौते के बाद भारत ने यह उम्मीद जताई है। पाकिस्तान और सऊदी अरब के बीच संबंध आपसी जरूरतों पर आधारित हैं। सऊदी अरब वित्तीय सहायता प्रदान करता है और पाकिस्तान सैन्य सहायता प्रदान करता है। पाकिस्तान सऊदी अरब के नेतृत्व में सैन्य प्रयासों में शामिल है। पाकिस्तान के पूर्व सेना प्रमुख राहील शरीफ ने 2015 से इस्लामिक सैन्य आतंकवाद विरोधी गठबंधन का नेतृत्व किया है। माना जाता है कि 2018 में, पाकिस्तान ने यमन में चल रहे संघर्ष में मदद के लिए सऊदी अरब में सेना भेजी थी। वह बारह सौ से दो हजार पाकिस्तानी सैनिक पहले से ही सऊदी अरब में तैनात हैं। इसके बदले में पाकिस्तान को सऊदी अरब से आर्थिक मदद मिलती रहेगी। पाकिस्तान को उम्मीद है कि भविष्य में भारत के साथ किसी भी संघर्ष के मामले में सऊदी अरब कुछ मदद करेगा। पाकिस्तान और सऊदी अरब को पता होना चाहिए कि पाकिस्तान और सऊदी अरब के बीच 'रणनीतिक पारस्परिक रक्षा समझौते' का क्या मतलब है। भारत ने सऊदी सशस्त्र बलों को प्रशिक्षित करने की पेशकश की है। भारत और सऊदी अरब के बीच साझेदारी हाल के महीनों में बढ़ी है, जिसमें दोनों देशों और रक्षा मंत्रिस्तरीय समिति के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास शामिल हैं। स्थापना में ये चरण शामिल हैं। यह उनके रिश्ते को मजबूत करने का प्रतीक है। भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष शुरू होने पर तटस्थ रहने का फायदा सऊदी अरब को मिला है। जब इस साल मई में भारत और पाकिस्तान के बीच झड़प हुई थी, तो सऊदी अरब ने पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की निंदा की थी। लेकिन 'ऑपरेशन सिंदूर' पर कोई बयान जारी नहीं किया गया। भारत सऊदी अरब के लिए पाकिस्तान से अधिक महत्वपूर्ण है और भारत के साथ उसकी आर्थिक और रणनीतिक साझेदारी महत्वपूर्ण है, यह बात पाकिस्तान के साथ रक्षा सौदे के बाद भी सऊदी के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दोहराई गई है। रिपोर्टों से संकेत मिलता है कि पाकिस्तान को सऊदी अरब से लगातार बड़े और किफायती ऋण मिल रहे हैं। कि मूल रूप से एक साल के लिए दिया गया कर्ज पाकिस्तान की ओर से नहीं चुकाया गया है। सऊदी सरकार पाकिस्तान के प्रति उदार रही है और हर साल बिना किसी अतिरिक्त ब्याज के इन ऋणों को देती रही है। सऊदी अरब का पाकिस्तान को दिया जाने वाला ऋण चीन की तुलना में एक तिहाई सस्ता है और विदेशी वाणिज्यिक ऋण की लागत का आधा है। सऊदी अरब, चीन और संयुक्त अरब अमीरात ने तीन साल के कार्यक्रम के पूरा होने तक पाकिस्तान को अपनी नकदी जमा रखने की शर्त रखी है। इन देशों ने पाकिस्तान को कुल 12 बिलियन अमेरिकी डॉलर का उधार दिया है, जो पाकिस्तानी केंद्रीय बैंक के 14.3 बिलियन डॉलर के कुल विदेशी मुद्रा भंडार का हिस्सा है। अगर पाकिस्तान और सऊदी अरब एक साथ आ भी जाते हैं, तो भारत पर रक्षात्मक रूप से कोई असर नहीं पड़ेगा। ग्लोबल फायरपावर इंडेक्स के अनुसार, भारत के पास दुनिया की चौथी सबसे शक्तिशाली सेना है, जबकि पाकिस्तान बारहवें स्थान पर है। सऊदी अरब 24वें स्थान पर है। सऊदी अरब की ताकत अमेरिकी हथियारों में निहित है। सऊदी अरब को 2015-2022 यमन युद्ध में हौथी विद्रोहियों द्वारा ड्रोन हमलों से भारी नुकसान उठाना पड़ा। इसने इसकी हवाई सुरक्षा को कुछ हद तक कमजोर कर दिया।

**– अशोक भाटिया**

# लद्दाख की जेन-जेड क्रांति का भारत पर असर




केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा देने की मांग को लेकर जारी आंदोलन ने गत्व बुधवार को हिंसक रूप अख्तियार कर लिया है। इसके बाद लेह में प्रदर्शनकारी छात्रों की सुरक्षाबलों से झड़प हुई, जिसमें 4 लोगों की मौत हुई और 70 से ज्यादा घायल है। वहीं, प्रदर्शन के दौरान बीजेपी के ऑफिस और सीआरपीएफ की गाड़ी में आग लगा दी गई। चूंकि यह अतिवादी कार्रवाई है, इसलिए हिंसा पर काबू पाने के लिए पुलिस को आंसू गैस के गोले छोड़ने पड़े। वहीं, हालात को देखते हुए लेह में कर्फ्यू लगा दिया गया। बिना मंजूरी के रैली और प्रदर्शनों पर रोक लगा दी गई है। बताते चलें कि लद्दाख को राज्य का दर्जा समेत कई मांगों पर सोशल ऐक्टिविस्ट सोनम वांगचुक विगत 15 दिनों से भूख हड़ताल पर थे। लिहाजा, उनकी मांगे पूरी न होने पर प्रदर्शनकारियों ने बुधवार को बंद बुलाया। इसी सिलसिले में सोशल मीडिया पर लोगों से लेह हिल काउंसिल पहुंचने की अपील की गई। जिसके बाद गत बुधवार को सैकड़ों की संख्या में आंदोलनकारी सड़कों पर उतरे। इसी दौरान हिंसा हुई। सरकारी सूत्रों ने कहा कि हिंसा में राजनीति से प्रेरित साजिश की बूआ रही है। वहीं, केंद्र सरकार ने दो टूक शब्दों में कहा है कि सोनम वांगचुक के उकसाऊ बयानों से यह हिंसा भड़की है। इससे पहले वांगचुक ने हिंसा पर दुख जताते हुए अनशन तोड़ दिया। उन्होंने इन घटनाओं के लिए जेन-जेड (1997 से 2012 के बीच जन्म लेने वाली पीढ़ी) की हताशा को जिम्मेदार ठहराया और शांति की अपील की। उल्लेखनीय है कि प्रदर्शनकारियों की 4 अहम मांगें हैं- लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा, पूर्वोत्तर की तरह संवैधानिक सुरक्षा, करगिल, लेह की अलग-अलग लोकसभा सीट और सरकारी जॉब्स में में स्थानीय लोगों की भर्ती। इससे स्पष्ट है कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और चीन के हमदर्द राहुल गाँधी जो नेपाल-बंगलादेश की तरह पूरे देश में यही कुछ चाहते थे, के मनोरथ पूर्ण होने की तरफ बात बढ़ चली है। यदि शेष भारत में गृहयुद्ध भड़कता है तो इसके लिए इस देश में केवल विपक्षी दल, कथित सिविल सोसायटी और बाहरी शक्तियाँ, यथा- अमेरिकी डीप स्टेट तथा इस्लामिक अतिवादी संस्थाएं दोषी तो होंगी ही, साथ ही साथ इस बद से बदतर स्थिति के लिए कथित राष्ट्रभक्त हिंदू और सनातन धर्म प्रेमी लोगों का एक बड़ा तबका भी होगा जो उनके इशारे पर थिरकते हैं। ऐसा इसलिए कि आप लद्दाख की इस घटना से लेकर नेपाल के हाल-फिलहाल के वाक़ये तक इनके द्वारा लिखी व बोली गई अनाप-शनाप बातों से अंदाजा लगा सकते हैं।वास्तव में ये जाने-अनजाने में देश धर्म विरोधी तत्त्वों के हथियार बन रहे हैं। यह गम्भीर बात है। इससे संवैधानिक सफलता भी संदिग्ध हुई है। सच कहूं तो भारत के अतिसंवेदनशील केंद्र शासित प्रदेश 'लद्दाख' से जेन-जेड क्रांति का जो आगाज दिखाई-सुनाई पड़ा है, यह हमें समय रहते ही सावधान करने के लिए काफी है। यह स्थिति किसी भी लोकतंत्र के लिए शर्म की बात है। चाहे सम्बन्धित सेना हो या सिविल व पुलिस प्रशासन, यदि उनके द्वारा अमेरिकी खुफिया इकाई सीआईए द्वारा प्रोत्साहित इस कथित जेड-जेन क्रांति को सख्ती पूर्वक नहीं कुचला गया तो उनका भविष्य भी अंधकारमय हो जाएगा! बेहतर होगा कि इस स्थिति के लिए जिम्मेदार लोगों को अविलंब कैद करके उन्हें आजीवन कारावास या फांसी की सजा दी जाए, क्योंकि उनके कुकर्मों से धन-जन की हानि हुई है, अन्यथा भारतीय लोकतंत्र में भी एक गलत ट्रेंड स्थापित हो जाएगा। एशियाई लोकतंत्र की सफलता पर सवाल उठेंगे। ऐसा इसलिए कि पश्चिमी लोकतंत्र खूनी लोकतंत्र है, पक्षपाती डेमोक्रेसी है। जिसका मकसद दुनिया भर में लोकतांत्रिक जनभावना मजबूत करना नहीं, बल्कि अपने आर्थिक व साम्राज्यवादी लाभ के लिए दुनिया में कठपुतली सरकार कायम करना है। यही वजह है कि जेन-जेड जैसी कथित क्रांति से हो रहे सत्ता परिवर्तन और बन रही कठपुतली सरकारों को दुनियावी लोकतंत्र की सफलता के लिहाज से उचित नहीं समझा जा सकता है। इसलिए लद्दाख घटनाक्रम के बाद भारत को ठोस और प्रभावी कदम उठाने ही होंगे और इससे अपने पड़ोस को भी लाभान्वित करने की सद्भावना रखनी होगी। कहना न होगा कि 2014 की सनातन युवा क्रांति के बाद बनी भाजपा नीत मोदी सरकार की सफलता से ही भारत, अमेरिका-चीन और अरब देशों के निशाने पर है। इसलिए श्रीलंका, अफगानिस्तान, बंगलादेश, नेपाल आदि में जो जेन-जेड क्रांति हुई, उसका मकसद भारतीय राजनेताओं और सेना के धैर्य की परीक्षा लेना था। जब हम लोकतंत्र की पैरोकारी में मजबूती पूर्वक विफल रहे तो लद्दाख जेन-जेड क्रांति हमें मुबारक कर दिया गया। सवाल है कि यह भी प्रयोग केरल, पश्चिम बंगाल और जम्मू-कश्मीर के बजाय बौद्ध धर्म बहुल लद्दाख में करवाया गया ताकि बौद्धों के प्रति हिंदुओं के मन में नफरत पैदा हो और चीन-भारत व तिब्बत-भारत के रिश्तों में पलीता लगे। इसलिए यह कहना गलत नहीं होगा कि यदि अफगानिस्तान, श्रीलंका, बंगलादेश, नेपाल में लोकतांत्रिक तरीके से सत्ता परिवर्तन हुआ होता तो बेहतर होता। लेकिन चरमपंथियों और हिंसकों को कुचलने के बजाय स्थानीय सेना व प्रशासन द्वारा ऐसे अराजक तत्वों से बात करने से समकालीन लोकतंत्र के प्रति गलत संदेश गया है। लिहाजा, अविलंब इसकी भरपाई के लिए संयुक्त राष्ट्र संघ, अमेरिका, रूस और चीन आदि के साथ मिलकर अराजक तत्वों पर कार्रवाई की जानी चाहिए, अन्यथा असहयोग मिलने पर भारत की सेना को ही इन पर आक्रमण करके इन्हें भारतीय भूभाग में मिला लेना चाहिए।

**– कमलेश पांडेय**

# रामलीला में गीत

श्रीरामचरितमानस की एक-एक चौपाई भक्ति, भाव, साधना आदि विशेष गुणों से भरी हुई है। चौपाई के सभी अक्षर ब्रह्म हैं। एक-एक चौपाई पर कितने ही शोध लिखे जा सकते हैं, पृष्ठ भी कम पड़ सकते हैं। हरि अनंत हरि कथा अनंताका भाव मानस मेंभरा हुआ है। जब कोई व्यक्ति और व्यक्तित्व भगवान श्रीराम का हो जाता है तब ऐसी ही रचनाओं का जन्म होता है। भगवान श्रीराम इस चराचर जगत में सभी प्राणियों से मिलते हुए और उनका उद्धार करते हुए वन मार्ग में आगे बढ़ते चले गए। सृष्टि के उद्धार के लिए राक्षसों का वध किया। गोस्वामी तुलसीदास ने मानस को इतनी सुंदर ढंग से लिखा है कि जब हम मानस को पढ़ते हैं तो मानस का गान और उसके दृश्य दोनों ही स्वयं प्रकट हो जाते हैं। भगवान स्वयं हमारे साथ उस भजन में शामिल हो जाते हैं, हमें आनंद, उत्सव, ज्ञान, भक्ति, शक्ति की सरिता में बहा ले जाते हैं। रामायण को आधार बनाकर बहुत सारे काव्य, महाकाव्य आदि ग्रंथ लिखे गए हैं। श्रीराम चरित्र को लेकर नाटक लिखें गए हैं। भगवान श्रीराम के जीवन चरित्र का सबसे अद्भुत मंचनरामलीला में ही होता है। रामलीला में के बहुत रूप हैं, संगीतमय रामलीला, संवाद के साथ रामलीला, गुटका रामायण आदि। देश-विदेश की भूमि पर रामलीला और रामकथा होती रहती हैं। भगवान श्रीराम को लेकर भजन भी बहुत सारे बनाए गए हैं। रामलीला में दृश्य के आधार पर भी बहुत सारे गीत बनाए गए हैं। यह सभी अलग-अलग क्षेत्र और भाषा के आधार पर हैं और सभी की अपनी लोकप्रियता भी है।रामलीला के दसदिन उत्सव, उमंग, उत्साह, भक्ति, ज्ञान योग को जब हम बचपन से ही देख रहेहैं।रामलीला के दृश्यों के बीच-बीच में गीत आते हैं।बचपन में यह गीत समझ नहीं आते थे, जैसे ही बड़े हुए गीत का महत्व और उन गीतों के भाव भी हमारे सामने आए। हम यहां पर कुछ दृश्य के साथ रामलीला में प्रस्तुत होने वाले गीतों की चर्चा कर रहे हैं। भगवान जब पृथ्वी पर मनुष्य रूप में अवतार के लिए आते हैं तो वहां पर सभी देवता और पृथ्वी एक स्तुति गीत गाते हैं,जय जय सुरनायक जय सुखदायक प्रनतपाल भगवंत।गौ द्विज हितकारी जय असुरारी सिंधु सुता प्रिय कंता।। भगवान के प्रकट होने का गीत-भजन हम सभी ने सुना ही है,भये प्रगट कृपाला दीनदयाला कौशल्या हितकारी।... जनकपुर में पुष्प वाटिका में गिरिजा माता के पूजन के समय मां सीता द्वारा गाया गया गीत इस प्रकार है, चलो मंदिर में माता के विनय अपनी सुनने को।... पुष्प वाटिका में ही मां सीता और भगवान श्रीराम की भेंट हो गई थी। विश्वामित्र का जनक के धनुष यज्ञ में राम को गीत द्वारा प्रेषित करना और आशीर्वाद देना कि इस धनुष को भंग कीजिए,उठो राम यह काम तुम ही करोगे। तुम्ही शोक राजा की मन का हरोगे।।...लक्ष्मण का गीत अपने पिताजी राजा दशरथ के सामने जनकपुर से धनुष टूटने का वर्णन करते हुए,जब धनुष जनक का तोड़ दिया, श्री रामचंद्र बलकारी ने। पहनाई गले में जयमाला जब सीता जनक दुलारी ने।...वनवास को जाते समय माता के केकैई के सामने श्री राम का यह गीत हे माता संसार में,यूं तो पुत्र अनेक। सेवक जो मां-बाप का पुत्र वही बस एक।...इस समय एक ओर लोकप्रिय गीत है, राम वनों को जाता री माता, राम वनों को जाता..भगवान श्रीराम का सीता को समझाते हुए और वन ना जाने की बात कहते हुए,घर बैठो ना वन को चलो तुम सिया। तेरे पैरों में चुभ जाएंगे कांटे सिया।...

**– डॉ. नीरज भारद्वाज**

आज का कार्टून




साभार

# प्रतिभा पलायन को रोकने का बड़ा मौका

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एच-1बी वीजा फीस में बेतहाशा बढ़ोतरी कर दी है। पहले जहां यह फीस लगभग 80 हजार रुपये थी, वहीं अब इसे 80 लाख रुपये तक बढ़ा दिया गया है। स्वाभाविक है कि अब पहले जितनी संख्या में भारतीय युवा अमेरिका नहीं जा पाएंगे। इस फैसले से दुनिया भर में उथल-पुथल मची है जिसका फायदा उठाने की कोशिश चीन कर रहा है। उसने 'के वीजा' नामक नई श्रेणी की घोषणा की है जिसके तहत वह दुनिया भर के युवा वैज्ञानिकों और तकनीकी प्रोफेशनल्स को अपने यहां आकर्षित करना चाहता है। यह वीजा शिक्षा, संस्कृति, विज्ञान तकनीक और व्यवसाय के क्षेत्र में अवसर उपलब्ध कराएगा। भारत के लिहाज से यह स्थिति एक बड़ी चुनौती और अवसर दोनों लेकर आई है। चुनौती इसलिए क्योंकि अमेरिकी दरवाजे बंद होने के बाद चीन नए अवसर देकर हमारी प्रतिभाओं को अपने यहां खींच सकता है। अवसर इसलिए है क्योंकि यह भारत के लिए प्रतिभा पलायन रोकने का सुनहरा मौका है। अब जरूरत इस बात की है कि सरकार, उद्योग जगत और कॉर्पोरेट सेक्टर मिलकर ऐसे वातावरण का निर्माण करें जहां हमारे युवा देश में रहकर ही अपने सपनों को साकार कर सकें। भारत हमेशा से ही शिक्षा और प्रतिभा के मामले में समृद्ध रहा है पर प्रतिभा पलायन हमारी बड़ी समस्या है। हर साल लाखों छात्र-छात्राएं इंजीनियरिंग, मेडिकल, मैनेजमेंट और रिसर्च के क्षेत्र में पढ़ाई पूरी करते हैं लेकिन अफसोस है कि उनमें से बड़ी संख्या में युवा विदेशों का रुख कर लेते हैं। इसका सबसे बड़ा कारण यह है कि भारत में शोध के लिए पर्याप्त संसाधन उपलब्ध नहीं होते हैं, रोजगार के अवसर सीमित हैं और जो अवसर उपलब्ध हैं, उनमें योग्य प्रतिभा को सम्मान और सुरक्षा का अभाव है। डॉक्टर, इंजीनियर, वैज्ञानिक और आईटी प्रोफेशनल विदेश जाकर वहां की अर्थव्यवस्था को मजबूत कर रहे हैं जबकि उनकी प्रतिभा का लाभ भारत को मिलना चाहिए। एक तरफ हम युवाओं की शिक्षा पर करोड़ों रुपये खर्च करते हैं, दूसरी ओर वे अवसरों की कमी के कारण देश छोड़ जाते हैं। यह भारत के विकास के लिए बड़ी हानि है। ट्रंप का वीजा फीस वृद्धि का कदम दुनिया के कई देशों के लिए चिंता का विषय हो सकता है लेकिन मुझे लगता है कि भारत को इसे सकारात्मक रूप में देखना चाहिए। जब अमेरिका में वीजा इतना महंगा हो गया है कि आम युवा वहां नहीं जा पाएंगे तो इससे स्वाभाविक रूप से प्रतिभा पलायन पर अंकुश लगेगा। यह स्थिति भारत के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। अब सवाल यह है कि क्या इस मौके का उपयोग भारत कर पाएगा? अगर सरकार और उद्योग जगत ने युवाओं के लिए बेहतर माहौल तैयार किया तो वे भारत में ही रहकर काम करना पसंद करेंगे लेकिन अगर ऐसा नहीं हुआ तो यह संभावना है कि निराश युवा चीन की ओर आकर्षित हो जाएं। चीन ने हालात को भांपते हुए तेजी से 'के वीजा' का विकल्प प्रस्तुत किया है। इस वीजा के माध्यम से वह दुनिया भर की प्रतिभाओं को अपने यहां शिक्षा, रिसर्च और बिजनेस में अवसर देने की योजना बना रहा है। ऐसा करके वह वैश्विक विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में नेतृत्व के अपने लक्ष्य को पूरा करने की तमन्ना रखता है। यदि भारतीय युवा अमेरिका के बजाय चीन का रुख करने लगे तो यह हमारे लिए और भी गंभीर स्थिति होगी क्योंकि एक तरफ तो भारत अपनी ही प्रतिभा से वंचित रह जाएगा और दूसरी ओर चीन हमारी ही ताकत का उपयोग करके आगे निकलने की कोशिश करेगा। ऐसे समय में हमें गहरा आत्म चिंतन की जरूरत है। इस समय यह बड़ा सवाल है कि क्या हमारे युवा विदेशों में ही अपनी क्षमता साबित करेंगे या फिर देश में रहकर भारत को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे? इसका उत्तर देश की नीतियों और कार्यप्रणालियों पर निर्भर करता है। वर्तमान में विश्व की टॉप 100 कार्पोरेट कंपनियों में उच्च पदों पर हमारे युवा हैं, जो उनके कामकाज को पूरे विश्व में फैलाने में सहायक हो रहे हैं। सुंदर पिचई (गूगल), सत्य नडेला (माइक्रोसॉफ्ट), अजय बंगा (विश्व बैंक), अरविंद कृष्णा (आईबीएम) और इंद्रा नूई (पेप्सीको) जैसे दिग्गज भारतीय मूल के लोगों ने पूरी दुनिया में भारत का नाम रोशन किया है। उनकी सफलता यह साबित करती है कि भारतीय मस्तिष्क वैश्विक स्तर पर किसी से कम नहीं है।

**–प्रो. महेश चंद गुप्ता**

# अशोक चौधरी पर आरोपों से नीतीश पर बढ़ रहा प्रेशर

## अब उपेंद्र कुशवाहा ने क्या कह दिया?



महानगर नेटवर्क
पटना

बिहार विधानसभा चुनाव से पहले नीतीश सरकार में मंत्री अशोक चौधरी पर जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर द्वारा लगाए गए आरोपों पर सियासत गर्माई हुई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर अपने करीबी मंत्री अशोक चौधरी पर जवाब मांगने का दबाव बढ़ रहा है। पहले जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) के एमएलसी एवं प्रवक्ता नीरज कुमार ने अपनी ही पार्टी के सीनियर मंत्री को उनके ऊपर लगे 200 करोड़ रुपये की अवैध संपत्ति बनाने के आरोपों पर जवाब देने को कहा। वहीं, अब जेडीयू की सहयोगी राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा ने भी नीतीश पर प्रेशर डाल दिया है।

पटना स्थित आरएलएम के कार्यालय में शुक्रवार को मीडिया से बातचीत के दौरान कुशवाहा ने कहा कि जदयू प्रवक्ता के बयान का वह समर्थन करते हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति है। यही उनकी पार्टी की भी उनसे अपेक्षा है। मुख्यमंत्री को पार्टी की राय और सुझाव पर ध्यान देना चाहिए। मंत्री अशोक चौधरी पर उन्होंने कहा, "जिन पर आरोप लगे हैं, वे क्या करेंगे, ये उनका विषय है। इसमें मुझे कोई हस्तक्षेप नहीं करना है।"प्रशांत किशोर ने पिछले दिनों पटना में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर आरोप लगाए थे कि जेडीयू के सीनियर नेता एवं मंत्री अशोक चौधरी ने 2 साल में 200 करोड़ रुपये की बेनामी संपत्ति बनाई। पीके ने दावा किया कि अशोक चौधरी की बेटी शांभवी की सगाई और शादी के बीच मानव वैभव विकास ट्रस्ट के नाम से ये जमीन खरीदी गईं। यह ट्रस्ट समस्तीपुर से लोजपा-आर की सांसद शांभवी चौधरी के दिवंगत ससुर आचार्य कुणाल किशोर का था, जिसकी अभी ट्रस्टी सास अनिता कुणाल हैं।

पीके के इन आरोपों के बाद नीतीश कुमार की पार्टी के मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार ने मीडिया से बातचीत में कहा था कि अशोक चौधरी को इस पर पूरी स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए।

# दिनदहाड़े हत्या से हड़कंप

## बाइक सवार बदमाशों ने युवक को गोलियों से भूना



महानगर नेटवर्क
कटिहार

कटिहार जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के फोरलेन के पास दलन चौक पर चाय की दुकान में बैठे एक युवक की बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी। घटना को अंजाम देने के बाद बाइक सवार बदमाश घटना स्थल से फरार हो गए हैं। गोली लगने से युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जख्मी युवक को जब तक मेडिकल कॉलेज पहुंचाया जाता, तब तक उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान सहायक थाना क्षेत्र के मैथिल टोला निवासी अमरेश कुमार चौधरी के रूप में की गई है।

बताया जाता है कि अमरेश कुमार चौधरी दलन चौक पर दुकान में बैठकर चाय पी रहे थे। इसी दौरान बाइक सवार बदमाश पहुंचे और दनादन फायरिंग शुरू कर दी। गोली अमरेश के सिर और छाती में लगी। जिसके कारण उसकी मौत हो गई। दिनदहाड़े हत्या की घटना से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। घटना की सूचना पर नगर थाना अध्यक्ष सुमन कुमार सिंह के साथ-साथ कई अन्य पुलिस पदाधिकारी की घटना स्तर पर पहुंचकर मामले की छानबीन में जुड़ गए हैं। पुलिस कटिहार मेडिकल कॉलेज पहुंचकर मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करने की तैयारी में जुटी हुई है।

मुफस्सिल थानाध्यक्ष शशि रंजन ने हत्या की घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि हत्या किसने और क्यों की इसका खुलासा जांच के बाद हो पाएगा। पुलिस तमाम जगहों पर लगे सीसीटीवी कैमरे को खंगाल रही है। हत्यारे अभी तक पुलिस के गिरफ्त से बाहर है।

## मंदिर जाएं, जीविका दीदियों से बात करें

# अमित शाह ने भाजपा नेताओं को दिया 50 दिन का टास्क



महानगर नेटवर्क
पटना/बेतिया

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के नेताओं को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 50 दिनों का टास्क दिया है। बेतिया में शुक्रवार को 10 जिलों के भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि आगामी चुनाव के दौरान वे मंदिर जाएं, पुजारियों का सम्मानित करें, जीविका दीदियों से संपर्क करें और उनके साथ बैठक कर बातचीत करें। दीपावली में सरकार की योजनाओं का लाभ पा चुके लाभार्थियों के साथ बैठक करें। चंपारण और सारण क्षेत्र के भाजपा नेताओं से संबोधन में शाह ने कहा कि हर बूथ पर मतदाताओं को शामिल करते हुए सोशल मीडिया ग्रुप बनाएं। शक्ति केंद्र के अध्यक्ष इसके एडमिन (अध्यक्ष) होंगे। ग्रुप में जीविक दीदियों, सरपंच, पुजारियों समेत अन्य महत्वपूर्ण लोगों को भी शामिल करें। ग्रुप पर सरकार से जुड़ी सूचनाएं और योजनाएं साझा करें। उन्हें इसके लाभ के बारे में बताएं। शाह ने कहा कि बाइक वाले कार्यकर्ता सप्ताह में तीन दिन बूथों पर राउंड लगाएंगे। समूह में कार्यकर्ता निकलेंगे और बूथ क्षेत्र में घूमेंगे। इस दौरान भारत माता की जय, भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद, एनडीए जिंदाबाद के नारे लगाएंगे। विधानसभा में जीत के लिए अमित शाह ने जिला से लेकर बूथ स्तर तक की बैठक करने बात कही। उन्होंने इसके लिए डेडलाइन भी तय कर दी। उन्होंने कहा कि अगले चार दिनों के भीतर (मंगलवार तक) जिला में पदाधिकारी मंडल अध्यक्षों की बैठक बुलाएं। इसमें जिले के पदाधिकारियों को मंडलों में बांटा जाएगा। ये मंडल के कार्यक्रमों और चुनाव तैयारियों की देखरेख करेंगे। उसके बाद पांच दिनों के भीतर जिला के पदाधिकारी मंडल अध्यक्षों के साथ बैठक करेंगे। उसके बाद चार दिनों में सभी बूथ स्तर तक बैठक करेंगे। बता दें कि अमित शाह आगामी बिहार चुनाव के मद्देनजर दो दिवसीय राज्य दौरे पर हैं। शुक्रवार को बेतिया और पटना में भाजपा की बैठकों में शामिल होने के बाद शनिवार सुबह वे समस्तीपुर के सरायरंजन पहुंचे। यहां भाजपा के 10 संगठनात्मक जिलों के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने चुनाव में जीत का मंत्र दिया।

# पॉलिटिकल इन्जेक्शन पड़ा तो आपने किया आह





## जनता बोली वाह, तेजस्वी पर JDU के नीरज का प्रहार

महानगर नेटवर्क
पटना

जदयू के मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव पर जोरदार हमला किया है। कहा है कि नीतीश कुमार और नरेंद्र मोदी ने मिलकर ऐसा मास्टरस्ट्रोक खेल दिया है कि आरजेडी समेत पूरे विपक्ष में खलबली मची है। तेजस्वी यादव हार की घबराहट में बोल रहे हैं कि जदयू खत्म हो जाएगा। उन्हें याद होना चाहिए कि जेडीयू के उनसे ज्यादा सांसद हैं और केंद्र सरकार को हमारा समर्थन भी है। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जा-यसवाल ने भी लालू के छोटे लाल के बयान पर तंज कसा है।

शुक्रवार को पीएम नरेंद्र मोदी ने नीतीश कुमार के सहयोग से जैसे ही रिमोट का बटन दबाया कि बिहार की 75 लाख महिलाओं के बैंक खाते में दस-दस हजार की राशि चली गई। चुनाव से ठीक पहले आधी आवादी को सरकार के उपहार पर सियासत गर्म हो गई। तेजस्वी यादव और कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने तंज कस दिया कि चुनाव के पहले दे दिया है, चुनाव बाद मोदी जी वसूल लेंगे। इस पर बीजेपी और जेडीयू के तेवर तल्ख हो गए हैं। जेडीयू के मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार ने तेजस्वी यादव को लपेट लिया। कहा, " तेजस्वी यादव ने दावा किया कि जनता दल यू तीसरे नंबर की पार्टी है। आज उनसे ज्यादा हमारे सांसद हैं। केंद्र सरकार को हमारा समर्थन हासिल है। नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार दो भाई के रूप में हैं। इससे बेचैनी बढ़ गई है। यह किस ज्योतिष ने बताया है कि जनता दल यू का अस्तित्व समाप्त हो जाएगा उसका मोबाइल नंबर, पता और ईमेल सार्वजनिक करिए या उसके साइलेंट पार्टनर बन जाइए कि चुनावी मौसम में कुछ आर्थिक लाभ भी मिलेगा। नीतीश कुमार ऐसा मास्टर-स्ट्रोक मारते हैं कि जब पॉलिटिकल इन्जेक्शन पड़ा तो आपने किया आह और जनता बोली वाह।" वहीं बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायस-वाल ने कहा कि विपक्ष हताशा में आ गया है।

# पटना में एसी-फ्रिज रिपेयर समेत चार सर्टिफिकेट कोर्स मुफ्त में करा रही सरकार

रहना-खाना तक फ्री है

महानगर नेटवर्क
पटना

बिहार सरकार का उद्योग विभाग 12वीं, आईटीआई या डिप्लोमा पास बेरोजगारों के लिए एसी, फ्रिज की रिपेयरिंग से लेकर सीएनसी लेथ, सीएनसी मिलिंग और टूल एण्ड डाई मेकिंग का फ्री कोर्स करवाने जा रही है। भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग मंत्रालय के मातहत स्थापित इंडो डैनिश टूल रूम (आई-डीटीआर) जमशेदपुर के पटना विस्तार केंद्र पर 6 अक्टूबर से अगला बैच शुरू होगा। सर्टिफिकेट कोर्स के तहत चयनित कैंडिडेट को तीन महीने का कोर्स मुफ्त में कराया जाएगा। इस दौरान रहने और खाने की व्यवस्था भी रहेगी।

युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए



निःशुल्क रोजगारोन्मुखी कौशल विकास प्रशिक्षण का यह कोर्स पटना के टूल रूम एण्ड ट्रेनिंग सेंटर में चलेगा। कोर्स का कोई शुल्क नहीं है और कैंडिडेट को तीन महीने के इस कोर्स के दौरान आवासीय सुविधा के साथ-साथ भोजन की सुविधा भी दी जाएगी। तीन महीने की प्रशिक्षण अवधि में चयनित कैंडिडेट को हर रोज 8 घंटे क्लास में बिताने होंगे।कैंडिडेट से 1000 रुपये पहले जमा करवाया जाएगा लेकिन कोर्स पूरा होने के बाद वापस लौटा दिया जाएगा। कोर्स के लिए शैक्षणिक योग्यता भी निर्धारित की गई है। ऊपर लिस्ट में दर्ज पहले तीन कोर्स के लिए कैंडिडेट का 12वीं, ITI या डिप्लोमा पास होना जरूरी है। एसी और फ्रिज रिपेयरिंग कोर्स के लिए 12वीं या ITI (इलेक्ट्रीशियन ट्रेड) पास होना जरूरी है।

**इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में ये चार कोर्स शामिल हैं**

1. सर्टिफिकेट कोर्स इन सीएनसी लेथ
2. सर्टिफिकेट कोर्स ऑन सीएनसी मिलिंग
3. सर्टिफिकेट कोर्स इन टूल एंड डाई मेकिंग
4. एसी और फ्रिज रिपेयरिंग कोर्स

# नीतीश कुमार की सभा में उचक्कों ने किया हाथ साफ

## कई महिलाओं के चेन-मंगलसूत्र उड़े



महानगर नेटवर्क
दरभंगा

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की दरभंगा ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में शुक्रवार को आयोजित सभा में चोरों ने जमकर हाथ साफ किए। राघोपुर गांव में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन सह जनसभा के दौरान उचक्कों ने सभा स्थल पर मौजूद कई महिलाओं के गले से सोने की चेन और मंगल-सूत्र गायब कर दिए। सभा समाप्त होने के बाद महिलाओं को अपने गहनों के चोरी होने का अहसास हुआ। कई महिलाएं अपने गले से चेन और मंगलसूत्र गायब देखकर फूट-फूटकर रोने लगीं। पीड़ित महिलाओं और उनके परिजन ने घटना की जानकारी देते हुए सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाए। सीएम नीतीश की सभा में लगभग 12 महिलाओं के गहने चोरी होने की सूचना है। महिलाओं ने कहा कि जब मुख्यमंत्री की सभा में जहां सैकड़ों की संख्या में पुलिसकर्मी हैं और इतनी बड़ी घटना हो सकती है तो खुली सड़कों पर लोग कैसे सुरक्षित रहेंगे।

# बिहार में ओवैसी का दूसरा कैंडिडेट घोषित

## बायसी से गुलाम सरवर को AIMIM का टिकट

**पूर्णिया।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी AIMIM ने अपने दूसरे कैंडिडेट का नाम घोषित कर दिया है। सीमांचल क्षेत्र के पूर्णिया जिले की बायसी विधानसभा सीट से ओवैसी ने गुलाम सरवर को मैदान में उतारा है। पिछले 2020 के विधानसभा चुनाव में इस सीट पर AIMIM ने ही जीत दर्ज की थी। बाद में ओवैसी की पार्टी के विधायक सैयद रुकनुद्दीन अहमद ने पाला बदलकर तेजस्वी यादव की राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) का दामन थाम लिया था। बता दें कि ओवैसी इससे पहले पूर्वी चंपारण की ढाका विधानसभा



सीट से राणा रणजीत सिंह को टिकट दे चुके हैं।

बिहार में सीमांचल न्याय यात्रा निकाल रहे असदुद्दीन ओवैसी ने शुक्रवार को बायसी में नुक्कड़ सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने गुलाम सरवर को बायसी से जिताने की अपील की।

# RJD विधायक आलोक मेहता की अपने क्षेत्र में हूटिंग, भड़के लोग

## बोले- लालटेन के नाम पर कलंक हैं

महानगर नेटवर्क
समस्तीपुर

नीतीश सरकार के पूर्व मंत्री और उजियापुर के राजद विधायक आलोक मेहता को अपने ही विधा-नसभा क्षेत्र उजियारपुर के एक गांव में विरोध झेलना पड़ा। आक्रोशित लोगों ने ऐसा हंगामा मचाया कि विधायक उल्टे पांव लौट चले। उन्होंने वीडियो बना रहे युवक से कैमरा बंद करने की भी बात कही। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। आरोप लगाया गया कि चुनाव जीतने के बाद पांच साल में एक बार भी गांव में नहीं गए। चुनाव करीब आते नेताओं की चाल तेज हो गई है। अपने अपने चुनावी इलाके में दौरे पर पसीना बहाते हुए नेता जी देखे जा रहे हैं। राजद विधायक आलोक मेहता शुक्रवार को उजियारपुर के रायपुर पंचायत के



आईटीआई महादलित टोला में गए थे। विधायक जी को देखते ही कुछ लोग भड़क गए। खुद को राजद का वोटर बताने वाले कुछ लोगों ने कहा कि आप लालटेन के नाम पर कलंक हैं। सब बेकार कर दिया। कुछ नहीं किए। पांच सालों में कभी पूछने नहीं आए। अब चुनाव करीब तो समय मिला है। यह सुनकर आलोक मेहता असहज हो गए। वहीं के कुछ युवक इसका वीडियो बनाने लगे तो आलोक मेहता मना करने लगे। हालांकि यह भी मोबाइल के कैमरे में रिकॉर्ड हो गया। एक शख्स ने गुस्से में उनसे वापस चले जाने को कहा। बोला कि जब दिक्कत होती है तो पूछने नहीं आते हैं। पांच सालों तक दिखाई नहीं पड़े। अब आए हैं जब वोट का समय आ गया है। विधायक लोगों का विरोध झेल नहीं पाए और वहां से लौट गए। इस दौरान वे लोगों के आगे हाथ जोड़ते भी नजर आए। बताया जा रहा है कि दो स्थानों पर आलोक मेहता को विरोध का सामना करना पड़ा। लालू यादव के खास करीबी आलोक मेहता महागठबंधन की सरकार में भूमि सुधार एवं राजस्व मंत्री और बाद में शिक्षा मंत्री बनाए गए थे। उनके पिताजी ने भी इस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया था।

# जिंदा-मृत के चक्कर में डॉक्टर साहब पिटे

**नरकटियागंज।** बिहार के पश्चिम चंपारण में सड़क दुर्घटना में घायल महिला को कभी मृत तो कभी जीवित बताने में सरकारी अस्पताल जंग का मैदान बन गया। आक्रोशित भीड़ ने डॉक्टर की पिटाई कर दी तो अस्पताल के कर्मियों ने एक युवक(परिजन) का सिर फोड़ दिया। पुलिस ने बीच बचाव करके दोनों पक्षों के लोगों को शांत कराया। जानकारी के मुताबिक नरकटियागंज के पकड़ी ढाला गांव के समीप बाइक की ठोकर से एक महिला बुरी तरह से जख्मी हो गयी। आनन फानन में स्थानीय ग्रामीणों व महिला के परिजनों ने महिला को अस्पताल लाया। वहां चिकित्सक ने जांच के बाद महिला को मृत घोषित कर दिया। मृत महिला की पहचान डीके शि-कारपूर गांव निवासी कुंती देवी (52) के रूप में हुई है।

## व्यापार

# भारतीय उत्पादों पर अमेरिका की भारी टैरिफ से बढ़ सकती है चुनौती

## क्रिसिल की रिपोर्ट में दावा



महानगर नेटवर्क
नई दिल्ली

अमेरिका की ओर से लगाया गया उच्च टैरिफ भारत के लिए चुनौतीपूर्ण साबित हो सकता है। क्रिसिल इंटेलिजेंस की रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि टैरिफ से भारतीय वस्तुओं के निर्यात और निवेश दोनों पर असर पड़ेगा। हालांकि, नरम मुद्रास्फीति और ब्याज दरों में कटौती से प्रेरित घरेलू खपत से विकास को समर्थन मिलने की उम्मीद है। रिपोर्ट में कहा गया है कि देश की जीडीपी वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में पांच तिमाहियों के उच्चतम स्तर 7.8 प्रतिशत पर पहुंच गई। यह पिछले वर्ष की इसी तिमाही में 7.4 प्रतिशत थी। हालांकि, इसी अवधि में नाममात्र जीडीपी वृद्धि दर 10.8 प्रतिशत से घटकर 8.8 प्रतिशत हो गई।

**रिजर्व बैंक कर सकता है ब्याज दरों में कटौती**

कच्चे तेल की कम कीमतों और वैश्विक स्तर पर वस्तुओं की कीमतों में नरमी से गैर-खाद्य मुद्रास्फीति पर रोक लगने की उम्मीद है। मौद्रिक नीति के बारे में रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय रिजर्व बैंक इस वित्त वर्ष में एक बार और ब्याज दर में कटौती कर सकता है, जिसके बाद कुछ समय के लिए रोक लग सकती है। केंद्रीय बैंक की मौद्रिक नीति समिति ने फरवरी और जून 2025 के बीच रेपो दर में 100 आधार अंकों की कटौती की थी।

# नई सीबी125 हॉर्नेट और शाइन100 डीएक्स भारत में लांच

महानगर नेटवर्क
नई दिल्ली

होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने होंडा सीबी 125 हॉर्नेट और शाइन 100 डीएक्स को भारत में लॉन्च किया है। सीबी125 हॉर्नेट स्पोर्टी स्टाइल और फीचर्स के साथ युवा ग्राहकों को लक्षित करती है, जिसकी शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत 1.12 लाख है। वहीं, शाइन 100 डीएक्स दैनिक उपयोग के लिए व्यावहारिकता पर केंद्रित है और इसकी शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत 74,959 है। दोनों मोटरसाइकिलों की डिलीवरी अगस्त 2025 के मध्य से शुरू होगी और इनकी बुकिंग होंडा की वेबसाइट या डीलरशिप पर की जा सकती है।

# पीएनबी मेटलाइफ और पोस्ट पेमेंट्स बैंक ने शुरू की 'सुकन्या समृद्धि सुरक्षा' योजना

महानगर नेटवर्क
मुंबई

पीएनबी मेटलाइफ इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (पीएनबी मेटलाइफ) और इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक (आईपीपीबी) ने सुकन्या समृद्धि सुरक्षा योजना (एसएसएसवाई) शुरू की है, जो अपनी तरह की पहली ग्रुप टर्म लाइफ प्रोटेक्शन योजना (ग्रुप प्रोटेक्शन प्लान यूआईएनः 117N140V01) है, जो भारत सरकार की सुकन्या समृद्धि योजना (एसएसवाई) के साथ जोड़ी गयी है। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ पहल के तहत शुरू की गई सुकन्या समृद्धि योजना (एसएसवाई) भारत सरकार की एक दूरदर्शी बचत योजना है। परिवारों को अपनी बेटी के भविष्य में निवेश करने में मदद करने के लिए इसे बनाया गया है। आईआरडीएआई के '२०४७ तक सभी के लिए बीमा' के दृष्टिकोण के अनुरूप, पीएनबी मेटलाइफ की यह अनूठी योजना सुनिश्चित करती है कि एसएसवाई खाते में योगदान निर्बाध रूप से जारी रहे — यहाँ तक कि पॉलिसी अवधि के दौरान कमाने वाले माता-पिता की अप्रत्याशित मृत्यु होने पर भी। बहुत ही सोच-समझकर बनाया गया यह सुरक्षा उपाय परिवारों को यह विश्वास दिलाने में मदद करता है कि उनकी बेटी की शिक्षा, विवाह और भविष्य की आकांक्षाएं आर्थिक रूप से सुरक्षित और निर्बाध बनी रहें।

# 30 सितंबर को खुलेगा सनस्काई लॉजिस्टिक्स लिमिटेड का आईपीओ

**मुंबई।** सनस्काई लॉजिस्टिक्स लिमिटेड (कंपनी, सनस्काई), जो एक एकीकृत लॉजिस्टिक्स सॉल्यूशंस प्रदाता है, अपनी आईपीओ 30 सितम्बर 2025 को खोलने का प्रस्ताव रखती है। कंपनी का लक्ष्य 1,683.60 लाख जुटाने का है, और शेयर बीएसई लिमिटेड के एसएमई प्लेटफॉर्म पर सूचीबद्ध किए जाएंगे। इश्यू साइज 36,60,000 इक्विटी शेयर का है, प्रत्येक का अंकित मूल्य 2 और आईपीओ प्राइस 46 प्रति शेयर है।यह इश्यू मंगलवार, 30 सितम्बर 2025 को खुलेगा और शुक्रवार, 3 अक्टूबर 2025 को बंद होगा।आकाश ए. शाह, चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर, सनस्काई लॉजिस्टिक्स लिमिटेड ने कहा, सनस्काई लॉजिस्टिक्स लिमिटेड में हम लगातार इस दिशा में कार्यरत हैं कि संपूर्ण सप्लाई चेन को कवर करते हुए, ओरिजिन से डेस्टिनेशन तक निर्बाध और एकीकृत लॉजिस्टिक्स समाधान प्रदान किए जाएं।

# प्रवेग ने प्रवेग अडालज थीम पार्क का किया शुभारंभ

**अहमदाबाद।** प्रवेग लिमिटेड (बीएसईः 531637) को यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि कंपनी की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी (डब्ल्यूओएस) और विशेष प्रयोजन वाहन (एसपीवी) प्रवेग अडालज टूरिज्म इन्फ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड का संचालन आज अहमदाबाद-गांधीनगर राजमार्ग पर रणनीतिक रूप से स्थित प्रवेग अडालज थीम पार्क में आधिकारिक तौर पर शुरू हो गया है। यह परियोजना टीसीजीएल के साथ एक सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) के तहत विकसित की गई है और 30 साल के पट्टे पर स्थापित की गई है, जो इस क्षेत्र में विश्व स्तरीय आयोजन अवसंरचना के निर्माण के लिए दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस अवसर पर बोलते हुए प्रवेग लिमिटेड के अध्यक्ष डॉ. विष्णुकुमार पटेल ने कहा, प्रवेग अडालज थीम पार्क एक ऐतिहासिक परियोजना है जो विश्व स्तरीय आयोजन बुनियादी ढाँचा प्रदान करते हुए गुजरात की समृद्ध विरासत का जश्न मनाती है।

# सर्वेश्वर फूड्स एफएफसी मॉडल को करेगा मजबूत

**जम्मू।** जम्मू और कश्मीर स्थित फार्म-टू-फोर्क खाद्य कंपनी, सर्वेश्वर फूड्स लिमिटेड (एसएफएल) निकट भविष्य में अपने किसान सुविधा केंद्रों (एफएफसी) की संख्या मौजूदा 14 से बढ़ाकर 50 करने की योजना बना रही है। इस विस्तार के माध्यम से, कंपनी का लक्ष्य अपने मिल संचालन को समर्थन प्रदान करना और अपने मूल्यवर्धित उत्पादों की नई श्रृंखला के लिए उपज की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित करना है। सर्वेश्वर फूड्स की विरासत 130 से अधिक वर्षों की है। भारत के सबसे कम प्रदूषित क्षेत्रों में से एक, जम्मू और कश्मीर (जम्मू और कश्मीर) की उपजाऊ मिट्टी में बसी इस कंपनी ने प्रीमियम बासमती चावल और जैविक खाद्य पदार्थों के अग्रणी आपूर्तिकर्ता के रूप में एक स्थायी विरासत बनाई है। यह कृषि पारिस्थितिकी तंत्र में एक विश्वसनीय नाम है, जो किसानों को सीधे तौर पर जोड़ता है, ग्रामीण समुदायों को सशक्त बनाता है और जैविक उत्पादों की आपूर्ति करता है, हिमालय के सार को भारत और दुनिया भर के घरों तक पहुँचाता है।सर्वेश्वर फूड्स जम्मू-कश्मीर और उत्तर भारत के कुछ अन्य राज्यों में अपने विशाल कृषि भूमि पर गर्व करता है, जिसका स्वामित्व या अनुबंध वर्षों से उसके पास है।

# क्यूपिड लिमिटेड ने की 32वीं एजीएम में सतत विकास की दिशा तय

**नाशिक।** क्यूपिड लिमिटेड की 32वीं वार्षिक आम बैठकमें चेय-रमैन एवं प्रबंध निदेशक श्री आदित्य कुमार हलवासिया ने शेयर-धारकों को संबोधित करते हुए कंपनी के मज़बूत FY25 प्रदर्शन पर प्रकाश डाला और FY26 के लिए साहसिक रोडमैप प्रस्तुत किया। हलवासिया ने बताया कि Q2 FY26 क्यूपिड लिमिटेड के इतिहास का सबसे बेहतरीन तिमाही बनने की दिशा में है, जिसे नए प्रोडक्ट लॉन्च, FMCG वर्टिकल में तेज़ रफ्तार और मज़बूत संस्थागत ऑर्डर्स की पाइपलाइन से बल मिल रहा है। यह दृष्टि-कोण कंपनी को रिकॉर्ड प्रदर्शन देने और सभी व्यावसायिक क्षेत्रों में सतत विकास की नींव रखने में मदद करेगा।क्यूपिड लिमिटेड के चेयरमैन और प्रबंध निदेशकआदित्य कुमार हलवासिया ने कहा, क्यूपिड अब केवल एक गर्भनिरोधक निर्माता कंपनी नहीं रह गई है, बल्कि उपभोक्ता वेलनेस और हेल्थ-टेक सेक्टर में अग्रणी बनने की दिशा में तेजी से रूपांतरित हो रही है।

# मुंबई हवाई अड्डे ने किया 50 लाख अंतरराष्ट्रीय यात्रियों का स्वागत

## यूएई से आए सबसे ज्यादा लोग



**नई दिल्ली।** छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (सीएसएमआईए) ने जनवरी 2025 और अगस्त 2025 के बीच 50 लाख से अधिक विदेशी यात्रियों का स्वागत किया। पिछले तीन वर्षों में, हवाई अड्डे पर अंतरराष्ट्रीय आगमन 21 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) से बढ़ा है। यह वैश्विक यात्रा मानचित्र पर मुंबई की लगातार बढ़ती प्रमुखता को उजागर करता है। एक मीडिया विज्ञप्ति के अनुसार, 55 अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों से सीधी कनेक्टिविटी के साथ, सीएसएमआईए ने इस क्षेत्र में सबसे अधिक वैश्विक रूप से जुड़े हवाई अड्डों में से एक के रूप में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। यूएई सीएसएमआईए का सबसे बड़ा स्रोत बाजार बना हुआ है। जहां जनवरी 2025 और अगस्त 2025 के बीच 15 लाख यात्री आएं।

**महानगर मीडिया नेटवर्क प्रा. लिमिटेड** के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अंतेश आर सिंह द्वारा, महानगर मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 501, ओमेगा हाउस, हीरानंदानी गार्डन्स, पवई, मुंबई-400076 से प्रकाशित एवं **डांगट मीडिया प्रा.लि.**, 22, दीघा एम आई डी सी, टी टी सी इंडस्ट्रियल एरिया, विष्णु नगर, दीघा, नवी मुंबई - 400708 में मुद्रित। ● फोन नंबरः 022-25705039 ईमेल : hmahanagar@gmail.com
● कार्यकारी संपादक : राघवेंद्र नाथ द्विवेदी* (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)

भेड़िया प्रभावित क्षेत्र का सीएम ने किया हवाई सर्वेक्षण बोले-

# पकड़ में न आए तो मार दें गोली

महानगर नेटवर्क
बहराइच

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को बहराइच के भेड़िया प्रभावित मंझारा तौकली गांव के गांधी बाजार पहुंचे। यहां उन्होंने हवाई सर्वेक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जंगल में भेड़िये जैसे दो जानवर भागते हुए देखे जाने की पुष्टि की। कहा कि वन विभाग पहले भेड़ियों को पकड़ने की कोशिश करे। लेकिन, यदि पकड़ में न आएं तो उनकी सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए गोली मारने में कोई कोताही न बरतें। मुख्यमंत्री ने 10 मिनट का हवाई सर्वेक्षण किया। इसके बाद भेड़िये के हमले से प्रभावित 16 परिवारों को राहत किट प्रदान की। ग्रामीणों से बातचीत की। मृत बच्चों के परिजनों को सांत्वना देते हुए परिजनों को पांच लाख रुपये और घायलों को 50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दिए जाने की बात कही। सीएम योगी ने कहा कि बाढ़ के दौरान भेड़िया क्षेत्र में आ गए हैं। अब आबादी पर हमला कर रहे हैं। इसलिए जरूरी है कि प्राथमिकता जनता की सुरक्षा की हो।



### वन और प्रशासनिक अधिकारियों का सहयोग करें : सीएम

इस दौरान प्रशासन को निर्देशित किया कि जिन ग्रामीणों के पास अभी पक्के मकान नहीं हैं, उन्हें पक्का घर मुहैया कराया जाए। साथ ही जिन घरों में दरवाज़े नहीं हैं, वहां दरवाज़े लगवाये जाएं। ताकि लोग सुरक्षित रहें। मुख्यमंत्री ने स्थानीय लोगों से अपील की है कि वन और प्रशासनिक अधिकारियों को सहयोग दें। ताकि, भेड़ियों का पता लगाकर और आवश्यक कदम उठाकर लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

## आई लव मोहम्मद के जवाब में आई लव योगी आदित्यनाथ के लगे पोस्टर

**लखनऊ।** यूपी में आई लव मोहम्मद के पोस्टर और बैनर को लेकर विवाद बढ़ता ही जा रही है। शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद बरेली में बवाल हुआ। यहां तक की बवाल के दौरान हुआ हंगामे को रोकने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज किया। इसी बीच अब आई लव मोहम्मद विवाद में पोस्टर वार भी चल रहा है। पहले, आई लव महादेव के पोस्टर लग रहे थे और अब एक बीजेपी नेता ने आई लव योगी आदित्यनाथ के पोस्टर लगाए हैं। राजधानी लखनऊ में बीजेपी के युवा मोर्चा के महामंत्री अमित त्रिपाठी ने पोस्टर लगवाए हैं। इन पोस्टरों पर आई लव योगी आदित्यनाथ और आई लव बुलडोजर लिखा है। इन पोस्टरों पर सीएम योगी आदित्यनाथ और अमित त्रिपाठी की फोटो लगी है। बीच में बुलडोजर की भी फोटो छपी है। ये पोस्टर लखनऊ के प्रमुख स्थानों जैसे वीवीआईपी चौराहा, समता मूलक चौराहा और जानकीपुरम में लगे हैं। इस मामले में अमित त्रिपाठी ने कहा कि हमें यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ से प्यार है। उनके नेतृत्व में बुलडोजर के जरिए गुंडों और माफिया पर की गई कार्रवाई ने प्रदेश में कानून-व्यवस्था को मजबूत किया है। इन होर्डिंग्स के माध्यम से यही संदेश देना चाहते हैं कि हमें अपने मुख्यमंत्री और उनकी नीतियों पर गर्व है।

# बरेली बवाल : मौलाना तौकीर सहित 8 गिरफ्तार, 48 घंटे के लिए इंटरनेट बंद

महानगर नेटवर्क
बरेली

शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद बरेली में हुए बवाल को लेकर ऐक्शन शुरू हो गया है। योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर यूपी पुलिस एक्शन में है। इत्तेहाद-ए-मिल्लत काउंसिल के प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खान को बवाल भड़काने का दोषी मानते हुए शनिवार की सुबह गिरफ्तार कर लिया। शनिवार को पुलिस ने मौलाना तौकीर रजा समेत आठ लोगों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। अब बरेली में दो दिन के लिए इंटरनेट सेवाओं को पूरी तरह से बंद कर दिया गया। प्रशासन ने इसको लेकर आदेश भी जारी कर दिया है। बीएसएनएल क्षेत्रीय कार्यालय के जीए पंकज पोरवाल ने प्रशासन के इस आदेश की पुष्टि की है। दरअसल सोशल मीडिया पर एक लेटर वायरल हुआ, जिसमें लिखा है कि शासन के निर्देश पर कुछ देर में इंटरनेट सेवाओं को बंद कर दिया जाएगा। पहले तो इसे फर्जी बताया गया, लेकिन इंटरनेट सेवाएं होने के बाद वायरल हुए इस लेटर की सत्यपता पर मुहर लग गई।




### प्रदेश और बरेली का विकास रोकने को की गई साजिश: डीएम

डीएम अविनाश सिंह ने शुक्रवार के घटनाक्रम के बाद शनिवार को शहर का निरीक्षण किया। उन्होंने विभिन्न इलाकों में जाकर व्यापारियों से बात की। लोगों को शांति व्यवस्था का आश्वासन दिया। निरीक्षण के बाद अपने कार्यालय में मीडिया से बात करते हुए जिलाधिकारी ने बताया कि शुक्रवार का घटनाक्रम एक सुनियोजित साजिश है। प्रदेश में विकास की रफ्तार तेजी से बढ़ी है। बरेली जिला प्रदेश की औसत विकास रफ्तार से 12 फीसदी अधिक पर चल रहा है। इस सबको प्रभावित करने के लिए साजिश रची जा रही है।

### 2010 के दंगे का भी आरोपी है मौलाना तौकीर

बरेली में बवाल के बाद आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा का नाम एक बार फिर चर्चा में है। आईएमसी प्रमुख 2010 में बरेली में हुए दंगे का आरोपी है। हालांकि मामला कोर्ट में लंबित है। इतना ही नहीं मौलाना ने ज्ञानवापी ढांचे में पूजा शुरू होने के बाद भी जेल भरो आंदोलन की घोषणा की थी। मौलाना पहले भी विवादित बयानबाजी कर चुके हैं। इस बीच मौलाना ने फिर जहर उगला है। मौलाना ने कहा कि अगर पुलिस का यही तरीका रहा तो मुल्क के हालात बिगड़ने का अंदेशा है। मैं नहीं चाहता कि मेरे देश और मेरे शहर का माहौल खराब हो। इससे पहले उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा था कि पुलिस इस मामले को जितना दबाने की कोशिश करेगी, यह उतना ही उभरेगा।

## मेरठ में भाजपा नेता प्रमोद भड़ाना की हत्या

### रंजिश में आरोपी रॉबिन ने उतारा मौत के घाट



**मेरठ।** मेरठ के किठौर थानाक्षेत्र में गांव भदोली में भाजपा युवा मोर्चा के महामंत्री और बीडीसी सदस्य प्रमोद कुमार भड़ाना की गोली मारकर हत्या कर दी गई। बताया गया कि वारदात को अंजाम गांव के ही रॉबिन गुर्जर ने दिया। प्रमोद सुबह खेत में चारा लेने गए थे, तभी उन पर जानलेवा हमला हुआ। प्रमोद को गोली लगने के बाद ग्राम प्रधान सतीश अपनी कार से उन्हें डॉक्टर के पास ले जा रहे थे। रास्ते में आरोपी ने ग्राम प्रधान की कार पर भी फायरिंग कर दी। गंभीर हालत में प्रमोद को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस वारदात से गांव में गम और गुस्से का माहौल है। वारदात के बाद आरोपी रॉबिन सीधे गांव पहुंचा और मृतक के घर पर भी फायरिंग की। ग्रामीणों का कहना है कि आरोपी ने तीन दिन पहले हापुड़ के नानपुर गांव में भी फायरिंग की थी। मामले के पीछे तीन दिन पहले नानपुर में हुई फायरिंग की रंजिश बताई जा रही है।

## NEET छात्र दीपक गुप्ता की हत्या का आरोपी रामपुर में ढेर

महानगर नेटवर्क
गोरखपुर

जिले में नीट अभ्यर्थी दीपक गुप्ता की हत्या के आरोपी और गो तस्कर जुबैर को पुलिस ने मुठभेड़ में मार गिराया है। रामपुर जिले के गंज थाना क्षेत्र में आरोपी के साथ पुलिस की मुठभेड़ हो गई। जिसमें पुलिस की गोली लगने से वो घायल हो गया, जिसके बाद उसे अस्पताल ले जाया गाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मृतक की पहचान कोतवाली थाना क्षेत्र के घेर मर्दान खां निवासी जुबैर उर्फ कालिया के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि आरोपी पिछले आठ साल से पशु तस्करी में लिप्त था। उस पर पुलिस की ओर से एक लाख रुपये का इनाम घोषित था।



मुरादाबाद परिक्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) मुनिराज जी ने संवाददाताओं को बताया कि शुक्रवार रात रामपुर के गंज थाना क्षेत्र में चाकू चौक से मंडी को जाने वाले रास्ते पर पुलिस जांच के दौरान एक मोटरसाइकिल पर दो व्यक्ति आते दिखे। पुलिस ने जब उन्हें रोकने की कोशिश की तो दोनों ने भागने का प्रयास किया। पुलिस के रोकने पर भी वो रुके नहीं, और बचने के लिए पुलिस पर ही फायर कर दिया, जिसके बाद पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की जिसमें एक आरोपी गोली लगने से घायल गया। जिसके बाद पुलिस उसने जिला अस्पताल ले गई जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

डीआईजी ने बताया कि इस गोलीबारी में उपनिरीक्षक राहुल जादौन और आरक्षी संदीप कुमार घायल हो गए। घायल पुलिस कर्मियों को भी इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया हैं। उनकी हालत अब खतरे से बाहर बताई जा रही हैं। कालिया गोरखपुर के पिपराइच हत्याकांड का मुख्य आरोपी था और उसकी तलाश रामपुर व गोरखपुर पुलिस को थी। जुबैर के खिलाफ रामपुर, बलरामपुर, गोंडा और गोरखपुर जिलों में पशु क्रूरता अधिनियम, गोहत्या, हत्या के प्रयास और हत्या सहित कुल 18 आपराधिक मामले दर्ज हैं।

## आई लव मोहम्मद का बैनर गिराने पर अब बाराबंकी में तनाव, फोर्स तैनात




महानगर नेटवर्क
बाराबंकी

यूपी के कई जिलों में आई लव मोहम्मद के पोस्टर-बैनर को लेकर माहौल गरम है। बिना इजाजत जुलूस को लेकर सीतापुर और वाराणसी में केस दर्ज हुए हैं। बरेली में तो बड़ा बवाल हो गया और मौलाना तौकीर रजा समेत तमाम लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। इस बीच बाराबंकी में भी आई लव मोहम्मद लिखे बैनर और पोस्टर विवाद का कारण बन गए हैं। बाराबंकी के फैजुल्लागंज गांव में 'आई लव मोहम्मद' लिखे बैनर गिराने पर दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। इसके बाद गांव में भारी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई है। बैनर गिराने की घटना मस्जिद पर लगे सीसीटीवी में कैद भी हो गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार कल रात जहांगीराबाद थाना क्षेत्र के फैजुल्लागंज गांव में लगाया गया 'आई लव मोहम्मद' लिखा बैनर अचानक चर्चा का कारण बन गया। स्थानीय चौकीदार धन्नी ने डंडे से रस्सी तोड़कर बैनर नीचे गिरा दिया। इसे देख मुस्लिम समुदाय के लोग मौके पर इकट्ठा हो गए और नाराजगी जताई। दूसरे पक्ष के लोग भी जमा होने लगे। इससे गांव का माहौल तनावपूर्ण हो गया।

## ज्ञानवापी केस में सुनवाई 13 अक्तूबर को

महानगर नेटवर्क
वाराणसी

जिला जज जय प्रकाश तिवारी की अदालत में शुक्रवार को शृंगार गौरी और ज्ञानवापी से जुड़े सील वजूखाना के फटे कपड़े बदलने के मामले में सुनवाई शुक्रवार को टल गई। अगली सुनवाई 13 अक्तूबर की होगी। पिछली तिथि पर अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी की ओर से अधिवक्ताओं ने कोर्ट में आपत्ति दाखिल की थी। पिछली तिथि पर कोर्ट में वाराणसी प्रशासन के तरफ से एक अर्जी दाखिल की गई। अर्जी में कहा गया कि ज्ञानवापी के सील वजूखाने में लगे हुए कपड़े जर्जर हो गए हैं। इस जर्जर कपड़े को बदलना अति आवश्यक है। उक्त सील वजूखाने के जर्जर कपड़े को बदलने की अनुमति देने की गुहार लगाई। इस पर अन्य पक्षकार के तरफ से आपत्ति दाखिल करने के समय दिया गया था। इसमें अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी की ओर से आपत्ति देने के लिए समय भी मांगा था।



### विदेशियों से ठगी करने वाले 29 अंतरराज्यीय ठगों को मिली जमानत

**वाराणसी।** रोहनिया में फर्जी कॉल सेंटर का संचालन कर विदेशियों से साइबर क्राइम के जरिए करोड़ों की ठगी के मामले में 29 अंतरराज्यीय ठगों को कोर्ट से शुक्रवार को राहत मिल गई। अपर जिला जज 13 सुशील कुमार खरवार की कोर्ट ने आरोपियों को 50-50 हजार की दो जमानतें और बंधपत्र पर रिहा करने का आदेश दिया।

## मंत्री का पीआरओ बन जालसाज ने एडीओ से की ठगी की कोशिश

**जौनपुर।** जिले के सिरकोनी विकास खंड के एडीओ पंचायत रत्नेश सोनकर से एक व्यक्ति ने प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री का पीआरओ बनकर ठगी की कोशिश की। आरोपी ने सुबह खंड विकास अधिकारी नीरज जायसवाल को फोन किया। कहा कि वह कैबिनेट मंत्री दारा सिंह चौहान का पीआरओ है। कैबिनेट मंत्री का थाने के पास आने का कार्यक्रम है। थाने के पास सफाई करवा दें। उन्होंने एडीओ पंचायत रत्नेश सोनकर का नंबर दे दिया, जिसके बाद उसने एडीओ पंचायत को फोन किया।



एडीओ पंचायत के मुताबिक फोन करने वाले ने बताया कि मंत्री का पीआरओ है। बीडीओ ने नंबर दिया है। उसके बाद उस व्यक्ति ने एडीओ पंचायत को फिर फोन किया और बोला कि अगर आपके परिवार का कोई लड़का हो तो बताइए, डीएम ऑफिस में एक पद रिक्त है, उसे रखवा दूं। मंत्री ने कहा कि आरोपी पर मुकदमा दर्ज कराएं।

## ध्वजारोहण कार्यक्रम में कई किलोमीटर दूर से जगमगाता दिखेगा राम मंदिर

महानगर नेटवर्क
अयोध्या

यूपी के अयोध्या में राम मंदिर निर्माण समिति की बैठक में दूसरे दिन 25 नवंबर को होने वाले ध्वजारोहण कार्यक्रम की व्यवस्थाओं को लेकर श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट और सुरक्षा अधिकारियों के साथ गहन मंत्रणा की गई। जिसमें निष्कर्ष निकला कि कुल मिलाकर आठ से दस हजार लोगों की मौजूदगी के बीच यह कार्यक्रम सम्पन्न कराया जाएगा। जिसमें प्रमुख रूप से अयोध्या जिले से सटे जनपदों में रहने वाले श्रद्धालुओं को प्राथमिकता दी जाएगी। बैठक में लिए गए निर्णयों की जानकारी समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने पत्रकारों को दी। नृपेंद्र मिश्रा ने बताया कि इस कार्यक्रम के लिए लगभग 8,000 लोगों की अतिथि सूची तैयार की जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि ट्रस्ट द्वारा चुनी गई तिथि अयोध्या में राम विवाह के वार्षिक उत्सव के साथ मेल खाती है। विवाह समारोह में पांच लाख से अधिक श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है, जिससे ध्वजारोहण समारोह की तैयारी ट्रस्ट के लिए चुनौतीपूर्ण बन गई है। समिति के अध्यक्ष ने बताया संग्रहालय का कार्य चल रहा है।



### आधी रात एके-47 लेकर घूम रहे युवक निकले पुलिसकर्मी

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में शनिवार की सुबह सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हुआ। इसमें देखा जा सकता है कि तीन युवक एक कॉलोनी में घूम रहे है। इसमें एक के हाथ में AK-47 और दूसरे के हाथ में पिस्टल है। वह कालोनी में घूम रहे हैं।

घटना ठाकुरगंज थाना क्षेत्र के कैंपवेल रोड स्थित रिफा कालोनी की है। ये सभी युवक वहां लगे सीसीटीवी में कैद हो गए। वीडियो वायरल हुआ तो पुलिस सक्रिय हुई। जानकारी करने पर पता चला कि सीसीटीवी फुटेज में दिख रहे युवक कन्नौज पुलिस के सिपाही हैं। वह किसी काम से सादे कपड़ों में यहां आए थे। स्थानीय लोगों ने बताया कि आधी रात कालोनी में घूम रहे

## मां ने नौ लोगों पर लगाया बेटे की हत्या का आरोप

**औरैया।** अछल्दा क्षेत्र के गांव घसारा के पास घाटमपुर पुलिया समीप शुक्रवार सुबह धान के खेत में मिले युवक के शव ने क्षेत्र में सनसनी फैला दी है। मृतक की मां ने पुलिस को तहरीर देते हुए नौ नामजद लोगों पर बेटे की हत्या का आरोप लगाया है। इस रिपोर्ट में खास बात यह सामने आई है कि साथी पर चली गोली का युवक प्रत्यक्षदर्शी थाए जिसे हमलावरों ने रास्ते से हटाया है।

गांव आशा निवासी मृतक प्रशांत उर्फ शिवा की मां प्रतिभा देवी ने पुलिस को तहरीर दी। इसमें बताया कि 24 सितंबर की रात साढ़े आठ बजे के करीब उसका बेटा शिवा अपने दोस्त विपिन यादव के साथ बाइक से घर लौट रहा था। रास्ते में रजनेश, रौकी, सुखानी व राहुल ने विपिन यादव को गोली मार दी थी। किसी तरह से शिवा मौके से भाग निकला था। घटना का प्रत्यक्षदर्शी होने की वजह से विपक्षी लगातार मुंह बंद करने की धमकी दे रहे थे। तहरीर में खास बात यह सामने आई कि विपिन पर फायर झोंकने वाले आरोपी घटना की रात 11 बजे के करीब उनके घर आए। रजनेश, रौकी, सुखानी व राहुल अपने साथियों गांव गौतला निवासी जयकेश, सुखदेव, गौतम व बलवीर को भी साथ लाए। शिवा को जबरन घर से ले जाने लगे। ग्रामीण बचाते इससे पहले ही आरोपी उसे अपहरण कर ले गए। वहीं, रात में बेटे को गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया।

## प्रदेश के 40 जिलों में मध्यम बारिश के आसार



महानगर नेटवर्क
लखनऊ

उत्तर प्रदेश में मौसम हर दिन मौसम का एक अलग रंग देखने को मिल रहा है। प्रदेश के कुछ हिस्सों में मौसम शुष्क बना हुआ है तो वहीं कुछ जगहों पर बारिश की बौछारों का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने प्रदेश के 40 जिलों में मध्यम बारिश का अनुमान जताया है। 28 और 29 सितंबर को प्रदेश के पश्चिमी और पूर्वी दोनों संभागों में कहीं-कहीं बारिश होगी, जबकि 30 सितंबर पश्चिमी यूपी में एक या दो जगहों पर गरज-चमक के साथ और पूर्वी में कुछ स्थानों पर बारिश होगी।

1 अक्टूबर को भी बारिश और गर्मी का दौर जारी रहने वाला है, लेकिन अधिकतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा। यूपी के कुछ जिलों में चिलचिलाती गर्मी पड़ेगी, जिससे लोगों को परेशानी हो सकती है। मौसम विभाग के मुताबिक प्रदेश में दक्षिण-पश्चिम मानसून सक्रिय होने की वजह से कुछ जगहों पर बारिश हो रही है।

### अंतरजनपदीय बाइक चोरी गिरोह का पर्दाफाश

**सुल्तानपुर।** जिले में शनिवार को पुलिस टीम ने अंतरजनपदीय बाइक चोरी गिरोह का पर्दाफाश किया है। इसमें पिता-पुत्र समेत जौनपुर के एक समेत चार चोर गिरफ्तार किए गए हैं। इनके कब्जे से 16 अलग-अलग बाइकें बरामद हुई हैं। सीओ रमेश के अनुसार, बुधवार और गुरुवार को लगातार लंभुआ कस्बे में दो बाइके चोरी होने का मामला प्रकाश में आया था। इस पर पुलिस टीम को एक्टिव किया गया। पुलिस ने सूचनाएं जमा करते हुए शाहगढ़ जंगल मोड़ के पास गैराज छापेमारी किया। जहां से हीरो होंडा स्प्लेंडर, टीवीएस, अपाचे जैसी 16 बाइकें बरामद हुई हैं।

### माघ मेले में पांच हजार संस्थाओं के लिए होगा स्थान आवंटित



**प्रयागराज।** महाकुंभ के तुरंत बाद आयोजित होने वाला माघ मेला इस बार विशेष महत्व का हो गया है। महाकुंभ में किसी कारणवश स्नान से वंचित रह गए श्रद्धालु माघ मेला 2026 के दौरान पुण्य स्नान का अवसर पाएंगे। यह संयोग दुर्लभ माना जा रहा है। हर वर्ष 30 दिनों का माघ मेला इस बार 29 दिन का रहेगा। तीन जनवरी से 15 फरवरी तक चलने वाले इस मेले में करीब 20 करोड़ श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है। इस बार मेले में पांच से छह हजार संस्थाओं को स्थान आवंटित किए जाने की संभावना है। लेकिन, मेले की तैयारियों के सामने सबसे बड़ी बाधा बाढ़ से प्रभावित जमीन है। इस साल पांच बार आई बाढ़ ने तकरीबन 300 से अधिक हेक्टेयर भूमि को दलदल में तब्दील कर दिया है। जबकि कुल 900 हेक्टेयर में मेले की बसावट की योजना बनाई जा रही है।

### यूपी बोर्ड की फर्जी वेबसाइट बनाकर ठगी का प्रयास, मुकदमा दर्ज

**प्रयागराज।** माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश की आधिकारिक वेबसाइट (यूपी बोर्ड) की फर्जी वेबसाइट बनाकर ठगी के प्रयास का मामला सामने आया है। यूपी बोर्ड के अपर सचिव प्रशासन की तहरीर पर साइबर थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। यूपी बोर्ड की असली वेबसाइट से मिलती जुलती फर्जी वेबसाइट बनाकर गुमराह करने और ठगी का प्रयास करने का मामला सामने आया है।

फर्जी वेबसाइट में भी असली वेबसाइट की तरह सीएम योगी की फोटो के साथ विभाग बोर्ड के सचिव की फोटो लगाई गई है। हूबहू वेबसाइट बनाकर लोगों में भ्रम की स्थिति पैदा कर जालसाजी का प्रयास किया जा रहा है। एक ही नहीं दो फर्जी वेबसाइट बनाकर ठगी का प्रयास किया जा रहा है। इसकी जानकारी होने पर बोर्ड के अपर सचिव प्रशासन सतेंद्र कुमार सिंह ने साइबर थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। विभाग की असली वेबसाइट www.upmsp.edu.in से मिलती जुलती फर्जी वेबसाइट साइबर ठगों ने www.upmsponline.in और www.upmsp.in.net बनाई है। वेबसाइट पर मुख्यमंत्री व माध्यमिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों की फोटो भी लगाई गई है।




## विंध्याचल धाम : मां के जयकारे से गूंज उठा देवी दरबार, हजारों भक्तों ने लगाई हाजिरी

महानगर नेटवर्क
मिर्जापुर

विंध्याचल धाम जगत कल्याणी माता विंध्यवासिनी की चौखट पर शीश नवाने शनिवार को श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। शारदीय नवरात्र की षष्ठी तिथि पर मंदिर पहुंचे आस्थावानों ने श्रद्धा से दर्शन- पूजन कर मंगल कामना की। भोर में मंगला आरती और श्रृंगार पूजन के उपरांत विंध्यवासिनी माता के दिव्य स्वरूप का दर्शन कर भक्त निहाल हो उठे। सुबह से विंध्यवासिनी मंदिर में माता की जय जयकार गूंजती रही। शारदीय नवरात्र की षष्ठी तिथि पर देश के कोने कोने से आए भक्तों ने देवी दरबार में मत्था टेका। गंगा स्नान कर घंटों कतार में खड़े होने के उपरांत देवी धाम पहुंचे। श्रद्धालु माता के दिव्य स्वरूप का दर्शन पाकर निहाल हो उठे। क्या छोटे और क्या बड़े सभी जगत जननी मां विंध्यवासिनी की भक्ति में तल्लीन नजर आए। देवी दरबार पहुंचे श्रद्धालु माता की एक झलक पाने को बेताब दिखे। घंटा घड़ियाल शंख के साथ बजते नगाड़े की धुन के बीच पहाड़ा वाली के जयघोष से संपूर्ण मंदिर परिसर गुंजायमान होता रहा। मंदिर की छत पर जगह जगह आसन बिछा कर बैठे साधकों का पूजन अनुष्ठान नवरात्र की षष्ठी तिथि पर भी अनवरत जारी रही।



### कानूनगो 10 हजार रुपये घूस लेते गिरफ्तार



**प्रतापगढ़।** प्रयागराज की विजिलेंस टीम ने 10 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए कानूनगो को प्रतापगढ़ में गिरफ्तार कर लिया है। कानूनगो अयूब खान ने वरासत दर्ज करने के लिए प्रतापगढ़ के रहने वाले राजाराम से 10 हजार रुपये की रिश्वत की मांग की थी। राजाराम ने इसकी शिकायत एंटी करप्शन प्रयागराज से की थी। शनिवार को विजिलेंस की टीम समाधान दिवस पर सदर तहसील पहुंची। समाधान दिवस से बाहर निकलते ही टीम ने कानूनगो को धर दबोचा।

## मऊ में रामलीला मंच के पास मिला मांस, आक्रोश

**बरेली।** जिले में बवाल के बीच मऊ में माहौल बिगड़ते-बिगड़ते बचा है। कोपागंज थाना क्षेत्र में ओड़ियाना राजगद्दी मैदान में रामलीला मंचन स्थल के पास प्लास्टिक के थैले में मांस का टुकड़ा फेंका गया। इससे रामलीला के श्रद्धालुओं में आक्रोश फैल गया। श्रद्धालुओं ने तत्काल रामलीला का मंचन भी रोक दिया। हंगामा बढ़ने की सूचना मिलते ही भारी संख्या में पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई। आधे घंटे तक पुलिस और श्रद्धालुओं के बीच मान-मनौव्वल चलता रहा। इसके बाद मामला शांत हुआ और रामलीला का मंचन फिर से शुरू किया गया। पुलिस ने प्रारंभिक जांच के बाद दावा किया कि किसी कुत्ते के द्वारा मांस वाला टुकड़ा वहां तक लाए जाने आशंका है। स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत कोपागंज नगर पंचायत क्षेत्र के ओड़ियाना बाजार स्थित राजगद्दी मैदान में शुक्रवार को रामलीला का मंचन चल रहा था। इसी दौरान एक प्लास्टिक के थैले में मांस का टुकड़ा मंचन स्थल के पास फेंके जाने से लोगों में आक्रोश फैल गया। आक्रोशित श्रद्धालुओं ने तत्काल रामलीला का मंचन रुकवा दिया। रामलीला स्थल पर ही हंगामा शुरू हो गया।



# प्रधानमंत्री मोदी ने दी उड़ीसा और गुजरात को अमृत भारत ट्रेन की सौगात





महानगर नेटवर्क

झारसुगुड़ा

शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ब्रह्मपुर (ओडिशा) और उधना (गुजरात) के बीच अमृत भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह एक नई पीढ़ी की ट्रेन है, जिसे किफायती, सुरक्षित और लंबी दूरी की यात्रा के लिए डिजाइन किया गया है।

जिस तरह वंदे भारत एक्सप्रेस ने मध्यम वर्ग के लिए यात्रा की नई परिभाषा गढ़ी है, उसी तरह अमृत भारत एक्सप्रेस भी किफायती किराए पर ऐसी ही सुविधाएं प्रदान करेगी। शनिवार को शुरू की गई इस रेल सेवा का किराया 495 रुपए (सामान्य श्रेणी) और 795 रुपए (गैर-वातानुकूलित शयनयान श्रेणी) प्रति यात्रा होगा। यह ट्रेन 5 राज्यों (गुजरात, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश और ओडिशा) के 22 जिलों में 1700 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय करेगी। इस नई कनेक्टिविटी से युवाओं सहित उद्यमियों एवं व्यवसायियों को कपड़ा, हीरा व संबंधित क्षेत्रों में और अधिक अवसर मिलेंगे। इस ट्रेन से मां तारा तारिणी शक्तिपीठ जाने वाले तीर्थयात्रियों को भी लाभ होगा।

### गुजरात में स्टेशन पुनर्विकास कार्य

गुजरात के स्टेशनों का विकास अगले 50 वर्षों को ध्यान में रखते हुए मास्टर डेवलपमेंट प्लान के तहत किया जा रहा है। भारतीय रेलवे उधना, सूरत, बिलिमोरा, सचिन आदि रेलवे स्टेशनों का व्यापक पुनर्विकास कर रहा है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को उधना स्टेशन के पुनर्विकास कार्य का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि स्टेशन को आधुनिक तर्ज पर डिज़ाइन किया जा रहा है। प्लेटफ़ॉर्म और पिट लाइनों की क्षमता बढ़ाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इससे पहले केंद्रीय मंत्री ने निर्माण कार्य की समीक्षा के लिए सूरत हाई स्पीड रेल स्टेशन का भी दौरा किया। सूरत-बिलिमोरा के बीच काम तेजी से चल रहा है। स्टेशन का सिविल वर्क पूरा हो चुका है और फिनिशिंग व यूटिलिटी वर्क अभी चल रहा है। निरीक्षण के दौरान केंद्रीय मंत्री ने बताया कि इस परियोजना में आधुनिक और नवीन तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है। पटरियों पर काम उल्लेखनीय गति से चल रहा है। सूरत स्टेशन पर पहला टर्नआउट सफलतापूर्वक स्थापित कर दिया गया है। टर्नआउट रेलवे ट्रैक का महत्वपूर्ण जंक्शन होता है।

# 'पूर्ण रूप से बैन कभी कामयाब नहीं हुआ'

## पटाखों पर प्रतिबंध को लेकर बोला सुप्रीम कोर्ट

महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली



दिल्ली एनसीआर में पटाखों पर प्रतिबंध को लेकर एक अहम सुनवाई हुई है। चीफ जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस के. विनोद चंद्रन और जस्टिस एनवी अंजरिया ने इस मामले की सुनवाई की। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से कहा है कि वो एक मजबूत नीति लेकर आए, जिससे दिल्ली एनसीआर के बाजार में सिर्फ ग्रीन क्रैकर्स की ही बिक्री हो। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को कहा है कि इस मामले से जुड़े जो भी स्टेकहोल्डर्स हैं, वे 7 अक्टूबर तक केंद्र से इस पर चर्चा करें, और एक नीति लेकर आएं।

सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने इस बात को स्वीकार किया कि पिछले अनुभव बताते हैं कि तमाम प्रयासों के बावजूद भी पूर्ण रूप से कुछ भी नहीं किया जा सका है। अदालत ने अपनी बात को स्पष्ट करने के लिए अवैध खनन का भी मुद्दा उठाया और बताया कि उस पर भी पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाया गया था, लेकिन इसके बावजूद अवैध रूप से माफिया राज स्थापित हो गया। इसी वजह से सुप्रीम कोर्ट मानता है कि ऐसे मामलों में एक संतुलित दृष्टिकोण रखना जरूरी है।

सुप्रीम कोर्ट ने एक बड़ी राहत दिल्ली एनसीआर के उन पटाखा विक्रेताओं को दे दी है, जिनके पास नेशनल एनवायरनमेंट इंजीनियरिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट (NEERI) से प्रमाण पत्र प्राप्त है। हालांकि एक शर्त रखी गई है कि अदालत के अगले फैसले तक वे दिल्ली एनसीआर में पटाखों की बिक्री नहीं कर सकेंगे।

पटाखा विक्रेताओं ने भी सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट के 2018 के एक फैसले का हवाला दिया। उन्होंने कहा कि उस फैसले में सर्वोच्च अदालत ने खुद ग्रीन क्रैकर्स को मंजूरी दी थी और उनकी मैन्युफैक्चरिंग पर कोई रोक नहीं लगाई थी। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार से भी पूछा कि क्या वे ग्रीन क्रैकर्स की मॉनिटरिंग कर सकते हैं। इस सवाल के जवाब में दिल्ली सरकार के वकील ने स्पष्ट किया कि सवाल यहां पर लाइसेंसिंग का है और यह दिल्ली पुलिस के अंतर्गत आता है।

इसके बाद सरकार की तरफ से पेश हुईं वकील ऐश्वर्या भाटी ने भी साफ किया कि सरकार समाधान ढूंढ़ना चाहती है। पर्यावरण मंत्रालय ने अपने एक दस्तावेज में यह स्पष्ट किया कि पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाना कोई समाधान नहीं है। इस बात पर सुप्रीम कोर्ट ने भी सहमति जताई और कहा कि कुछ न कुछ समाधान निकालना ही चाहिए। अगर अतिवादी फैसले लिए जाएंगे, तो इसके अतिवादी परिणाम भी सामने आ सकते हैं।

# BMW हादसे की आरोपी गगनप्रीत कौर को बड़ी राहत



महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली

दिल्ली के धौला कुआं के पास हुए बीएमडब्ल्यू हादसे की आरोपी गगनप्रीत कौर को बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने गगनप्रीत को जमानत दे दी है। 14 सितंबर को हुए इस हादसे में वित्त मंत्रालय के एक अधिकारी नवजोत सिंह की दर्दनाक मौत हो गई थी, जबकि उनकी पत्नी संदीप गंभीर रूप से घायल हो गई थीं। पत्नी ने आरोप लगाया था कि गाड़ी में मौजूद आरोपी पति-पत्नी उन्हें पास के किसी अस्पताल ना ले जाकर 19 किलोमीटर दूर एक छोटे से अस्पताल ले गए, जिससे उनके पति को समय पर इलाज नहीं मिल पाया और उनकी मौत हो गई। उन्होंने दावा किया था कि वह बार-बार उनसे गुहार लगाती रहीं कि मेरे पति को तुरंत इलाज की जरूरत हैं, प्लीज किसी पास के अस्पताल में ले चलिए, लेकिन उन दोनों ने एक नहीं मानी।

फैसला सुनाने से पहले कोर्ट ने कहा कि कुछ ही सेकंड में एक एम्बुलेंस भी वहां पहुंच गई थी और 30 सेकंड तक वहीं रही, लेकिन घायलों को अस्पताल नहीं ले जाया गया। जबकि उस एंबुलेंस के पास कोई इमरजेंसी भी नहीं थी और वे वह पास के आर्मी बेस अस्पताल जा रहे थे। इस एम्बुलेंस का क्या किया जाना चाहिए? अदालत ने पुलिस से पूछा, क्या वे लापरवाही से हुई मौत के आरोपी नहीं हैं? कोर्ट ने कहा कि पैरामेडिक के साथ एम्बुलेंस घायलों को अस्पताल ले जाने के लिए बाध्य थी।

### इन शर्तों के साथ दी गई जमानत

दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने उन्हें एक लाख रुपए के मुचलके और इतनी ही राशि की दो जमानत पर बेल दी है। कोर्ट ने गगनप्रीत कौर को अपना पासपोर्ट जमा करने का भी निर्देश दिया है। बता दें, दिल्ली कोर्ट ने 25 सितंबर को हादसे की आरोपी गगनप्रीत कौर की जमानत याचिका पर अपना फैसला शनिवार तक के लिए सुरक्षित रख लिया था। आरोप है कि हादसे के वक्त गगनप्रीत ही गाड़ी चला रही थी। उनकी गाड़ी से वित्त मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी की बाइक को टक्कर लगी थी। नवजोत अपनी पत्नी के साथ बंगला साहिब गुरुद्वारा से दर्शन कर लौट रहे थे। इसी दौरान ये हादसा हुआ।

# रिपोर्ट में दावा- देश में घटा बाल विवाह

## अब असम में शादियां 84% कम | CM को चैंपियंस ऑफ चेंज सम्मान

महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली



भारत में बाल विवाह की दर में जबर्दस्त गिरावट दर्ज की गई है। जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) की ओर से जारी शोध रिपोर्ट, 'टिपिंग प्वाइंट टू जीरो : एविडेंस टूवाड्‌र्स ए चाइल्ड मैरेज फ्री इंडिया' के अनुसार देश में लड़कियों के बाल विवाह की दर में 69 प्रतिशत की गिरावट आई है। वहीं, लड़कों के मामले में 72 फीसदी की कमी दर्ज की गई है। रिपोर्ट के अनुसार बाल विवाह की रोकथाम के लिए गिरफ्तारियां व एफआईआर जैसे कानूनी उपाय सबसे प्रभावी साबित हुए हैं। रिपोर्ट बताती है कि लड़कियों की बाल विवाह की दर में सबसे ज्यादा 84 प्रतिशत गिरावट असम में दर्ज की गई है। इसके बाद संयुक्त रूप से महाराष्ट्र व बिहार (70 प्रतिशत) का स्थान है, जबकि राजस्थान व कर्नाटक में क्रम से 66 और 55 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है।

रिपोर्ट के अनुसार पिछले तीन साल के दौरान केंद्र, राज्य सरकारों और नागरिक समाज संगठनों के समन्वित प्रयासों की बदौलत बाल विवाह की दर में यह अप्रत्याशित गिरावट संभव हुई है। सर्वे में हिस्सा लेने वाले 99 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने कहा कि उन्होंने मुख्यतः गैरसरकारी संगठनों के जागरूकता अभियानों, स्कूलों व पंचायतों के जरिए भारत सरकार के बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के बारे में सुनाया जाना है। यह रिपोर्ट न्यूयार्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा से इतर एक अलग कार्यक्रम में जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन ने जारी की। इस रिपोर्ट को जेआरसी के सहयोगी संगठन इंडिया चाइल्ड प्रोटेक्शन के शोध प्रभाग सेंटर फॉर लीगल एक्शन एंज बिहैवियरल चेंज फॉर चिल्ड्रेन (सी-लैब) ने तैयार किया था। बाल अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) 250 से भी ज्यादा नागरिक समाज संगठनों का देश का सबसे बड़ा नेटवर्क है। बाल विवाह के रोकथाम की दिशा में असम की अभूतपूर्व उपलब्धियों को मान्यता देते हुए जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा को 'चैंपियंस ऑफ चेंज' पुरस्कार से सम्मानित किया।

# दो साल बढ़ सकता है संसदीय समितियों का कार्यकाल

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार संसदीय स्थायी समितियों (पार्लियामेंटरी स्टैंडिंग कमेटी) के कार्यकाल को एक वर्ष से बढ़ाकर दो वर्ष करने पर विचार कर रही है। यदि यह प्रस्ताव मंजूर हो जाता है, तो समितियों के सदस्यों का कार्यकाल इस सत्र से ही दो वर्ष के लिए बढ़ाया जा सकता है। यह कदम संसदीय कार्यों में निरंतरता लाने और विधेयकों तथा रिपोर्टों की गहन जांच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उठाया जा रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि वर्तमान प्रणाली में हर साल होने वाले पुनर्गठन से कार्यप्रवाह बाधित होता है, जिससे महत्वपूर्ण मुद्दों पर गहन अध्ययन अधूरा रह जाता है। वर्तमान समितियों का कार्यकाल 26 सितंबर को समाप्त होने वाला है। यदि मंजूरी मिली, तो यह बदलाव संसदीय कार्य प्रणाली में एक महत्वपूर्ण सुधार साबित होगा। सूत्रों ने बताया कि सरकार कुछ वर्तमान समिति अध्यक्षों की उपलब्धता का आकलन कर रही है, ताकि दो वर्ष के विस्तार के बाद भी नेतृत्व में कोई कमी न रहे। उदाहरण के लिए, राज्यसभा के कांग्रेस सांसद दिग्विजय सिंह, जो स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण समिति के अध्यक्ष हैं, अगले साल जून में सेवानिवृत्त हो रहे हैं। इसी तरह समाजवादी पार्टी के राम गोपाल यादव (स्वास्थ्य समिति अध्यक्ष) नवंबर 2026 में रिटायर होंगे, जबकि असम के बीजेपी सांसद भुवनेश्वर कालिता (विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी समिति अध्यक्ष) अप्रैल 2026 में सेवानिवृत्ति के करीब हैं।

# यूपी में बीएसए को बेल्ट से पीटने के मामले ने पकड़ा तूल

## योगी के मंत्री आशीष पटेल की एंट्री



महानगर नेटवर्क

लखनऊ

उत्तर प्रदेश के सीतापुर में बीएसए अखिलेश प्रताप सिंह को बेल्ट से पीटने वाले शिक्षक बृजेंद्र कुमार वर्मा का प्रकरण लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। प्राथमिक विद्यालय नदवा में लगातार तीसरे दिन पढ़ाई ठप रही। एडी बेसिक श्याम किशोर तिवारी की जांच के दौरान शुक्रवार को विद्यालय में तीन बच्चे बेहोश हो गए, जिन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया और कुछ देर बाद डिस्चार्ज कर दिया गया। वहीं, शासन ने अब बीएसए को भी निलंबित कर दिया है। वहीं, इस मामले में तकनीकी शिक्षा मंत्री आशीष पटेल ने सीतापुर में शिक्षक से जुड़ी मारपीट की घटना को बेहद दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। मंत्री ने शुक्रवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि सीतापुर में शिक्षक से जुड़ी घटना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। मेहनती, ईमानदार और नियमित रूप से स्कूल जाने वाले बृजेंद्र वर्मा को इस हद तक परेशान किया गया कि वह अपना आपा खो बैठे। केवल 20 सेकंड के वीडियो क्लिप के आधार पर शिक्षक को एकतरफा दोषी ठहराना अनुचित है। मंत्री आशीष पटेल ने कहा कि बीएसए कार्यालय में प्रवेश करने से लेकर अंत तक के सभी सीसीटीवी फुटेज की समीक्षा के आधार पर, जो भी दोषी पाया जाए, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।

# एक महीने के भीतर भारत वापस लाओ

## बांग्लादेश भेजे गए छह लोगों के मामले पर बोला हाईकोर्ट

महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली



कलकत्ता हाईकोर्ट ने बीरभूम जिले की सोनाली बीबी और स्वीटी बीवी व उनके परिवारों को बांग्लादेश भेजने के केंद्र के फैसले को रद्द कर दिया। अदालत ने केंद्र को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि बांग्लादेश भेजे गए इन 6 नागरिकों को एक महीने के भीतर भारत वापस लाया जाए। उच्च न्यायालय ने आदेश पर अस्थायी रोक लगाने की केंद्र सरकार की अपील भी खारिज कर दी। न्यायमूर्ति तपब्रत चक्रवर्ती और न्यायमूर्ति आर के मित्रा की खंडपीठ ने भोदू शेख की बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर दो आदेश जारी किए।

याचिकाकर्ता ने दावा किया था कि 9 माह की गर्भवती उनकी बेटी सोनाली, उसके पति दानेश शेख और पांच साल के बेटे को दिल्ली में हिरासत में लिया गया और बांग्लादेश भेज दिया गया। दानिश शेख पश्चिम बंगाल के बीरभूम के मुरारई का रहने वाला है। मुरारई के ही आमिर ने भी एक अन्य याचिका में ऐसा दावा किया था। खान ने कहा कि उसकी बहन स्वीटी बीबी और उसके दो बच्चों को दिल्ली पुलिस ने उसी इलाके से हिरासत में ले लिया व बांग्लादेश भेज दिया।

याचिकाकर्ताओं ने कहा कि दिल्ली के रोहिणी क्षेत्र के सेक्टर 26 में दो दशकों से अधिक समय से ये परिवार दिहाड़ी मजदूरी करते थे। इन्हें 18 जून को एएन काटजू मार्ग पुलिस ने अवैध बांग्लादेशी होने के संदेह में हिरासत में लिया था और बाद में 27 जून को सीमा पार भेज दिया था। बाद में बांग्लादेश पुलिस ने इन लोगों को कथित रूप से गिरफ्तार कर लिया था। सोनाली के परिवार के सदस्यों ने इस बात पर चिंता व्यक्त की कि यदि उसने बांग्लादेश में बच्चे को जन्म दिया तो उसकी नागरिकता की स्थिति क्या होगी। दोनों परिवारों का प्रतिनिधित्व करने वाले वकीलों ने उच्च न्यायालय में दलील दी कि बांग्लादेशी होने के संदेह में इन लोगों को जबरन व अवैध रूप से पड़ोसी देश भेज दिया गया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों के समक्ष पैन, आधार कार्ड, भूमि स्वामित्व के कागजात और माता-पिता व दादा-दादी के मतदाता पहचान पत्र समेत नागरिकता दस्तावेज प्रस्तुत किए थे।

# 'सरकार भगवान राम की तरह वनवास में नहीं है'

## 14 साल की देरी पर हाईकोर्ट ने खारिज की राज्य की अपील

महानगर नेटवर्क

बेंगलुरु



कर्नाटक हाईकोर्ट ने हाल ही में राज्य सरकार द्वारा अपील दायर करने में 14 साल की देरी को माफ करने से इंकार कर दिया। जस्टिस डीके सिंह और जस्टिस वेंकटेश नाइक की खंडपीठ ने कहा कि इतनी बड़ी चूक को उचित ठहराने के लिए सरकार को "भगवान राम की तरह 14 वर्षों तक वनवास में रहने वाला" नहीं माना जा सकता। बार एंड बेंच की रिपोर्ट के मुताबिक हाईकोर्ट ने कहा कि सरकार 14 साल बाद जागी है। उसे विवादित फैसले और आदेश के खिलाफ अपील दायर करने का अब औचित्य नजर आ रहा है। कोर्ट ने कहा कि 14 साल वह समय है जब भगवान राम वनवास में थे और उसके बाद वे अयोध्या लौट आए थे। सरकार देरी के लिए माफी मांगने के लिए 14 साल वनवास में नहीं थी हमें इतनी बड़ी और अत्यधिक देरी को माफ करने का कोई आधार नहीं दिखता। कोर्ट राजस्व विभाग (स्टाम्प एवं पंजीकरण) के प्रधान सचिव, पंजीकरण महानिरीक्षक एवं स्टाम्प आयुक्त तथा दावणगेरे के जिला पंजीयक द्वारा दायर एक अपील पर सुनवाई कर रहा था।

# CJI बीआर गवई पर टिप्पणी को लेकर घिरे अनिरुद्धाचार्य

### सांसद चंद्रशेखर बोले- तथाकथित बाबा खुद को संविधान से ऊपर समझते हैं

**नई दिल्ली।** कथावाचक अनिरुद्धाचार्य एक बार फिर अपने बयान को लेकर सुर्खियों में है। उन्होंने मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई को लेकर टिप्पणी की थी। अनिरुद्धाचार्य ने कहा कि अगर सब काम भगवान करेंगे तो जज की कुर्सी की क्या जरूरत है। अब इस पर नगीना से सांसद और भीम आर्मी चीफ चंद्रशेखर आजाद ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि अधर्म के ठेकेदार अब धर्म की आड़ में नफरत और हिंसा का कारोबार कर रहे हैं।

चंद्रशेखर आजाद ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर लिखा, "देश का सर्वोच्च न्यायिक पद जिसे सुप्रीम कोर्ट का चीफ जस्टिस नहीं बल्कि चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (CJI) कहा जाता है। ऐसे सम्मानित पद पर आसीन CJI न्यायमूर्ति बी. आर. गवई साहब के खिलाफ अनिरुद्ध राम तिवारी उर्फ अनिरुद्धाचार्य का बयान "तुम्हें अगर अपनी छाती फड़वानी है" उसकी जातिवादी और घटिया सोच का परिचायक है।"

# जाति आधारित रैलियों पर रोक से भड़के संजय निषाद

महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली



उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने जाति आधारित रैलियों पर रोक लगा दी थी, लेकिन अब उन्हीं के सहयोगी दल के नेता संजय निषाद ने इस फैसले के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने इस फैसले को गलत बताते हुए कहा कि अगर इस तरह से जाति आधारित रैलियों पर रोक लगा दी जाएगी, तो वंचित और पीड़ित जातियों को जो न्याय मिलना चाहिए, उसमें बड़ी रुकावट आएगी। उन्होंने सरकार से मांग की है कि इस फैसले पर पुनर्विचार किया जाए। संजय निषाद ने तो यहां तक कहा है कि वह इस मुद्दे को पीएम नरेंद्र मोदी के सामने भी उठाने जा रहे हैं। संजय निषाद यहीं नहीं रुके। उन्होंने योगी सरकार को आईना दिखाते हुए कहा कि जातियों के हित को ध्यान में रखना हमेशा जरूरी है। जो जातियां समय के साथ पीछे छूट रही हैं, अगर उनकी आवाज उठाने में मुश्किल आने लगेगी, तो इसका विरोध किया जाएगा।

अब जानकारी के लिए बता दें कि उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने एक बड़ा फैसला लेते हुए पूरे राज्य में जातिगत भेदभाव को खत्म करने की दिशा में कदम उठाया था। उस फैसले की वजह से ही उत्तर प्रदेश में जाति आधारित रैलियों पर रोक रहेगी।

# झारखंड में वेटिकन सिटी थीम पर दुर्गा पूजा पंडाल

- बीजेपी और विश्व हिंदू परिषद ने जताई नाराजगी

महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली

रांची में वेटिकन थीम पर बने दुर्गा पूजा पंडाल ने विवाद खड़ा कर दिया है और विश्व हिन्दू परिषद और भारतीय जनता पार्टी ने इस पर चिंता जाहिर की है। हालांकि इसके बारे में आयोजकों का कहना है कि इसका उद्देश्य भाईचारे को बढ़ावा देना है। आरआर स्पोर्टिंग क्लब द्वारा बनाई गई इस झांकी में गुंबद, ऊंचे स्तंभ और मूर्तियां हैं, जो यूरोपीय गिरजाघरों की याद दिलाती हैं। अंदर दुर्गा की मूर्ति वाले मंच के ऊपर, एक गुंबदनुमा संरचना में ईसा मसीह, मरियम और अन्य ईसाई धर्मगुरुओं की फ्रेम वाली तस्वीरें हैं। यह पंडाल सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया है। इस पर वीएचपी और बीजेपी की प्रतिक्रिया सामने आई हैं। वीएचपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल ने पंडाल के डिजाइन को धर्म परिवर्तन के लिए प्रेरित करने का प्रयास और निर्दोष आदिवासियों को गुमराह करने के लिए एक खतरनाक प्रयोग बताया।

## 30 साल बाद अमेरिका से भारत डिपोर्ट हुई सिख महिला ने खोले राज

# 'मुझे गोमांस परोसा गया, जो मैं नहीं खा सकती थी'

महानगर नेटवर्क

वाशिंगटन



अमेरिका में तीन दशक से अधिक समय बिताने के बाद हाल ही में वहां से निर्वासित की गई 73 वर्षीय सिख महिला हरजीत कौर ने शनिवार को कहा कि किसी को भी उस कष्ट से नहीं गुजरना चाहिए, जिससे वह गुजरी हैं। उन्होंने अमेरिका में अपने परिवार से फिर से मिलने की इच्छा भी व्यक्त की। कौर ने अमेरिका में शरण के लिए आवेदन किया था, लेकिन वह स्वीकार नहीं किया गया। कौर को कैलिफोर्निया में आव्रजन अधिकारियों द्वारा हिरासत में लिए जाने के बाद भारत भेज दिया गया था, ऐसा उनके वकील ने पहले कहा था। उन्होंने कहा कि उन्हें खाने के लिए गोमांस दिया गया, जो वह नहीं खा सकती थीं। कैलिफोर्निया में आव्रजन अधिकारियों ने आठ सितंबर को उन्हें उस समय हिरासत में ले लिया, जब वह नियमित जांच के लिए गई थीं, जिसके बाद उनके परिवार और समुदाय के सदस्यों ने विरोध प्रदर्शन किया और उनकी स्थिति को लेकर चिंता जतायी थी। कौर 1992 में दो बेटों के साथ अकेली मां के रूप में अमेरिका पहुंचीं। उनके शरण के आवेदन को 2012 में अस्वीकार कर दिया गया था, लेकिन तब से, वह 13 साल से भी ज्यादा समय तक हर छह महीने में सैन फ्रांसिस्को स्थित आव्रजन एवं सीमा शुल्क प्रवर्तन (आईसीई) में "निष्ठापूर्वक रिपोर्ट" करती रहीं, यह बात उनकी पुत्रवधू मंजी ने उनके निर्वासन के बाद कही। मोहाली में अपनी बहन के घर पर पत्रकारों से बात करते हुए तरनतारन जिले के पंगोटा गांव की रहने वाली कौर ने कहा कि मैं हर छह महीने में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने वहां (आईसीई कार्यालय) जाती थी। आठ सितंबर को मैं अपनी उपस्थिति दर्ज कराने वहां गई थी, लेकिन उन्होंने बिना कुछ बताए मुझे गिरफ्तार कर लिया। कौर ने राज खोलते हुए यह भी बताया कि उन्हें उनके परिवार के करीबी सदस्यों को अलविदा कहने का भी मौका दिए बिना वापस भेज दिया गया।

कौर ने कहा कि मेरे परिवार ने मुझे भारत लाने के लिए संबंधित अधिकारियों से अनुमति मांगी और हवाई जहाज का टिकट भी दिखाया। लेकिन वे नहीं माने।

# नाटो देश डेनमार्क में फिर दिखे रहस्यमयी ड्रोन

## बढ़ाई गई सैन्य ठिकानों पर सुरक्षा, रूस पर गहराया शक




**कोपेनहेगन।** डेनमार्क के रक्षा मंत्रालय ने पुष्टि की है कि बीती रात कई सैन्य ठिकानों के ऊपर अज्ञात ड्रोन देखे गए। इन रहस्यमयी उड़ानों ने उत्तरी यूरोप की सुरक्षा एजेंसियों की चिंता और बढ़ा दी है। इससे पहले भी ड्रोन की गतिविधियों के चलते कई डेनिश हवाई अड्डों को अस्थायी रूप से बंद करना पड़ा था। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, शुक्रवार रात करुप एयरबेस के भीतर और बाहर ड्रोन दिखाई दिए।

### हवाई अड्डों पर बढ़ाई गई सुरक्षा

डेनमार्क में इससे पहले भी बुधवार और गुरुवार की रात को चार हवाई अड्डों के ऊपर ड्रोन देखे गए थे। कोपेनहेगन एयरपोर्ट पर तो कई घंटों तक उड़ानें बाधित रहीं। न्याय मंत्री पीटर हम्मलगार्ड ने कहा कि इन उड़ानों का मकसद डर और भ्रम फैलाना है। उन्होंने संसद में नए कानून लाने की बात कही जिससे जरूरी ढांचे के मालिक ड्रोन को मार गिरा सकें।

# शारदीय नवरात्रि के सातवें दिन मां कालरात्रि की पूजा

**शारदीय नवरात्रि के सातवें दिन मां कालरात्रि की पूजा की जाती है। इस दिन सुबह उठकर स्नान कर साफ वस्त्र पहनें और मां की चौकी सजाएं। रोली, अक्षत, फूल और धूप-दीप अर्पित करें, खासकर गुड़हल या गुलाब के लाल फूल चढ़ाएं और गुड़ से बनी चीजों का भोग लगाएं।**



**माँ का स्वरूप :-**
माँ कालरात्रि, माता कालिका का ही एक रूप हैं। उनका स्वरूप कुछ इस प्रकार है:
त्रिनेत्रधारी: तीन नेत्र हैं।
वाहन: वे गर्दभ (गधे) पर सवार रहती हैं।
चार हाथ: दाहिने हाथ: इनमें वरमुद्रा और अभयमुद्रा हैं, जो भक्तों को आशीर्वाद और सुरक्षा प्रदान करती हैं। बाएँ हाथ में एक लोहे का काँटा और एक खड्ग (तलवार) है।
रंग: उनका रंग गहरा काला है।

### पूजा विधि

स्नान और संकल्प: सुबह स्नान कर स्वच्छ वस्त्र पहनें और पूजा का संकल्प लें।
**चौकी सजाएं:** पूजा के लिए चौकी सजाकर मां कालरात्रि की प्रतिमा या तस्वीर स्थापित करें।
**गंगाजल और दीपक:** मां की प्रतिमा के आसपास गंगाजल का छिड़काव करें और घी का दीपक जलाएं।
**सामग्री अर्पित करें:** रोली, अक्षत, फूल (विशेषकर गुड़हल/गुलाब), फल और धूप-दीप अर्पित करें।
**भोग लगाएं:** मां को गुड़ या गुड़ से बनी चीजों का भोग लगाएं।
**पाठ और आरती:** मां कालरात्रि की आरती करें और दुर्गा सप्तशती या दुर्गा चालीसा का पाठ करें।
**मंत्र जप:** मंत्रों के साथ मां कालरात्रि की उपासना करें। आप 'ॐ कालरात्र्यै नमः' मंत्र का जाप कर सकते हैं।
ध्यान रखने योग्य बातें
**रंग:** मां को लाल रंग के वस्त्र या लाल रंग की चीजें बहुत प्रिय हैं।
**भोग:** मां को गुड़ का भोग बहुत पसंद है, और इसका दान भी किया जा सकता है।
**अन्य उपाय:** आप गुड़ के अलावा चीकू का भी भोग लगा सकते हैं।
**प्रसाद:** गुड़ को ब्राह्मणों को दान करने या प्रसाद के रूप में बांटने से लाभ होता है।
**माला:** अगर उपलब्ध हो तो लाल चंदन की माला का प्रयोग करें, नहीं तो रुद्राक्ष की माला का उपयोग कर सकते हैं।
मंत्र और जप-
**माँ कालरात्रि का मंत्र है:**
*'ॐ ऐं ह्रीं क्लीं कालरात्र्यै नमः'।*

# स्लिम लुक के लिए कलर्स को अपनाएं



**ब्लैक :** ब्लैक कलर स्पेक्ट्रम में से सबसे डार्क कलर है, जो भ्रम पैदा करता है कि काले रंग की आउटफिट पहनने वाली महिला वास्तविकता से कुछ हद तक स्लिम नजर आती है। शायद यही कारण है कि थोड़ी हैवी बॉडी वाली महिलाएं हमेशा अपने वार्डरोब में ब्लैक आउटफिट को जगह देती हैं। इसके अलावा, नेवी ब्लू, चॉकलेट ब्राउन या डार्क ग्रे के शेड्स जैसे डार्क कलर भी आपको पतला होने का आभास देते हैं।

**मोनोक्रोमैटिक शेड्स :** यदि आप अपनी ऊंचाई को कम करना चाहते हैं और एक पतली दिखने वाली उपस्थिति प्राप्त करना चाहते हैं, तो ऊपर से नीचे तक मोनोक्रोमैटिक रंग पहनें। यह एक आसान ट्रिक है, जो आपको पतला दिखाने में मदद करती है। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि मोनोक्रोमैटिक शेड्स पहनने से आपकी बॉडी की विजुअल वर्टिकल लाइन क्रिएट होती है, जिसके कारण यह आपके शरीर के बल्की एरिया को भी पतला दिखाता है।

**करें कलर मिक्सिंग :** यह सच है कि स्लिम और ट्रिम दिखने के लिए मोनोक्रोम शेड्स को कैरी करना अच्छा आईडिया है। लेकिन यह जरूरी नहीं है कि आप हर बार एक ही तरह के रंगों से चिपकी रहें। आप कलर्स के साथ प्ले करके भी अपने लुक को एन्हांस कर सकती हैं, साथ ही स्लिम दिख सकती हैं। मसलन, डार्क और लाइट शेड्स का कॉम्बिनेशन आपको स्टाइलिश दिखा सकता है। जैसे डार्क बॉटम के साथ ब्राइट कलर टॉप का कॉम्बिनेशन अच्छा रहेगा।

# बच्चों के लिए भी फायदेमंद है होम्योपैथी इलाज



बड़ा हो या बच्चा हर किसी का स्वास्थ्य बहुत अहम होता है, लेकिन बच्चों के मामलों में स्वास्थ्य से जुड़ी बातें गंभीर हो जाती है। अक्सर पैरेंट्स ये कोशिश करते हैं कि उनके बच्चे को किसी भी तरह की परेशानियां न आए और अगर आ भी जाए तो उसे तुरंत ठीक कर लिया जाए। ऐसा ही तब देखा जाता है जब बच्चे की तबीयत खराब हो या फिर उसे स्वास्थ्य से जुड़ी कोई परेशानी हो, ऐसे में कई पैरेंट्स आज भी ये सोचत हैं कि बच्चे को कोई साइड इफेक्ट्स न हो इसलिए होम्योपैथिक इलाज करवा लेते हैं। होम्योपैथिक इलाज आज से नहीं बल्कि सदियों से एक सुरक्षित और असरदार इलाज के रूप में देखा जाता है, होम्योपैथिक से इलाज बच्चा, बड़ा या फिर कोई भी बुजुर्ग आसानी से करवा सकता है और इससे कोई साइड इफेक्ट भी नहीं होता। बच्चों के लिए इसे ज यादा सुरक्षित इसलिए भी माना जाता है क्योंकि अक्सर एलोपैथी दवा लेने के बाद बच्चों को नींद, थकान जैसी चीजें महसूस होती है लेकिन होम्योपैथी में ऐसा नहीं होता, ये काफी सुरक्षित इलाज माना जाता है।

**इम्यून सिस्टम को करता है मजबूत**

होम्योपैथी इलाज को बच्चों के लिए इसलिए प्राथमिकता दी जाती है क्योंकि ये बच्चे की किसी भी बीमारी को जड़ से खत्म करने के लिए काम करती है। इसके साथ ही होम्योपैथी इलाज के दौरान बच्चों को दी जाने वाली दवा बच्चे के इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाने का काम करती है। जिससे बच्चे किसी भी बीमारी से लड़ने में सक्षम होते हैं। बच्चों को ये दवा पसंद भी आ जाती है क्योंकि इस इलाज की दवाएं मीठी होती है जो बच्चे आसानी से खा लेते हैं और कोई जबरदस्ती नहीं करनी पड़ती।

**कई गंभीर बीमारियों का किया जाता है इलाज**

बचपन में ही सर्जरी और ऑपरेशन और लंबा चलने वाले इलाज से ठीक होने वाली कई ऐसी गंभीर बीमारियां होती है जिनसे अक्सर माता-पिता डरते हैं। यही वजह है कि ज्यादातर पैरेंट्स होम्योपैथी की ओर रुख करते हैं। होम्योपैथी इलाज में बच्चों को होने वाले अस्थमा, शरीर में होने वाले आम संक्रमण, दस्त, पीलिया, दांत की समस्या, चिकनपॉक्स रोग जैसी बीमारियों को आसानी से ठीक किया जा सकता है।

**होम्योपैथी कैसे है फायदेमंद**

होम्योपैथी एक ऐसा इलाज का जरिया है जिससे किसी को भी किसी भी प्रकार का नुकसान नहीं होता और ये एक सुरक्षित इलाज है। इसके साथ ही होम्योपैथी इलाज के दौरान इस्तेमाल की जाने वाली दवाओं की लत भी नहीं लगती। होम्योपैथी दवा, गर्भवती महिला, बच्चे, बड़े, बुजुर्ग या फिर गंभीर बीमारियों के रोगी भी इसकी दवा ले सकते हैं। इसके लिए कई जरूरी पेड़, पौधों और खनिजों का इस्तेमाल किया जाता है।

# झाइयों को भगाएं दूर



**हर महिला खूबसूरत और बेदाग त्वचा चाहती है। लेकिन आजकल की लाइफस्टाइल, खान-पान में गड़बड़ी और तनाव के चलते महिलाओं को त्वचा से जुड़ी कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है। लेकिन चेहरे पर झाइयां एक ऐसी समस्या है जो महिलाओं को सबसे ज्यादा परेशान करती है क्योंकि यह त्वचा पर काले धब्बों के रूप में दिखाई देती है जो चेहरे की खूबसूरती को कम कर देती है। मेलानिन का लेवल बढ़ने, अधिक समय तक धूप में रहने, पिंपल्स, हार्मोनल बदलाव, आनुवांशिक कारणों और दवाओं के साइड इफेक्ट के कारण पिग्मेंटेशन की समस्या हो सकती है।**

स्किन पिग्मेंटेशन या डार्क स्पॉट्स एक ऐसी समस्या है जिससे ज्यादातर महिलाएं कभी न कभी जरूर परेशान रहती हैं। ये अनचाहे निशान सूरज के संपर्क से लेकर मुंहासे के बाद के प्रभाव तक कई कारणों से हो सकते हैं। लेकिन परेशान न हो क्योंकि हमारी किचन में कुछ ऐसे टिप्स उपलब्ध हैं जिन्हें हमारी पीढ़ियों द्वारा आजमाया और परखा गया है जो हमें सुझाव देते हैं कि कोई और कदम उठाने से पहले हम इन्हें जरूर आजमाएं।

**नींबू:** यह बात तो सभी जानते हैं कि नींबू का रस विटामिन सी से भरपूर होता है और निशान को ठीक करने में मदद करता है। लेकिन त्वचा पर लगाने से पहले इसे गुलाब जल या पानी से पतला करके इस्तेमाल करना चाहिए।

**टमाटर:** ये एंटी-ऑक्सीडेंट से भरपूर होते हैं और त्वचा को ठीक करते हैं। टमाटर में मौजूद लाइकोपीन डेड स्किन से छुटकारा पाने और त्वचा की रंगत को हल्का करने में फायदेमंद होता है। टमाटर का एक टुकड़ा त्वचा पर रगड़ने से टैनिंग और झाइयों से लड़ने में मदद मिलती है।

**शहद:** इसमें एंटीबैक्टीरियल गुण होते हैं जो त्वचा पर झाइयों के प्रभाव को कम करते हैं। इसे अकेले या दही और गुलाब जल के साथ मिक्स करके त्वचा पर मालिश के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है।

**एलोवेरा:** एलोवेरा जैल त्वचा की सभी समस्याओं से लड़ने में मदद करता है। जैल का एक टुकड़ा लें और इसे सीधे अपने चेहरे पर लगाएं। यह झाइयों के साथ-साथ त्वचा की जलन और सूजन को शांत करने में मदद करता है।

**क्लिनिक में उपलब्ध उपचार**

अगर आपको घरेलू उपचारों से बहुत ज्यादा फर्क महसूस नहीं हो रहा है और आप झाइयों की समस्या से तुरंत छुटकारा पाना चाहती हैं तो आप क्लिनिक में उपलब्ध ट्रीटमेंट को अपना सकती हैं।

**पील:** त्वचा के प्रकार और झाइयों की गंभीरता के आधार पर विभिन्न प्रकार के पील होते हैं। इसमें लैक्टिक एसिड से लेकर डर्मेलमेलन पील तक शामिल हैं। ये त्वचा के पुनर्निर्माण और हेल्दी त्वचा को बढ़ावा देने के लिए काम करते हैं। स्ट्रॉग पील के लिए कुछ डाउनटाइम हो सकता है, लेकिन आपको परेशान नहीं होना चाहिए।

**फेशियल:** अगर आप झाइयों से बचने के लिए ऊपर दिए गए दो में से किसी भी ट्रीटमेंट को नहीं लेना चाहती हैं तो आप मेडिकल फेशियल करवाएं। इनका परिणाम तत्काल ही दिखाई देता है जिससे आपकी त्वचा तुरंत कायाकल्प महसूस करती है। इसका कोई डाउनटाइम और साइड इफेक्ट नही है।

# स्मॉल किचन को दें स्पेशियस लुक



**रसोई, घर का एक ऐसा कोना है जहां सभी की ज़रूरतों व इच्छाओं का भरपुर ख्याल रखा जाता है। ऐसे में जब बात हो रसोई के ही रख रखाव, या उसके लुक की तो स्वभाविक तौर पर नए-नए फंडे निकल आते हैं। लेकिन जब बात हो छोटी रसोई की तो यह काम थोड़ा सा मुश्किल हो जाता है। क्योंकि कम स्पेस की वजह से रसोई बिखरी-बिखरी ज्यादा लगती है। आप रसोईघर की जगह को ज यादा नहीं बदल सकते हैं। इतना ही नहीं आपको कोशिश कर के कम जगह में ही फिट होने का प्रयास करना चाहिए। इसके अलावा किचन को साफ सुथरा रखने के लिए एक और महत्वपूर्ण बात यह है कि कम बर्तन हो, ताकि बर्तनों को आसानी से व्यवस्थित किया जा सके जिससे आपकी रसोई विशाल दिखे।**

- **दीवार का करें इस्तेमाल** जब आप बहुत सारे बर्तनों को स्लेब पर या फिर फर्श पर रखते हैं तो जगह ज्यादा घिरती है। ऐसे में आपके लिए बेस्ट ऑप्शन है बर्तनों को दीवार पर लटकाना, ऐसा करने के लिए आप झ शेप के हुक्स का इस्तेमाल कर सकती हैं। इससे रसोई की जगह भी कम इस्तेमाल होगी।
- **इस्तेमाल करें नाइफ ब्लॉक्स** यदि आपके रसोईघर में दराज हैं तो उनमें से केवल एक चाकू और चम्मच के लिए रखें। केवल आवश्यकता होने पर उन्हें बाहर निकालें। इससे रसोई की स्पेस की बर्बादी नहीं होगी। आप मानें या न मानें यह निश्चित रूप से एक छोटी रसोई में बर्तनों की व्यवस्था करने के लिए सबसे अच्छे ऑप्शन में से एक है।
- **दराजों को करें विभाजित** यदि आप सच में छोटी रसोई में बर्तनों को ढंग से जमाना चाहते हैं तो, सबसे बढ़िया आइडिया है रसोई में बनी दराजों को भरने के बजाए, उन्हें विभाजित कर लें। इसके लिए आप लकड़ी के खूंटी का प्रयोग कर, हर एक खंड में विशिष्ट बर्तन रख सकते हैं।
- **बनाएं इन्सेट स्टोरेज** अगर आप रोज़ काम आने वाले बर्तनों को जमाकर रखना चाहते हैं तो आप रसोई काउंटर के टॉप पर इन्सेट बर्तनों का स्टोरेज बनवा सकते हैं। इन्सेट बर्तनों से यहां अर्थ है काउंटर के टॉप पर दीवार पर ही छोटी-छोटी अलमारियां बनवा लें, जिनमें बर्तन रखे जा सकें।
- **लगाएं स्लाईडिंग ट्रेज** किसी भी रसोईघर में बर्तनों को व्यवस्थित करने के लिए सबसे सुविधाजनक तरीकों में से एक है दीवार पर शेल्फ लगवाना। साथ ही महत्वपूर्ण बर्तन पाने के लिए ट्रे निकाल सकते हैं।
- **एक जैसी चीज़ों को एक साथ रखें** रसोई व्यवस्थित तभी लगती है जब एक तरह के बर्तनों को एक साथ ही रखा जाए। कहने का अर्थ है कि अगर आप छोटी प्लेट्स के साथ बड़ी प्लेट्स को रखेंगे तो पूरी रसोई अव्यवस्थित लगेगी।

# खाना पकाने के पौष्टिक तरीके

**यदि आप सभी स्वास्थ्य के प्रति सचेत हैं पर खाना पकाने का सही तरीका चुनने से आपको अपने आहार में पोषक तत्वों के स्तर को बनाए रखने में मदद मिल सकती है, इसीलिए यह जानना जरूरी है कि कौन सा तरीका सबसे अच्छा है।**

**माइक्रोवेव :** भोजन को तैयार करने का बेहद आसान और सुविधाजनक तरीका है उसे माइक्रोवेव करना। माइक्रोवेव में पका हुआ भोजन पोषण मूल्य के मामले में सबसे हेल्दी विकल्प है। कम देर में खाना पकना और हीट या गर्मी के संपर्क में कम रहने की वजह से माइक्रोवेव किए गए भोजन में पोषक तत्व संरक्षित रहते हैं।माइक्रोवेव करने के दौरान हरी सब्जियों में मौजूद विटामिन सी का केवल 20 या 30 प्रतिशत हिस्सा ही नष्ट होता है, जोकि खाना पकाने के बाकी तरीकों की तुलना में बेहद कम है। लहसुन और मशरूम की एंटीऑक्सिडेंट गतिविधियों को बनाए रखने के लिए माइक्रोवेव करना पकाने का सबसे अच्छा तरीका है।



**रोस्टिंग :** रोस्टिंग की प्रक्रिया को अवन में ओपन फ्लेम पर भी किया जा सकता है। खाना पकाने की इस विधि में सभी तरह के विटामिन्स की हानि बेहद कम होती है जिसमें विटामिन सी भी शामिल है। इसमें सब्जियां जल्दी और आसानी से पक जाती हैं। घी और तेल का उपयोग कम होता है।

**ग्रिलिंग :** अगर आप इस तरह से खाना पकाते हैं तो इसमें घी या तेल का इस्तेमाल बहुत कम होता है। इस विधि में खाद्य पदार्थों के फ्लेवर और टेक्सचर सुरक्षित रहते हैं। इसमें पकाए जाने वाले खाद्य पदार्थ को ग्रिल के ऊपर रखते हैं, जिसमें नीचे से आंच लगती है।

**स्टीमिंग :** पोषक तत्वों को बनाए रखने की अगर बात हो तो इसमें स्टीमिंग यानि भाप में भोजन को पकाना सबसे अच्छा तरीका है। ताजा सब्जियां, चावल और दलिया को जहां तक संभव हो, कम पानी में भाप में पकाएं। मौसमी सब्जियों को स्टीमर या इडली बनाने वाले बर्तन या प्रेशर कुकर की भाप में पका सकते हैं। इसमें तेल की जरूरत नहीं होती और समय भी कम लगता है। इससे विटामिन व दूसरे पोषक तत्व भी सुरक्षित रहते हैं। न्यूट्रीशनिस्ट का कहना है कि कई सब्जियों जैसे बंदगोभी, फूलगोभी, ब्रोकली में कैंसर से लड़ने वाले तत्व होते हैं।

# इन मामूली सी चीजों से पाएं खूबसूरत और लंबे नेल्स



**संतरे का जूस :** 10 मिनट तक नाखूनों में संतरे का जूस लगाएं। इसके बाद गुनगुने पानी से हाथ धो लें। लगातार ऐसा करने से कुछ ही दिनों में नाखून बढ़ने लगेंगे। इसके अलावा चाहे तो संतरा खाने के बाद बचे छिलके को भी नाखूनों पर रगड़ने से नाखून जल्दी बढ़ जाते है।

**नींबू का रस :** एक कटोरी गर्म पानी में नींबू की कुछ बूंदें डालें।अब उस पानी में 5 मिनट के लिए अपनी उंगलियों को रहने दें। इसके बाद तुरंत हाथों को ठंडे पानी में डाल दें। इसके अलावा नींबू के छिलके को भी आप नाखूनों पर रगड़ सकती है। उसमें भी खूब मात्रा में नींबू का रस बचा होता है।

**नारियल तेल :** नाखूनों को बढ़ाने में नारियल तेल भी बहुत हैल्पफूल है। इस तेल को लगाने से नाखून मॉइस्चराइज होंगे और टूटेंगे नहीं। एक कटोरे में नारियल तेल डाल लें। इस तेल से नाखूनों क मालिश करें। इससे नाखून तेजी से बढ़ेंगे।

**ऑलिव ऑयल :** ऑलिव ऑयल भी नाखूनों को बढ़ाने में सहायक है। इसमें विटामिन ई होता है जो नाखूनों को पोषण प्रदान करता है जिससे नाखून तेजी से बढ़ते हैं। ऑलिव ऑयल को गर्म करके उससे कम से कम 3 मिनट तक नाखूनों पर मालिश करें। रोजाना ऐसा करने से कुछ ही दिनों में नाखून बढ़ने लगेंगे।

**लहसुन :** नाखून बढ़ाने के लिए लहसुन की कलियां लें। अब इन कलियों को बीच से काटकर नाखूनों पर मलें। इस नुस्खे को रात में करेंगे तो ज्यादा फायदा मिलेगा। रोजाना रात को कुछ दिनों तक लगातार लहसुन लगाने से नाखून बढ़ने शुरूहो जाएंगे।

**विटामिन ए :** नाखून बढ़ाने के लिए अपनी डाइट में 'विटामिन ए' जरूर शामिल करें। विटामिन का सेवन करने से नाखून मजबूत होने लगते हैं। शरीर में 'विटामिन ए' की कमी को पूरा करने के के लिए अंगूर, दूध, गाजर, पालक, मांस, मछली और अंडे करें।

# तपागच्छ संप्रदाय की भव्य और ऐतिहासिक महारथ यात्रा

**दक्षिण मुंबई के मुख्य मार्गों पर जैन धर्मशासन के तपागच्छ संप्रदाय द्वारा आयोजित 53 संघों की भव्य और ऐतिहासिक महारथ यात्रा**

गत रविवार को दक्षिण मुंबई के मध्यवर्ती प्रमुख मार्गों पर जैन धर्म के तपागच्छ संप्रदाय की एक भव्य महारथ यात्रा का आयोजन हुआ, जिसमें "सूरीरामचंद्र" समुदाय के साथ "सूरीशांतिचंद्र" समुदाय के मुंबई में विराजमान

- पू.आ.श्री श्रेयांसप्रभसूरीश्वरजी महाराज,
- पू.आ.श्री योगतिलकसूरीश्वरजी महाराज,
- पू.आ.श्री हर्षशीलसूरीश्वरजी महाराज,
- पू.आ.श्री मोक्षरति सूरीश्वरजी महाराज,
- पू.आ.श्री हितरत्नसूरीश्वरजी महाराज,
- पू.आ.श्री भव्यचंद्रसूरीश्वरजी महाराज


जैसे अनेक पूज्य पदस्थ Acharyas तथा सैकड़ों श्रमण-श्रमणियों की पावन उपस्थिति में, हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ के बीच, अत्यंत उल्लासपूर्ण वातावरण में शास्त्रसम्मत रूप से यह महारथ यात्रा सम्पन्न हुई।



मुंबई महानगर एवं उसके आसपास के कुल 53 संघों ने इस महारथ यात्रा में भाग लिया। इस भव्य आयोजन में 7 रजतमय परमात्मा को विमान तुल्य रथों में अत्यंत भव्य रूप से विराजमान किया गया, वहीं 20 अन्य रजतमय परमात्मा को विभिन्न संघों के आराधकों द्वारा अत्यंत आकर्षक पालकियों (शिबिकाओं) में विराजमान कर, पूजन के वस्त्र धारण कर रथों और पालकियों को कंधे पर उठाकर यात्रा निकाली गई। इस पावन कार्य में 600 से अधिक भाईयों ने भाग लिया। इस अवसर पर महाराष्ट्र के मंचर स्थित जिनालय में प्रतिष्ठित होने वाले विशाल श्री नेमिनाथजी और श्री पार्श्वनाथजी की प्रतिमाओं को भी एक विशेष फ्लोट में दर्शनार्थ विराजमान किया गया था।

## आज की रेसिपी

# कटहल बिरयानी



**कभी सोचा है बिरयानी में सबसे स्वादिष्ट क्या होता है... खैर बिरयानी के चाहने वालों के लिए इसके अलग-अलग जवाब हो सकते हैं. लेकिन हम आपको बता रहे हैं एक ऐसी बिरयानी रेसिपी के बारे में, जो आज से आपकी फेवरेट होने वाली है...**

**सामग्री :**

- 300 ग्रा. कटहल, 60 ग्रा. दही, 30 ग्रा.अदरक-लहसुन का पेस्ट, 200 ग्रा. बासमती चावल (4 मिनट के लिए उबलते पानी में पकाए हुए), 15 ग्रा. घर का बना गरम मसाला नमक, 5 ग्राम लाल मिर्च पाउडर, 600 (मिली.) पानी, 30 (मिली.) घी, 10 ग्राम भूरा प्याज एक चुटकी केसर, 10 ग्रा. धनिया पत्ती, 5 ग्राम पुदीना, आटा

**घर के बने मसाले के लिए:**

- 5 ग्राम स्टार ऐनीज़, 5 ग्राम जावित्रीऽ 5 ग्राम इलायची, 5 ग्राम हरी इलायची, 5 ग्राम जीरा, 5 ग्राम साबुत धनिया, 5 ग्राम लौंग, 5 ग्राम साबुत लाल, मर्च, 5 ग्राम दालचीनी

**विधि :**

- सबसे पहले एक कटोरे में कटहल डाल लें. इसके ऊपर अदरक-लहसुन का पेस्ट, नमक, लाल मिर्च पाउडर और दही डालकर मिक्स कर लें. इसे ढककर 3 घंटे के लिए रख दें.
- अब एक दूसरे बर्तन में घी लें. इसमें मैरिनेटिड कटहल को डालें. इसे हल्की आंच पर पकाना शुरू करें. पकाने के लिए आप हांडी, कुकर या कोई कड़ाही ले सकते हैं.
- हल्की आंच पर पकाते हुए गरम मसाला भी डालें.
- अब 200 ग्राम भीगे चावल डालें और 600 एमएल गरम पानी डालें.
- अब दम के लिए गुंधा हुआ आटा लेकर इसे सील कर दें. हल्की आंच पर 20 मिनट तक पकाएं.
- जब तक बिरयानी में दम लग रहा है आप रायता या चटनी तैयार कर लें. तैयार होने के बाद रायते के सर्व करें.

# सेंधा नमक के फायदे



**चेहरे की साफ-सफाई :** आपके फेस क्लींजर पर थोड़ा-सा सेंधा नमक छिड़कें और इसे अपने चेहरे पर सर्कुलर मोशन में रगड़े। सेंधा नमक से त्वचा के डेड सेल्स निकल जाएंगे और आपकी त्वचा अच्छी हो जाएगी।

**जली-झुलसी त्वचा :** सनबर्न या धूप में झुलसी त्वचा को राहत देने के लिए दो चम्मच सेंधा नमक को एक कप पानी में मिलाएं और इसे एक स्प्रे बॉटल में भरें। झुलसी हुई त्वचा की जलन कम करने के लिए इसे प्रभावित हिस्सों पर छिड़कें या स्प्रे करें।

**ब्लैकहेड्स :** ब्लैकहेड निकालने के लिए सेंधा नमक एक बहुत ही बढिया विकल्प है। 1 टेबलस्पून एप्सम सॉल्ट को एक चौथाई गर्म पानी में घोलें। ठंडा होने के बाद इस मिश्रण में सुई डुबाकर अपनी नाक पर लगाएं। 5-10 मिनट बाद गुनगुने पानी से साफ करें।

**चेहरे पर चिपचिप :** त्वचा पर चिपचिपाहट महसूस होने पर इसे कम करने और चेहरे से तेल छुड़ाने के लिए आधा टेबलस्पून सेंधा नमक में दो चम्मच दही मिलाएं और फिर इसे अपने चेहरे पर मलें।

# पाकिस्तान पर जीत ही भारत का एकमात्र लक्ष्य

**नई दिल्ली।** एशिया कप 2025 के महामुकाबले के लिए मंच तैयार है। रविवार को भारत और पाकिस्तान के बीच एशिया कप टी20 का फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। यह मैच दुबई अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में भारतीय समयानुसार रात आठ बजे से खेला जाएगा। 41 साल के एशिया कप के इतिहास में ये दोनों टीमें पहली बार फाइनल में आमने-सामने होंगी। ऐसे में मुकाबला दिलचस्प रहने की उम्मीद है। भारतीय टीम में इस मुकाबले के लिए दो बदलाव हो सकते हैं। वहीं, पाकिस्तान टीम बिना किसी बदलाव के मैदान पर उतर सकती है। मैदान के बाहर भी टकराव दुबई में खेले जाने वाले इस हाई-वोल्टेज मुकाबले में खेल के साथ-साथ मैदान से बाहर की राजनीतिक हलचल भी चर्चा का विषय बनी हुई है। जैसे-जैसे मैच का समय नजदीक आ रहा है, माहौल में रोमांच और तनाव दोनों चरम पर हैं। इस बार भारत-पाकिस्तान मुकाबला केवल क्रिकेट तक सीमित नहीं रहा। टॉस के समय भारत के कप्तान सूर्यकुमार यादव का हाथ नहीं मिलाना, मैच के बाद हाथ मिलाने से इनकार करना और फिर पाकिस्तान के तेज साथ-साथ मध्यम क्रम को भी तैयार रखना होगा।



### गेंदबाजों की भिड़ंत होगी अहम

भारत की ओर से जसप्रीत बुमराह और हार्दिक पांड्या नई गेंद से बढ़त दिलाने के लिए तैयार होंगे। हार्दिक के नहीं रहने पर अर्शदीप यह भूमिका निभा सकते हैं। दूसरी ओर पाकिस्तान शाहीन शाह अफरीदी और हारिस राऊफ पर निर्भर रहेगा। अगर पाकिस्तान का गेंदबाजी आक्रमण भारत के शीर्ष क्रम को जल्दी ध्वस्त कर देता है तो मुकाबला लो-स्कोरिंग हो सकता है। लेकिन भारत के पास गहराई में बल्लेबाज हैं जो मैच को लंबा खींच सकते हैं।

### टीम इंडिया में हो सकते हैं दो बदलाव

## कप्तान सूर्यकुमार को मिला PAK को हराने का प्लान

एशिया कप में भारतीय टीम विजयरथ पर सवार है, अब चुनौती है फाइनल की, जिसमें उसे पाकिस्तान से भिड़ना है. मगर टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव का बल्ला पूरे टूर्नामेंट में खामोश रहा है, वो अब तक पांच पारियों में सिर्फ 71 रन बना पाए हैं. इस खराब प्रदर्शन के बीच दिग्गज क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने कप्तान सूर्यकुमार को सलाह दी है. गावस्कर का कहना है कि सूर्यकुमार को मैदान पर उतरने के बाद कुछ गेंद तक पिच की स्थिति को समझने की कोशिश करनी चाहिए.

सुनील गावस्कर ने सूर्यकुमार यादव बिना कोई संदेह एक क्लास प्लेयर हैं. मैं इतना ही कहना चाहूंगा कि वो कुछ गेंद खेलकर पिच की परिस्थिति को समझने का प्रयास करें. गति, बाउंस और टर्न का आंकलन करें. डगआउट में बैठकर और मैदान पर खेलने में बहुत फर्क होता है. गावस्कर ने यह भी कहा कि जब बल्लेबाज सेट हो चुका होता है तो लगता है कि पिच में कुछ कठिनाई नहीं है. लेकिन अपना स्वाभाविक गेम खेलने से पहले बल्लेबाज को पिच की परिस्थितियों को समझना और जानना जरूरी है.

सूर्यकुमार यादव की कप्तानी बढ़िया रही है, उनकी कप्तानी में भारत को अब तक सिर्फ 2 टी20 मैचों में हार मिली है. मगर उनका व्यक्तिगत प्रदर्शन बहुत ज्यादा खराब रहा है. इस साल सूर्यकुमार ने 10 टी20 पारियों में सिर्फ 99 रन बनाए हैं, जिनमें एक भी अर्धशतक शामिल नहीं है. सूर्यकुमार यादव ने अभी करीब 3 महीने पहले ही IPL 2025 में 16 मैच खेलकर 717 रन बनाए थे।

**भारत:** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल (उपकप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), तिलक वर्मा, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, जसप्रीत बुमराह, हार्दिक पांड्या/अर्शदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, कुलदीप यादव।

**पाकिस्तान:** साहिबजादा फरहान, फखर जमां, सैम अयूब, सलमान आगा (कप्तान), हुसैन तलत, मोहम्मद हारिस (विकेटकीपर), मोहम्मद नवाज, फहीम अशरफ, शाहीन अफरीदी, हारिस रऊफ, अबरार अहमद।

### अभिषेक पर निर्भरता और बाकी बल्लेबाजों से उम्मीद

पूरे टूर्नामेंट में भारत की बल्लेबाजी काफी हद तक अभिषेक पर टिकी रही है। सवाल यह है कि अगर वह फाइनल में जल्दी आउट हो जाते हैं तो क्या बाकी बल्लेबाज टीम को संभाल पाएंगे? सूर्यकुमार यादव अब तक बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहे हैं, शुभमन गिल कई बार सेट होकर भी मैच खत्म नहीं कर पाए, जबकि संजू सैमसन और तिलक वर्मा ने केवल कुछ एक मैचों में अच्छा प्रदर्शन किया है। इसलिए टीम प्रबंधन को पावरप्ले में तेजी से रन बनाने के साथ-साथ मध्यम क्रम को भी तैयार रखना होगा।





### पाकिस्तान की समस्याएं और कमजोरियां

अगर भारत के पास अपनी चिंताएं हैं तो पाकिस्तान भी परेशानियों से मुक्त नहीं है। पाकिस्तान का बल्लेबाजी क्रम पूरे टूर्नामेंट में अस्थिर रहा है। साहिबजादा फरहान कुछ हद तक जसप्रीत बुमराह को परेशान करने में सफल रहे, लेकिन अन्य बल्लेबाज पूरी तरह फ्लॉप रहे। सैम अयूब चार बार शून्य पर आउट हुए और एक समय ऐसा था कि उनके नाम पर रन से ज्यादा विकेट थे। हुसैन तलत और सलमान अली आगा भारतीय स्पिनरों के सामने जूझते नजर आए। रविवार के मैच में भी उम्मीद है कि कुलदीप यादव और वरुण चक्रवर्ती की स्पिन जोड़ी अहम भूमिका निभाएगी।

## खूंखार 'शतक' से सिर्फ 2 कदम दूर हैं हार्दिक पांड्या

**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच रविवार, 28 सितंबर को 2025 एशिया कप का फाइनल मुकाबला खेला जाएगा. इस मैच में टीम इंडिया के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या के पास एक खूंखार 'शतक' पूरा करने का मौका है. हार्दिक अगर पाकिस्तान के खिलाफ दो विकेट ले लेते हैं तो वह टी20 इंटरनेशनल में 100 विकेट पूरे कर लेंगे. अभी हार्दिक के टी20 आई में 98 विकेट हैं. अगर हार्दिक पांड्या पाकिस्तान के खिलाफ फाइनल मुकाबले में 2 विकेट ले लेते हैं, तो वह टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 100 विकेट लेने वाले दूसरे भारतीय गेंदबाज बन जाएंगे. फिलहाल, टी20 क्रिकेट में 'विकेटों के शतक' का रिकॉर्ड सिर्फ एक ही भारतीय गेंदबाज के नाम है. अर्शदीप सिंह ने साल 2022 से अब तक 65 मुकाबलों में 18.76 की औसत के साथ 101 विकेट अपने नाम किए हैं. वैश्विक स्तर पर सर्वाधिक टी20 विकेट झटकने वाले गेंदबाजों की बात करें, तो राशिद खान इस लिस्ट में शीर्ष पर मौजूद हैं, जिन्होंने 103 मुकाबलों में 13.93 की औसत के साथ 173 विकेट चटकाए हैं. हार्दिक पांड्या एशिया कप के इस संस्करण में 4 विकेट हासिल कर चुके हैं. हार्दिक पांड्या साल 2016 से अब तक भारत के लिए 120 टी20 मुकाबले खेले हैं. इस दौरान उन्होंने 26.58 की औसत के साथ 98 विकेट हासिल किए हैं. इस दौरान पांड्या ने 3 बार पारी में 4 या इससे अधिक विकेट चटकाए हैं. भारतीय टीम एशिया कप 2025 में लगातार 6 मुकाबले जीतकर फाइनल खेलने उतरेगी. वहीं, पाकिस्तानी टीम ने अब तक जिन 2 मुकाबलों को गंवाया, वो दोनों ही मैच भारत के खिलाफ खेले गए थे. 14 सितंबर को टीम इंडिया ने दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट ग्राउंड पर पाकिस्तानी टीम को 7 विकेट से रौंदा था, जिसके बाद 21 सितंबर को टीम इंडिया ने पाकिस्तान के विरुद्ध 6 विकेट से जीत दर्ज की. अब दोनों देश 28 सितंबर को इसी मैदान पर फाइनल मैच में आमने-सामने होंगे. फैंस का मानना है कि फाइनल में भी टीम इंडिया का पलड़ा भारी रहेगा.



पाकिस्तान के खिलाफ फाइनल में रचेंगे इतिहास?

## श्रीलंका की करीबी हार पर जयसूर्या की तीखी टिप्पणी

**दुबई।** श्रीलंका के मुख्य कोच सनथ जयसूर्या ने एशिया कप के सुपर ओवर में भारत से मिली हार पर अपनी राय साझा की। श्रीलंकाई टीम को सुपर ओवर में मामूली हार का सामना करके भारतीय टीम ने टूर्नामेंट में अपनी अपराजेयता बरकरार रखी। श्रीलंका के पास निर्धारित ओवरों में खेल खत्म करने का मौका था क्योंकि उन्हें आखिरी गेंद पर तीन रन चाहिए थे। हालांकि अक्षर पटेल द्वारा गेंद को आसानी से पकड़ने में नाकाम रहने के बावजूद दासुन शनाका ने तीसरा रन नहीं लिया। ऐसा लग रहा था कि श्रीलंका को बस दूसरा रन लेने की चिंता थी और इसीलिए उन्होंने डाइव लगाकर उसे पूरा किया। जयसूर्या खुश नहीं थे कि मैच सुपर ओवर तक गया क्योंकि वह चाहते थे कि मैच सामान्य समय में ही खत्म हो जाए। जयसूर्या ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'मैं मैच को सामान्य समय में ही खत्म करना पसंद करता। कोई भी कप्तान या कोच सुपर ओवर में नहीं जाना चाहता। दुर्भाग्य से, दासुन तीसरा रन पूरा करने से चूक गए। लेकिन नहीं, भारत के खिलाफ कोई मानसिक अवरोध नहीं है। हमारा बल्लेबाजी क्रम मजबूत है और हमने उन्हें आत्मविश्वास दिया है। 200 203 के लक्ष्य का पीछा करना कभी आसान नहीं होता, लेकिन हमने लगभग कर ही लिया, जो हमारी क्षमता को दर्शाता है।'



## क्रिकेट इतिहास में अभी तक फाइनल में 5 बार भिड़े हैं भारत और पाकिस्तान




**दुबई।** एशिया कप 2025 का फाइनल मुकाबला रविवार को भारत और पाकिस्तान के बीच खेला जाएगा। 9 सितंबर से शुरू हुए इस टूर्नामेंट में टीम इंडिया ने अबतक 6 मैच खेले हैं और हर मैच में जीत हासिल की है। फाइनल में भिड़ने वाली पाकिस्तान को भी भारत ने दो बार पटखनी दी है। पहले 14 सितंबर को ग्रुप स्टेज मैच में भारत ने 7 विकेट से पाकिस्तान को धूल चटाई थी। इसके बाद अगले रविवार को फिर भारत ने 6 विकेट से जीत हासिल की। भारत और पाकिस्तान के बीच तीसरी भिड़ंत फाइनल की है। वहीं बात करें दोनों टीमों के बीच हुए हुए फाइनल मैचों की तो दोनों टीमें क्रिकेट इतिहास में अभी तक 5 बार ही आमने-सामने हुई हैं, जिसमें पाकिस्तान 3 बार और भारत दो बार जीता है।

2017- चैम्पियंस ट्रॉफी, ओवल, पाकिस्तान की 180 रनों से जीत।

एशिया कप के इतिहास में यह पहली बार है जब भारत और पाकिस्तान फाइनल में आमने सामने होंगे। टूर्नामेंट के मौजूदा संस्करण में यह तीसरी बार होगा जब दोनों चिर प्रतिद्वंद्वी टीमें एक-दूसरे से भिड़ेंगी। हालांकि भारतीय टीम ने इन दोनों मैचों में जीत हासिल की और रविवार 28 सितंबर को होने वाले फाइनल मैच में भी ऐसा ही करना चाहेगी।

**मल्टी नेशन्स टूर्नामेंट के फाइनल में IND vs PAK मैचों के नतीजे:**

1985- बेन्सन एंड हेजेस वर्ल्ड चैम्पियनशिप, मेलबर्न, भारत की 8 विकेट से जीत
1986- ऑस्ट्रल-एशिया कप, शारजाह, पाकिस्तान 1 विकेट से जीता
1994- ऑस्ट्रल-एशिया कप, शारजाह, पाकिस्तान ने 39 रनों से मुकाबला जीता
2007- टी20 विश्व कप, जोहानिसबर्ग, भारत ने 5 रनों से मैच जीता

भारत बनाम श्रीलंका मैच में सलामी बल्लेबाज पाथुम निसांका के आक्रामक शतक ने भारतीय गेंदबाजों को एशिया कप में पहली बार दबाव में ला दिया लेकिन सुपर ओवर में अर्शदीप सिंह के बेजोड़ प्रदर्शन से भारतीय टीम ने श्रीलंका को हराकर टूर्नामेंट में लगातार छठी जीत दर्ज की।

शानदार फॉर्म में चल रहे अभिषेक शर्मा के टूर्नामेंट में तीसरे अर्धशतक की मदद से भारत ने पहले बल्लेबाजी के लिये भेजे जाने पर 20 ओवर में 5 विकेट पर 202 रन बनाये। जवाब में निसांका के शतक की मदद से श्रीलंका ने जीत की ओर लगभग कदम रख दिया था। लेकिन वे सुपर ओवर में रन बनाने में नाकाम रहे।

## उन्हें बेंच पर बैठा देना चाहिए, इस खिलाड़ी के प्रदर्शन से निराश हुए वकार यूनुस

**दुबई।** भारत के खिलाफ दो करारी हार के बावजूद पाकिस्तान किसी तरह एशिया कप 2025 के फाइनल में जगह बनाने में कामयाब रहा। हालांकि टूर्नामेंट की सबसे बेहतरीन फॉर्म में चल रही टीम भारत के खिलाफ फाइनल मुकाबले को देखते हुए, पाकिस्तानी खेमे में कुछ खिलाड़ियों की फॉर्म को लेकर चिंताए हैं।

पाकिस्तान के महान खिलाड़ी वकार यूनिस के लिए सैम अयूब ऐसे ही एक खिलाड़ी हैं, जिन्होंने यूएई में एशिया कप अभियान की शुरुआत से अब तक 6 मैचों में केवल 23 रन बनाए हैं। यूनिस का साफ कहना है कि अयूब को टीम से बाहर ही रखना चाहिए। सैम ने एशिया कप में पाकिस्तान के लिए



6 मैच खेले हैं, जिनमें से 4 में वह खाता खोले बिना ही आउट हो गए। वकार यूनुस ने सोनी लिव पर कहा,'देखिए, मैंने दूसरी बार शून्य पर आउट होने के बाद कहा था, मैंने कहा था कि इस खिलाड़ी को बेंच पर बैठा देना चाहिए। ऐसा नहीं है कि वह प्रतिभाशाली नहीं है, वह बहुत प्रतिभाशाली है। मुझे लगता है कि वह पाकिस्तान क्रिकेट का भविष्य है। लेकिन कभी-कभी जब चीजें आपके अनुकूल नहीं होती हैं, तो आप बस अपने आप में सिमट जाते हैं।

## शीतल देवी 18 साल की उम्र में बनी विश्व चैंपियन

### जीता गोल्ड

**दक्षिण कोरिया:** भारत की 18 वर्षीय शीतल देवी ने शनिवार को यहां विश्व तीरंदाजी पैरा चैंपियनशिप में महिलाओं की कंपाउंड व्यक्तिगत स्पर्धा में तुर्किये की दुनिया की नंबर एक पैरा तीरंदाज ओजनूर क्यूर गिर्डी को 146-143 से पराजित कर स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया। स्पर्धा में शीतल एकमात्र बिना बाजू वाली पैरा तीरंदाज हैं। वह निशाना लगाने के लिए अपने पैरों और ठुड्डी का इस्तेमाल करती हैं और यह चैंपियनशिप में उनका तीसरा पदक है। इससे पहले शीतल और सरिता ने कंपाउंड महिला ओपन टीम स्पर्धा में रजत पदक। शीतल ने तोमन कुमार के साथ मिलकर कंपाउंड



मिश्रित टीम स्पर्धा में भी कांस्य पदक जीता। व्यक्तिगत फाइनल तनावपूर्ण था लेकिन शीतल ने संयम से निशाने लगाए। पहला राउंड 29-29 से बराबरी पर था, लेकिन शीतल ने दूसरे राउंड में 10-10 के तीन शॉट लगाकर 30-27 से जीत बढ़त हासिल की। तीसरा राउंड भी 29-29 से बराबरी पर था। चौथे राउंड में शीतल मामूली अंतर से चूक गई जिसमें उन्होंने 28 अंक बनाए और गिर्डी एक अंक से इसे जीत गई। हालांकि फिर भी शीतल ने 116-114 के स्कोर पर दो अंक की बढ़त बनाए रखी। इसके बाद उन्होंने अंतिम राउंड में तीन सटीक तीर से 30 अंक बनाकर अपना पहला स्वर्ण पदक पक्का किया। इससे पहले जम्मू कश्मीर की इस तीरंदाज ने सेमीफाइनल में ब्रिटेन की जोडी ग्रिनहम को 145-140 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया था। यह खिताबी मुकाबला 2023 पिलसन विश्व चैंपियनशिप का दोहराव था जिसमें गिर्डी ने शीतल को 140-138 से हराया था। कंपाउंड महिला ओपन टीम स्पर्धा में शीतल और सरिता को फाइनल में तुर्की से हारने के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा। भारतीय जोड़ी ने शानदार शुरुआत करते हुए पहले राउंड में गिर्डी और बुर्सा फातमा उन की तुर्की की जोड़ी पर 38-37 की बढ़त बनाई। भारतीय जोड़ी ने अपने शुरुआती चार तीर से तीन बार 10 अंक जुटाए जबकि तुर्की की जोड़ी केवल एक बार ही 10 अंक बना सकी।

## हमारी विश्व कप टीम में युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का बेहतरीन संतुलन: हरमनप्रीत

**दुबई।** कप्तान हरमनप्रीत कौर को विश्वास है कि मंगलवार से शुरू हो रहे महिला विश्व कप के लिए भारतीय टीम में हर विभाग में युवा और अनुभवी खिलाड़ियों के अच्छे मिश्रण से उनकी टीम को पहली बार विश्व खिताब जीतने में मदद मिलेगी। भारत चौथी बार ICC की इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता की मेजबानी कर रहा है। टीम इससे पहले 2 मौकों पर खिताब जीतने के करीब पहुंची थी। भारतीय टीम ने पिछली बार 2017 में फाइनल में जगह बनाई थी लेकिन तब मिताली राज की अगुवाई वाली टीम लॉर्ड्स में इंग्लैंड से रोमांचक मुकाबले में हार गई थी।

भारतीय टीम ने प्रतियोगिता की अच्छी तैयारी करते हुए इंग्लैंड के खिलाफ उसकी सरजमीं पर पहली बार टी20 अंतरराष्ट्रीय और एकदिवसीय श्रृंखला जीती और फिर गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को घरेलू सरजमीं पर कड़ी टक्कर दी लेकिन श्रृंखला में मेजबान टीम को 1-2 से हार का सामना करना पड़ा। ICC के लिए अपने कॉलम में हरमनप्रीत ने लिखा, 'हमारी विश्व कप टीम में सभी विभागों में युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का अच्छा मिश्रण है। स्मृति मंधाना, जेमिमा रोड्रिग्स, हरलीन देओल, प्रतीका रावल, ऋचा घोष और उमा छेत्री जैसी प्रतिभावान बल्लेबाज टीम में मौजूद हैं।'स्मृति ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ लगातार दो शतक जड़े जबकि उनकी साथी सलामी बल्लेबाज प्रतीका रावल ने भी बल्ले से उम्दा प्रदर्शन किया। गेंदबाजी विभाग में स्पिनरों ने विशेष रूप से सराहनीय प्रदर्शन किया है। हालांकि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हाल ही में दिल्ली में हुए निर्णायक तीसरे एकदिवसीय में भारतीय स्पिनरों ने काफी रन लुटाए थे।



हरमनप्रीत ने आगे कहा, 'गेंदबाजी भी उतनी ही प्रभावशाली है जिसमें रेणुका ठाकुर और अरुंधति रेड्डी के साथ युवा और प्रतिभावान क्रांति गौड़, श्री चरणी और राधा यादव भी हैं। इसके अलावा दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा और अमनजोत कौर के रूप में तीन ऑलराउंडर भी हैं जो मैच का रुख भारत की ओर मोड़ सकती हैं।'उन्होंने कहा, 'एक संतुलित टीम। टूर्नामेंट से पहले समर्पित और केंद्रित तैयारी।

सफलता के लिए तत्पर और दृढ़ टीम के साथ हम सकारात्मकता और विश्वास के साथ आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप में प्रवेश कर रहे हैं।' हरमनप्रीत ने 2017 में सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नाबाद 171 रन बनाकर भारतीय टीम को फाइनल में पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई थी। हरमनप्रीत ने कहा कि हालांकि सात बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के खिलाफ मुकाबला कड़ा होगा लेकिन टीम आत्मविश्वास से भरी है।

## वेस्टइंडीज टेस्ट टीम से बाहर किए जाने पर बोले करुण नायर के कोच

**नई दिल्ली।** करुण नायर के बचपन के कोच विजय मद्यालकर ने अपने पूर्व शिष्य को वेस्टइंडीज टेस्ट सीरीज से बाहर किए जाने पर अपनी चुप्पी तोड़ी है। नायर को आगामी टेस्ट सीरीज के लिए भारत की 15 सदस्यीय टीम में जगह नहीं मिल पाई। 34 वर्षीय नायर इंग्लैंड के खिलाफ एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी में ज्यादा प्रभावित नहीं कर पाए थे, जहां उन्होंने 8 पारियों में 205 रन बनाए थे, जिसमें सिर्फ एक अर्धशतक शामिल था। मद्यालकर का मानना है कि नायर एक और मौके के हकदार थे और आगामी वेस्टइंडीज सीरीज में अच्छा प्रदर्शन कर सकते थे क्यों कि वह भारतीय परिस्थितियों के लिए पूरी तरह से अनुकूल हैं। उन्होंने आगे कहा कि इंग्लैंड की परिस्थितियों में बल्लेबाजी करना आसान नहीं होता और नायर ने सीरीज के दौरान अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।



मद्यालकर ने कहा, 'मुझे उसके लिए बहुत बुरा लगा। मुझे ऐसा लगता है कि वह एक और मौके का हकदार था। लेकिन फिर से यह चयनकर्ताओं का फैसला है। वे अलग तरह से सोचते हैं।' उन्होंने आगे कहा, 'उसे इंग्लैंड में कठिन परिस्थितियों में मौका मिला। उन परिस्थितियों में, जो कोई भी सर्वश्रेष्ठ कर सकता है, उसने किया। उसने अपनी वापसी से पहले भारत में इतने रन बनाए। मुझे लगता है कि उन्हें भारत में मौका देना चाहिए था। वह अभी भारतीय परिस्थितियों के लिए सबसे उपयुक्त है। इंग्लैंड में हालात हमेशा बल्लेबाजी के लिए आसान नहीं होते।'



# कांतारा से डर तो नहीं लग रहा...?

## फैन के इस सवाल पर वरुण धवन ने दिया मजेदार जवाब

वरुण धवन और जाह्नवी कपूर की रोमांटिक कॉमेडी सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी 2 अक्टूबर को थिएटर में रिलीज होने जा रही है। इस फिल्म को लेकर ऑडियंस एक्साइटेड है। फिल्म में वरुण धवन, जाह्नवी कपूर के अलावा सान्या मल्होत्रा, रोहित सराफ, अक्षय ओबेरॉय और मनीष पॉल भी अहम किरदार निभाते दिखाई देंगे। हल्की-फुल्की कॉमेडी और रोमांस से भरपूर यह कहानी दो जोड़ों के इर्द-गिर्द घूमती है।

खास बात ये है कि जिस दिन वरुण की ये फिल्म आ रही है उसी दिन कन्नड़ फिल्म कांतारा रिलीज हो रही है। दोनों फिल्मों के क्लैश पर वरुण धवन ने रिएक्शन दिया है। 2 अक्टूबर को ही ऋषभ शेट्टी की फिल्म कांतारा: चैप्टर 1 रिलीज हो रही है। पहली फिल्म को मिली जबरदस्त सफलता के बाद फैंस प्रीसीक्वल का इंतजार कर रहे हैं। ऐसे में दो बड़ी फिल्मों के बीच की टक्कर किसी एक प्रोड्यूसर के लिए घाटे का सौदा साबित हो सकती है। अब इस बीच वरुण धवन ने दो फिल्मों की टक्कर पर अपना रिएक्शन दिया है। सोशल मीडिया पर जब एक फैन ने वरुण से पूछा, "कांतारा से डर नहीं लग रहा?" तो वरुण ने मजेदार अंदाज में जवाब दिया, "रिलीज डेट तो प्रोडक्शन वाले सेट करते हैं। हम बस अपनी फिल्म पर मेहनत कर रहे हैं और लोगों को हंसाने की कोशिश कर रहे हैं। उम्मीद है कि 2 अक्टूबर को सब लोग हंसते-मुस्कुराते और सेलिब्रेट करते नजर आएंगे।"यहीं नहीं, वरुण ने अपनी पिछली फिल्म 'बेबी जॉन' की फ्लॉप को भी बेबाकी से स्वीकार किया। उन्होंने कहा, 'हां यार, नहीं चली। सबने बहुत मेहनत की थी। इसीलिए सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी की स्क्रिप्ट पूरी तरह नई है। उम्मीद है इस बार आपको खूब मजा आएगा'।



# अक्षय कुमार ने रिजेक्ट की ये ब्लॉकबस्टर फिल्म

अक्षय कुमार ने अपने करियर में कई सक्सेसफुल फिल्में दी हैं जिन्होंने बॉक्स ऑफिस पर खूब कमाई की हैं। लेकिन कुछ ऐसी भी फिल्में हैं जिन्हें अक्षय ने रिजेक्ट भी किया। इतना ही नहीं एक फिल्म जिसे उन्होंने रिजेक्ट किया, उससे दूसरे एक्टर की किस्मत बदल गई और खिलाड़ी कुमार को फिल्म रिजेक्ट करने का अफसोस भी रहा। जिस फिल्म की हम बात कर रहे हैं वो है भाग मिल्खा भाग। यह फिल्म मिल्खा सिंह पर आधारित थी। इस फिल्म को पहले अक्षय को ऑफर किया गया था। अक्षय ने लेकिन फिल्म वन्स अपॉन टाइम इन मुंबई दोबारा के लिए इसे रिजेक्ट कर दिया था। अक्षय ने कहा था, मुझे अफसोस था कि मैंने वो फिल्म नहीं की। मुझे ऑफर हुई थी यह फिल्म, लेकिन मैंने वन्स अपॉन अ टाइम दोबारा को चुना। इसके बाद फरहान अख्तर ने इस फिल्म को हां कहा। फरहान जो इससे पहले कई फिल्मों में काम कर चुके थे, इस फिल्म ने उनकी किस्मत बदल दी थी। बतौर एक्टर यह फरहान की सबसे बड़ी सक्सेसफुल फिल्म थी। फरहान की परफॉर्मेंस को भी काफी पसंद किया गया था। मिल्खा सिंह ने इस फिल्म के लिए सिर्फ 1 रुपये लिए थे। वहीं सोनम कपूर ने 11 रुपये बतौर फीस ली थी। फिल्म के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन की बात करें तो भाग मिल्खा भाग ने वर्ल्डवाइड 168 करोड़ की कमाई की थी। वहीं इस फिल्म ने 55 अवॉर्ड्स जीते थे।


सलमान खान का रियलिटी शो बिग बॉस 19 फैंस को काफी पसंद आ रहा है। घर में ग्रुप्स बन चुके हैं। लोग एक दूसरे के खिलाफ प्लानिंग-प्लाटिंग करते नजर आ रहे हैं। इस वीकेंड के वार पर सलमान खान अमाल मलिक पर भड़कते नजर आ सकते हैं। अमाल मलिक को सलमान कान कई बार उनकी भाषा के लिए टोक चुके हैं। आज एक बार फिर वो उन्हें उनकी भाषा के लिए समझाएंगे। इतना ही नहीं, गौहर खान भी शो में मेहमान बनकर पहुंचेंगी। वो भी शो में सलमान के सामने ही अमाल मलिक पर भड़ास निकालेंगी।

# 'दोगला', अमाल मलिक पर फूटा गौहर खान का गुस्सा

## सलमान खान के सामने निकाली भड़ास




गौहर खान के देवर आवेज दरबार को बिग बॉस में लेटेस्ट एपिसोड में रोते देखा गया था। दरअसल, अमाल मलिक और बसीर ने आरोप लगाया था कि आवेज लड़कियों को सोशल मीडिया पर मैसेज करते हैं। आवेज को जब ये क्लिप दिखाई गई तो वो रोने लगे थे। अब आज वीकेंड के वार पर गौहर खान इन आरोपों को लेकर कंटेस्टेंट्स की क्लास लगाएंगी। शो का जो नया प्रोमो सामने आया है उसमें गौहर खान अमाल मलिक पर भड़कती नजर आ रही हैं। गौहर खान कहती हैं, "अमाल आपको जो कैरेक्टर आ रहा है, वो बहुत ज्यादा दोगला आ रहा है। और आप किसी के नहीं हैं।"वहीं, अपने देवर आवेज से बात करते हुए गौहर उन्हें समझाती हैं कि अगर वो अपनी लड़ाइयां खुद नहीं लड़ेंगे तो उनके लिए कौन लड़ेगा? वो उन्हें कहती हैं कि अगर वो अपने मुद्दों पर भी बात नहीं करेंगे, तो उनका इस शो में कोई चांस नहीं है।




# महेश भट्ट ने इस एक्ट्रेस को बताया बेटी आलिया से बेहतर

## कहा- उनका अंदाज तो...



महेश भट्ट जो हमेशा बेटी आलिया भट्ट की तारीफ करते हैं, उन्होंने अब कहा कि उन्हें लगता है उनकी पत्नी सोनी राजदान, आलिया से बेहतर एक्ट्रेस हैं। महेश ने खुलकर सोनी की तारीफ की है। वहीं महेश ने यह भी बताया कि आखिर क्यों उन्होंने सोनी को ज्यादा रोल नहीं दिए हैं। उन्होंने यह भी बताया कि उन्होंने आलिया को क्या सलाह दी थी सोनी की फिल्मों को देखकर। महेश ने कहा, 'मुझे सोनी राजदान बेहतर एक्टर लगती हैं आलिया से। आप सोच रहे होंगे कि मैं ऐसा क्यों कह रहा हूं। लेकिन उनका अंदाज इतना विकसित है कि उनका लाइफ पार्टनर होने के बावजूद मैं उन्हें ज्यादा रोल नहीं दे सका क्योंकि उनके स्टाइल ऑफ एक्सप्रेशन्स, बॉडी लैंग्वेज वैसी नहीं हैं जिसे हम मेनस्ट्रीम इंडिया कहते हैं।' महेश ने कहा कि आपको उनका शो देखना चाहिए जो उन्होंने बीबीसी के लिए किया था। उन्होंने संजय नाग के यॉर्स ट्रूली में भी शानदार परफॉर्मेंस दी थी जिसमें मैंने कैमियो किया था। यह उस वक्त की बात है जब आलिया बैक टै बैक हिट दे रही थीं उड़ता पंजाब की तरह। मैंने कहा आलिया इससे पहले तुम खुद पर गर्व करो कि तुमसे बेहतर कोई नहीं, जाओ अपनी मां की फिल्म देखो। वह स्मार्ट हैं और उन्होंने फिल्म देखी। बता दें कि हाल ही में न्यूज 19 से बात करते हुए सोनी ने कहा था कि मेरी पूरी लाइफ और आज भी मैं किसी की कुछ हूं। मैं खुश हूं कि मेरे आस-पास के लोग अच्छा कर रहे हैं अपनी लाइफ में। मैं शुक्रगुजार हूं, लेकिन मेरी जर्नी ऐसी ही है। सोनी, महेश की कई फिल्मों में काम कर चुकी हैं जैसे सारांश, डैडी, साथी, सड़क, गुमराह, सर और पापा कहते हैं। वहीं आलिया और महेश ने सड़क 2 में काम किया है।



# अनिल बोहरा के निर्देशन में 4 अक्टूबर को होगा मेगा म्यूजिकल शो

एसपीपी प्रोडक्शंस द्वारा आयोजित और अनिल बोहरा द्वारा डायरेक्टेड मुंबई के श्री षणमुखानंद ऑडिटोरियम में 4 अक्टूबर 2025 को एक शानदार संगीतमय कार्यक्रम होने जा रहा है महानायक महागायक - किशोर कुमार ने अमिताभ बच्चन के लिए गाने गाए हैं. मंच पर धूम मचायेंगे मशहूर पार्श्वगायक चिंतन बाकीवाला ( K फॉर किशोर फेम) और प्लेबैक सिंगर के साथ होंगी ज़ी सा रे गा मा पा की विजेता और इंडियाज़ गॉट टैलेंट की रनर अप इशिता विश्वकर्मा जिनकी सुरीली आवाज़ में गाने पेश किए जाएंगे. इस कार्यक्रम के विशेष अतिथि महान गायक सुदेश भोसले होंगे. इस मेगा शो के लिए प्रेस कॉन्फ्रेंस ग्रेविटी स्टूडियो में की गई जहां इसकी घोषणा हुई। प्रतिभाशाली गायक चिंतन बाकीवाला किशोर दा की आवाज़ और अमिताभ के अंदाज़ का जश्न स्टेज पर मनाएँगे. किशोर कुमार की भावपूर्ण आवाज़ को ₹के फॉर किशोर₹ से प्रसिद्ध, चिंतन बाकीवाला पेश करेंगे. संगीत उनकी जीवनरेखा है और उनकी हर प्रस्तुति दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देती है। लगभग हर मूड के एल्बम वाले गायक हैं चिंतन बाकीवाला. इशिता विश्वकर्मा ज़ीटीवी सारेगामापा 2019 की विजेता हैं. सोनी टीवी इंडियाज़ गॉट टैलेंट 2022 की फर्स्ट रनरअप हैं. पार्श्व गायिका ने अरिजीत सिंह के साथ फ़िल्म प्यार है तो है (2023) से डेब्यू किया था. लंदन, कनाडा, अफ्रीका, दुबई, तंजानिया, रूस, नीदरलैंड और कई अन्य देशों में आयोजित संगीत समारोहों में लता मंगेशकर जी के अविस्मरणीय संगीत कार्यक्रमों को प्रस्तुत करने के लिए छोटी लता जी के रूप में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त हैं.प्रेस कांफ्रेंस में चिंतन बाकीवाला ने किशोर कुमार के प्रति अपने प्रेम के बारे मे बताया और कहा कि यह बहुत खास शो होने वाला है.





# द बैड्स ऑफ बॉलीवुड का सीजन 2 कंफर्म

## रजत बेदी ने कहा- मुझे आशा है कि...

आर्यन खान की डेब्यू सीरीज द बैड्स ऑफ बॉलीवुड का पहला सीजन नेटफ्लिक्स पर धूम मचा रहा है। यह सीरीज ग्लोबल टॉप 10 (नॉन इंग्लिश) की लिस्ट में नंबर चार पर अपनी जगह बनाने में कामयाब हुआ है। शो को सोशल मीडिया पर काफी पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिला है। पहले सीजन की सफलता के बीच शो के दूसरे सीजन की बात चल रही है। एक्टर रजत बेदी ने शो का सीजन 2 कंफर्म किया है।

सीरीज में जराज सक्सेना का किरदार निभाने वाले रजत बेदी ने कहा कि सीजन 2 हो रहा है। खास बातचीत में रजत ने कहा, ₹हां, सीजन 2 हो रहा है। उसपर काम चल रहा है। मुझे आशा है कि ऑडियंस सीजन 2 में मुझे और ज्यादा देखेगी।₹ रजत बेदी ने इस शो से लंबे वक्त के बाद पर्दे पर वापसी की है। इस शो में उनके किरदार को भी खूब पसंद किया जा रहा है। शो में उनके किरदार को मिल रही प्रतिक्रिया को लेकर बात करते हुए रजत ने कहा, "यह अविश्वसनीय है! सिर्फ मैं नहीं बल्कि मेरा पूरा परिवार- मेरा बेटा, मेरी बेटी, मेरी पत्नी- हर कोई ये महसूस कर रहा है कि जैसे भगवान ने हमें सब एक साथ दे दिया हो।" रजत ने कहा कि उन्हें लग रहा है कि उनके जीवन ने यू-टर्न लिया है। मुझे पूरी दुनिया से बहुत प्यार मिल रहा है। उन्होंने कहा कि मुश्किल का दौर हट गया है और अब सूरज चमक रहा है। शायद कोई और चीज इसलिए काम नहीं की क्योंकि द बैड्स ऑफ बॉलीवुड होना था। भगवान का मेरे लिए प्लान था।

# एकता कपूर कोरियन ड्रामा में आएंगी नजर?



प्रोड्यूसर एकता कपूर ने अपने करियर में कई हिट टीवी सीरियल बनाए हैं, ज्यादातर के नाम की शुरुआत 'क' शब्द से होती थी। इसमें 'कसौटी जिंदगी की' से लेकर 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' जैसे सीरियल शामिल रहे। हाल ही में एक पोस्ट के जरिए एकता ने कोरियल ड्रामा में शामिल होने वाली खबर को लेकर अपडेट दिया।

### सच में एकता कोरियन ड्रामा का पार्ट बनेंगी?

अपने इंस्टाग्राम पेज के स्टोरी सेक्शन में एकता कपूर ने एक स्टोरी पोस्ट की। इसमें वह कहती हैं, 'मैं ओजी क्वीन हूं 'K ड्रामा' की (क्योंकि जैसे सीरियल को लेकर कही ये बात)। मैं आपके लिए एक अपडेट लाई हूं। मैं कोरियन ड्रामा में नजर आऊंगी।'



बॉलीवुड एक्टर विवेक ओबेरॉय की जिंदगी कई तरह के स्ट्रगल से भरी रही है। एक्टर सुरेश ओबेरॉय के बेटे होने के बाद भी उन्हें इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाने के लिए कड़ी मेहनत से गुजरना पड़ा। प्रोफेशनल लाइफ के साथ उनकी निजी जिंदगी में भी तूफान आते रहे। अब हाल में एक्टर ने बताया कि उन्हें किसी से बिछड़ने में डर लगता है क्योंकि उनकी पहली प्रेमिका कैंसर से जंग हार गई थी। इस घटना से उबरने में उन्हें लंबा समय लगा था। प्रखर गुप्ता के यूट्यूब चैनल पर पहुंचे विवेक ने बताया कि उन्हें सबसे पहले प्यार 13 साल की उम्र में हुआ था। उन्हें हमेशा से लगता था कि जब वो बड़े होंगे तो एक दिन इसी लड़की से शादी करते। लेकिन उस लड़की का कैंसर से निधन हो गया। विवेक ने बताया, ₹जब मैं 13 साल का था, तब हमें प्यार हो गया था, और यह उस तरह का 'बच्चों वाला प्यार' था जिसमें हम एक-दूसरे को कार्ड देते थे। मुझे पूरा यकीन था कि जब मैं बड़ा होऊंगा, तो मैं उसी से शादी करूंगा और हमने शादी करने, बच्चे पैदा करने और बाकी जिंदगी साथ बिताने के बारे में सोचा था। अचानक, वह चली गई। जनवरी में उसका निदान हुआ, और मार्च तक वह चल बसी।"विवेक ने बताया कि उस समय उनकी उम्र 18 साल की थी और उनकी प्रेमिका की उम्र 17 साल थी। एक्टर ने बताया कि उनके लिए दोबारा प्यार में आना मुश्किल था। उनका दिल बुरी तरह से टूट गया था। वो अपने जीवन में किसी को खोने से डरते हैं।

# कैंसर से हुई थी विवेक ओबेरॉय की पहली प्रेमिका की डेथ





# अविका गौर की शादी से पहले इमोशनल हुईं मां

## बोलीं- पता ही नहीं चला कब...

अविका गौर काफी समय से मिलिंद चांदवानी के साथ रिलेशन में हैं। अब दोनों का ये बॉयफ्रेंड-गर्लफ्रेंड वाला रिलेशन पति-पत्नी में बदलने वाला है। दोनों की जल्द शादी होने वाली है और वो भी शो पति, पत्नी और पंगा में। अविका की शादी से उनके पैरेंट्स काफी इमोशनल हैं और अब उन्होंने अपनी बेटी और दामाद की शादी और रिश्ते पर बात की।

टेली टॉक से बात करते हुए अविका के पिता ने मिलिंद की तारीफ करते हुए उन्हें स्मार्ट और इंटेलिजेंट कहा। उन्होंने कहा मिलिंद काफी सेंसिबल हैं और अविका को समझते हैं। सच कहें तो हमें नहीं लगता कि हम बेटी को खो रहे हैं, हमें लगता है हमें बेटा मिल रहा है। उन्होंने फिर पति, पत्नी और पंगा की टीम को शुक्रिया कहा जिन्होंने इतने अच्छे अरेंजमेंट्स किए प्री वेडिंग के। अविका के पैरेंट्स ने यह भी बताया कि शादी परिवार वालों के रिचुअल्स के हिसाब से होंगे। आंखों में आंसू रखकर अविका की मां बोलती हैं पता ही नहीं चला इतनी बड़ी हो गई कि जाने का टाइम आ गया। अविका और मिलिंद की रोका सेरेमनी 11 जून को हुई थी। रोका की फोटोज शेयर कर अविका ने लिखा था, 'मैं हंसी, मैं रोई और मैं चिल्लाई अपनी लाइफ का सबसे आसान हां बोलते हुए। मैं पूरी फिल्मी हूं, स्लो-मो सपने, मस्कारा लगाना और सब। वह लॉजिकल, काल्म और चलो फर्स्ट एड किट लेकर चलते हैं वाला टाइप। मैं ड्रामा मैनिफेस्ट करती हूं, हवा में हाथ फैलाते हुए, आंखों में आंसू और मेरे दिमाग में जीरो नेटवर्क होते हैं क्योंकि रियल लव? हमेशा परफेक्ट ना हो, लेकिन मैजिकल हो।

# सांस्कृतिक मंत्री आशीष शेलार ने 360-डिग्री सिनेमा का किया उद्घाटन

महाराष्ट्र के सांस्कृतिक मंत्री, एडवोकेट आशीष शेलार ने दादासाहेब फाल्के फिल्मसिटी, गोरेगांव (पूर्व) स्थित बॉलीवुड पार्क में बहुप्रतीक्षित 360-डिग्री सिनेमा का उद्घाटन किया। इस अवसर पर फिल्मसिटी की प्रबंध निदेशक स्वाति मसे पाटिल, सह-प्रबंधक साजणीकर, बॉलीवुड पार्क के निदेशक संतोष मिजगर और चिराग शाह सहित मनोरंजन जगत के कई गणमान्य अतिथि उपस्थित थे। इस मौके पर आशीष शेलार ने कहा कि 360-डिग्री सिनेमा जैसी अभिनव सुविधा न केवल पर्यटकों को नया अनुभव देगी बल्कि महाराष्ट्र की सांस्कृतिक और पर्यटन पहचान को और अधिक सशक्त बनाएगी।बॉलीवुड पार्क के निदेशक संतोष मिजगर ने इस विशेष अवधारणा के बारे में जानकारी देते हुए कहा: "360-डिग्री सिनेमा एक अनोखा अनुभव है जिसमें दर्शक खुद को पूरी तरह फिल्म से घिरा हुआ महसूस करते हैं। दर्शक जहाँ भी देखते हैं, उन्हें वही फिल्म दिखाई देती है और ऐसा लगता है मानो वे खुद कहानी का हिस्सा बन गए हों।"



उन्होंने आगे बताया कि यह तकनीक दर्शकों को देती है: रोमांचक और वास्तविक अनुभव – गहरे समुद्र में गोता लगाना, अंतरिक्ष की यात्रा, ज्वालामुखी का फटना या जंगल सफारी – सब कुछ बिल्कुल असली लगता है। शिक्षा और मनोरंजन का संगम – बच्चों के लिए विज्ञान, प्रकृति और रोमांच से जुड़ी फिल्में, वहीं परिवार के लिए नया और अनोखा अनुभव।